माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 8, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



बजट 2024

## लोकलुभावन घोषणाओं से दूर, सुधारों पर जोर

# आस का बजट





*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अगले वित्त वर्ष के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला अंतरिम बजट पेश किया, जिसमें लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज किया गया। उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए एक तरफ जहां आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव दिया है, वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे जीडीपी का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया गया। इससे पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए अंतरिम बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री का नाम पुकारा। इसके बाद सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। उन्होंने राजकोषीय नीति 2024-25 को भी सदन के पटल पर रखा।*

## टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं
## नौकरीपेशा को कोई फायदा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

**11.11** लाख करोड़ रुपये रखा गया बजट में पूंजीगत व्यय

**5.1%** रहने का अनुमान है राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में

**4.5%** पर राजकोषीय घाटे को लाने का रखा है लक्ष्य

सीतारमण ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कोई राहत नहीं दी। हालांकि 25,000 रुपये तक के छोटी राशि के कर मांग को लेकर विवाद से आम लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया। एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण में उन्होंने पिछले 10 साल में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा, जिससे देश 'नाजुक अर्थव्यवस्था' की श्रेणी से बाहर निकल कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रखा गया। वहीं, चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान है। राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वित्तमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले की हर चुनौती को आर्थिक प्रबंधन और बेहतर राजकाज के माध्यम से दूर किया गया जा चुका है। सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार अपने जुलाई के बजट में भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा पेश करेगी। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा, सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत के आधार पर सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाएगी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों तथा संबंधित पक्षों के साथ आम सहमति बनाएगी। चालू वित्त वर्ष के लिए कुल प्राप्तियां 30.03 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह बजट अनुमान से अधिक है। यह अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाता है। सीतारमण ने कहा, 'हम राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। हमने राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा है और इस पर आगे बढ़ रहे हैं।



गुरुवार को नई दिल्ली में अंतरिम बजट 2024 पेश करने से पहले वित्त मंत्रालय के बाहर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड और पंकज चौधरी और अन्य अधिकारियों के साथ तस्वीरें खिंचवाते हुए। ● एजेंसी

## ये बजट युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब

*इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी एलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।*


*– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी*

## आयकर स्लैब की दरों में नहीं किया बदलाव





नई दिल्ली। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट भाषण में कहा कि आयात शुल्क समेत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि आयकर स्लैब की दरें पहले की तरह बनी रहेगी। दोनों कर व्यवस्था में कर राहत दी गई है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर कानून की धारा 87ए के तहत सात लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्ति कर छूट के पात्र होंगे। वहीं पुरानी व्यवस्था के तहत कर का भुगतान करने वालों के लिए छूट की सीमा पांच लाख रुपये बनी हुई है।

### पुरानी व्यवस्था के तहत कर दर (रुपये में)




### नई व्यवस्था के तहत कर दर (रुपये में)




## फसल संबंधी गतिविधियों में निवेश को बढ़ावा देगी सरकार

सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए नए कदम उठा रही है और अब उसकी योजना फसल कटाई के बाद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के वास्ते निजी तथा सार्वजनिक निवेश पर ध्यान केंद्रित करना है। किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास तेज किए जाएंगे और इसके तहत खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## स्टार्टअप निवेश पर कर प्रोत्साहन को एक साल के लिए बढ़ाया



अंतरिम बजट में स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश पर कर प्रोत्साहन को मार्च, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश के लिए कुछ कर लाभ और साथ ही कुछ आईएफएससी (अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) इकाइयों की कुछ आय पर कर छूट 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रही है।

## सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण को बढ़ावा



सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों के टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्रीय अंतरिम बजट 2024-2025 पेश करते हुए यह घोषणा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि वह देश में सर्वाइकल कैंसर के मामलों पर बारीकी से नजर रख रहा है और राज्यों तथा विभिन्न स्वास्थ्य विभागों के साथ नियमित संपर्क में है।

## सरकार का फोकस... गरीब महिला, युवा और अन्नदाता पर

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख जातियों- गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। सीतारमण ने कहा कि उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तब होती है, जब इन चारों जातियों से जुड़े लोग प्रगति करते हैं। इन चारों जातियों के लोगों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास में सरकारी सहायता की आवश्यकता है और उन्हें सरकारी सहायता मिल भी रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके सशक्तीकरण से और उनके कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक शासन पद्धति है। भ्रष्टाचार में कमी से पारदर्शिता आई है और सभी पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## इस बार रक्षा क्षेत्र के लिए सबसे अधिक बजट



2024-25 के अंतरिम केंद्रीय बजट में रक्षा खर्च में अन्य मंत्रालयों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि की गई है। गुरुवार को संसद में पेश किए गए बजट में पिछले साल के 5.95 लाख करोड़ के मुकाबले 4.72 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए इसे 6.21 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। पीआईबी के मुताबिक, यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में रक्षा बजट का 1.72 लाख करोड़ रुपये सेना पर पूंजीगत खर्च के लिए अलग रखा गया है, जिसमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य हार्डवेयर की खरीद शामिल है।

## वंदे भारत की तरह बदले जाएंगे 40 हजार डिब्बे



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को "वंदे भारत" मानकों के अनुरूप बदला जाएगा और तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने लोकसभा में 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिसके परिणामस्वरूप अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि समर्पित मालभाड़ा गलियारों के साथ-साथ तीन आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की विकास दर बढ़ेगी तथा रसद व्यवस्था संबंधी लागत में भी कमी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिनमें ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, पत्तन संपर्क गलियारा और अधिक यातायात वाले गलियारे शामिल हैं।

**उम्मीद** मध्यम वर्ग के लिए आएगी नई आवास योजना, पीएम ग्रामीण योजना के तहत अब तक दिए गए 3 करोड़ घर

## अगले पांच साल में दो करोड़ नए घर देगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

### वैश्विक महामारी में भी चलती रही योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद इस योजना का कार्यान्वयन जारी रहा और सरकार तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य प्राप्त करने के करीब है। उन्होंने कहा कि परिवारों की संख्या में वृद्धि होने से बढ़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।



अंतरिम बजट में अन्य क्षेत्रों की तरह आवासीय क्षेत्र को लेकर भी कई अहम ऐलान हुए हैं। बजट में वित्त मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के लोगों को किफायती घर मुहैया कराने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना जून 2015 में 'सभी के लिए आवास' के उद्देश्य से शुरू की गई थी। योजना की मौजूदा समय सीमा दिसंबर 2024 को पांच साल तक बढ़ाया गया है। पीएम ग्रामीण योजना के तहत 3 करोड़ घर दिए गए हैं वहीं अगले पांच वर्षों में इसमें 2 करोड़ नए आशियाने बनाए जाएंगे। निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि केंद्र सरकार मध्यम वर्ग को आवास देने के लिए एक योजना शुरू करेगी। सीतारमण ने चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2024-25 अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में समावेशी विकास के हिस्से के रूप में हर एक को मकान, पानी, बिजली, रसोई गैस और बैंक खाता उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। सरकार किराये के घर अथवा झुग्गी-बस्ती या चाल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के पात्र लोगों को अपने मकान खरीदने या बनाने में सहायता करने के लिए योजना लाएगी।

## आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी होंगे आयुष्मान भारत के दायरे में



अंतरिम बजट में आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य देखभाल के दायरे में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लाने की घोषणा की। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। पिछले साल 27 दिसंबर तक इस योजना के दायरे में 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ लोग थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को पर्याप्त और समय पर वित्तपोषण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज

# अंतरिम बजटः जीडीपी यानी गवर्नेंस डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की झलक

## बजट पेश करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में राजकोषीय घाटे पर बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह सिर्फ चुनावों से पहले पेश किया गया अंतरिम बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में देश की जीडीपी (जीडीपी) यानी गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की जानकारी दी गई है। गवर्नेंस की बात करें तो यह बजट उन क्षेत्रों की ओर हमारा ध्यान खींचता है, जहां हमने विकास किया है।

हमने अर्थव्यवस्था को सही इरादों, सही नीतियों और सही निर्णयों के साथ प्रबंधित किया है। डी यानी डेवलपमेंट की बात करें तो लोग बेहतर ढंग से रह रहे हैं और बेहतर कमाई कर रहे हैं। भविष्य के लिए उनकी उच्च आकांक्षाएं है। वित्तमंत्री ने कि ''पी'' यानी परफॉर्मेंस की बात करें तो लगातार तीन वर्षों में 7 प्रतिशत वृद्धि दर हासिल की गई है। हमारा देश जी-20 में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और देश के सभी हिस्से विकास में अपना योगदान दे रहे हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया, "बजट घाटा या राजकोषीय घाटा 5.8 प्रतिशत है, जो 5.9 से कम है। इसी तरह 2024-25 के बजट के लिए हमने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्री के अनुसार आंकड़े स्पष्ट रूप से संकेत दे रहे हैं कि हम 2021-22 में निर्धारित लक्ष्य जिसके तहत वित्त वर्ष 26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत या उससे भी कम किया जाना है, हासिल करने के रास्ते पर हैं।



बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विस्तृत जानकारी देतीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण।

## सरकार गठन के बाद आम बजट में पेश होगा देश का रोड मैप

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ अंतरिम बजट पेश करने के बाद बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

**अमृत विचारः** संसद में अंतरिम बजट पेश करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है की देश का आम बजट लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा की आम बजट में भारत को विकसित बनाने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों का रोड मैप प्रस्तुत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव होने के कारण संसद के आखिरी सत्र में आम बजट पेश करने के बजाय अंतरिम बजट पेश किया गया और वित्तमंत्री का बजटीय भाषण समाप्त होते ही लोकसभा में अंतरिम बजट को ध्वनिमत से पारित भी कर दिया गया।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद जून-जुलाई तक नई सरकार का गठन हो जाएगा और उसके बाद आम बजट पेश किया जाएगा, जिसमें भारत को विकसित बनाने के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

लोकसभा में अंतरिम बजट पास होने के बाद अब राज्यसभा में शुक्रवार को इस पर चर्चा होगी। माना जा रहा है कि शुक्रवार को ही राज्यसभा में भी अंतिम बजट पास हो जाएगा।

## बजट में स्वर्ण ऊर्जा को बढ़ावा, आयुष्मान भारत का बड़ा दायरा

**शिमला, एजेंसी।** केंद्र सरकार का अंतरिम बजट आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान रखते हुए प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है और हमारे लिए प्रसन्नता का विषय यह है कि उनके मजबूत नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है।


▸▸ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अंतरिम बजट पर दी प्रतिक्रिया

भाजपा नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत के आगे बढ़ने के साथ-साथ भारत की प्रतिष्ठा विश्व के मानचित्र पर एक अलग पहचान के साथ खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से सभी बातों के लिए श्रेय जाता है तो देश के प्रधानमंत्री को जाता है।

## आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करेगा अंतरिम बजटः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करने वाला करार दिया है। योगी ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद दिया। योगी ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में लोकसभा में प्रस्तुत अंतरिम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग के सपनों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।



उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लखपति दीदी योजना के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। साथ ही, आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय स्वागत योग्य है मुख्यमंत्री के मुताबिक, सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य तय किया है। यह योजना गरीबों के लिए पक्के घर की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

वहीं, तीन नए रेल कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य और 40 हजार रेल डिब्बो को वंदे भारत में बदलने का निर्णय आने वाले वर्षों में औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करेगा।

## दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ाकर तीन करोड़ किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि सरकार ने 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करने का फैसला किया है। 'लखपति दीदी' योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में महिलाओं को प्रशिक्षण देना है, ताकि वे प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये की स्थायी आय अर्जित कर सकें। संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि नौ करोड़ महिलाओं वाले 83 लाख स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'नौ करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख एसएचजी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उनकी सफलता ने पहले ही लगभग एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने में मदद की है। वे दूसरों के लिए प्रेरणा हैं।'

▸▸ वित्तमंत्री ने की घोषणा, योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं को जोड़ना

## चीन सीमा पर आधारभूत ढांचा मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ लद्दाख में न्योमा एयर फील्ड समेत कई परियोजनाओं पर ध्यान

अंतरिम बजट में चीन की सीमा से लगे क्षेत्रों में बुनियादी रक्षा ढांचे के लिए 6,500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत और 2021-22 के मुकाबले 160 प्रतिशत अधिक है।

रक्षा बजट में लद्दाख में समुद्र तल से 13,700 फुट ऊंचाई पर न्योमा एयर फील्ड, अंडमान निकोबार द्वीप में स्थानीय पुल कनेक्टिविटी, हिमाचल प्रदेश में 4.1 किलोमीटर लंबी शिंकू ला टनल का निर्माण, अरुणाचल प्रदेश में नेचिफू टनल निर्माण समेत कई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने यह भी घोषणा की कि रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करने और क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

रक्षा बजट में कुल राजस्व व्यय 4,39,300 करोड़ रुपये आंका गया है, जिसमें रक्षा पेंशन के लिए 1,41,205 करोड़ रुपये, रक्षा सेवाओं के लिए 2,82,772 करोड़ रुपये और रक्षा मंत्रालय (सिविल) के लिए 15,322 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस साल के रक्षा बजट का 27.67 प्रतिशत पूंजीगत खर्च, 14.82 प्रतिशत सेना की तैयारी के लिए, 30.68 प्रतिशत वेतन भत्तों और 22.72 प्रतिशत रक्षा पेंशन पर खर्च किया जाएगा।

## बजट पर अपनी-अपनी राय

### मोदी सरकार की उपलब्धियों पर रोशनी डालता है बजट भाषण : अमित शाह



केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। बजट भाषण भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की मोदी सरकार की यात्रा में पिछले 10 वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों पर रोशनी डालता है। इन कार्यों की बुनियाद पर विकसित भारत की भव्य इमारत खड़ी की जा रही है। इस उत्कृष्ट यात्रा के माध्यम से देश का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी का और गहरी सोच वाले बजट भाषण के लिए वित्त मंत्री निर्मली सीतारमण जी का हृदय से आभार।

### अनुसंधान-विकास के लिए 1 लाख करोड़ की पूंजी बाजी पलटने वाली नीति : धर्मेंद्र प्रधान



निजी क्षेत्र के अनुसंधान एवं अभिनव प्रयासों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 1 लाख करोड़ अनुसंधान कोष पूंजी बाजी पलटने वाली नीति होगी। भारत का युवा अब उस स्तर पर पहुंच गया है, जहां उसके पास वैश्विक चुनौतियों एवं जरूरतों को पूरा करने के साथ भारत की आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति करने के लिए शक्ति और क्षमता है। यह कोष भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की जरूरतों को पूरा करने में काफी मदद करेगा।

### अंतरिम बजट शब्दों का मायाजाल, गरीबों-मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं : खरगे



मैंने बजट भाषण सुना। मैंने सोचा था कि वित्त मंत्री गरीब और मध्यम वर्ग के लिए नई योजनाएं लाएंगी। उनकी तकलीफों को कम करने के लिए कुछ घोषणाएं होंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। हर साल की तरह मोदी सरकार का अंतरिम बजट केवल रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल है। इसमें ठोस कुछ नहीं है, बड़े-बड़े और खोखले दावे करना इस सरकार की आदत है।

### अंतरिम बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं : शत्रुघ्न सिन्हा



वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में युवाओं या गरीबों के लिए कुछ नहीं है। यह अंतरिम बजट इस सरकार का आखिरी बजट है। इसमें ढेर सारी बातें कही गई हैं। उन्होंने ऐसी योजनाएं घोषित की हैं, जो 2047, 2050 में पूरी होंगी। ये योजनाएं तो रहेंगी, लेकिन इनका क्रियान्वयन नई सरकार करेगी। इस बजट से ज्यादा उम्मीद नहीं है। फिर भी लोग बड़े ध्यान से देख रहे हैं कि कैसे सरकार मुख्य मुद्दों बेरोजगारी, गरीब, युवाओं और किसानों की आय दोगुनी करने के मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

### केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य : नीतीश



इस बजट में उच्च शिक्षा के लिए ऋण की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। तीन नए रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरुआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आएगी। सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लाएगी, जिसके तहत किराए के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है।

### बजट जमीनी वास्तविकता से दूरः मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव से पूर्व संसद में पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई मंहगाई आदि से त्रस्त जीवन को नकारना अति-दु:खद व चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहां 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने वाला बजट



महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए हैं। दस वर्षों में उच्चतर शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेम पाठ्यक्रमों में तैंतालीस प्रतिशत नामांकन बालिकाओं और महिलाओं का है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। आशा बहनों को आयुष्मान के अंतर्गत कवर किया जाना। ये सभी प्रयास महिला सशक्तिकरण एवम आत्मनिर्भर आधी आबादी के लक्ष्य पूर्ति में सहायक सिद्ध होंगे। यह बजट विकसित भारत की दिशा में एक ठोस कदम है। **-स्मिता मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज, लखनऊ**

## बजट में किसान

## कृषि और किसानों के लिए 1.27 लाख करोड़ का आवंटन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने को शुरू होगा 'आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट के केंद्र में गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता रहे। अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि और किसानों के लिए भी इस बजट में कई घोषणाएं की गईं। बजट में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

लोकसभा चुनावों से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में सरकार ने ग्रामीण विकास पर जोर दिया है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में बताया कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। पीएम-किसान सम्मान योजना के अंतर्गत हर वर्ष सीमांत और छोटे किसानों सहित 11.8 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा प्रदान किया गया है। अनेक दूसरे कार्यक्रमों के अलावा इन उपायों से 'अन्नदाता' को देश और पूरी दुनिया के लिए अन्न पैदा करने में सहायता दी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ने 1361 मंडियों को एकीकृत कर दिया है और इसमें 3 लाख करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार हो रहा है और 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि-क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्चतर संवृद्धि और उत्पादकता की ओर अग्रसर है। इन्हें कृषक-केंद्रित नीतियां लाकर, किसानों को उनके आय अर्जन में सहायता देकर, कीमत और बीमा के माध्यम से जोखिम कवरेज देकर, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचारों को बढ़ावा देकर सुगम किया गया है।



### कृषि क्षेत्र के लिए अहम घोषणाएं...

- सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देगी।
- सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो-डीएपी के इस्तेमाल का विस्तार किया जाएगा।
- तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए ''आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'' शुरू किया जाएगा।
- डेयरी विकास के लिए व्यापक कार्यक्रम बनाया जाएगा।
- जलीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने, निर्यात दोगुना करने और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जाएगा।
- पांच एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित किए जाएंगे।

## राहत कम, उपलब्धियों का बखान ज्यादा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**विश्लेषण**

● किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं, वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में कोई छूट नहीं मिली

**अमृत विचारः** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में चुनावी वर्ष की छाया दूर-दूर तक नजर नहीं आई। जनता को तमाम उम्मीदें थीं। करदाताओं, उद्यमियों, व्यापारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को कोई राहत नहीं मिली है। गरीबों, महिलाओं, युवा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई योजनाओं का ऐलान किया गया है। कुल मिलाकर अंतरिम बजट में आम नागरिकों को राहत काम और सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का गुणगान ज्यादा किया गया है।

वित्तमंत्री ने अंतरिम बजट में किसी खास नई घोषणा का ऐलान नहीं किया है। बजट भाषण में उन्होंने ज्वलंत मुद्दों की एक रूपरेखा को भी प्रस्तुत किया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए उन्हें सभी योजनाओं को अगले वर्ष भी जारी रखने का ऐलान किया गया है। बजट में करोड़ों करदाताओं, आम नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वर्तमान आयकर ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसी तरह किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। वित्तमंत्री ने किसानों को अन्नदाता बताकर एक तरह से सम्मानित किया है, बल्कि उनकी किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है।

महिलाओं के लिए भी कोई नई योजना के बजाय पुरानी योजनाओं को ही आगे बढ़ा दिया गया है। जैसे लखपति दीदी के दायरे को 3 करोड़ तक कर दिया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे से कोई छूट नहीं मिलेगी। साथ ही आम रेलवे यात्रियों को भी रेल किराए में किसी भी तरह की छूट नहीं मिलेगी।

पर्यटन को लगेंगे पंख | अंतरिम बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर जोर

## लक्षद्वीप समेत द्वीप समूहों की सूरत बदलेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कई परियोजनाओं का जिक्र किया। बजट भाषण में रेलवे से लेकर पर्यटन को बढ़ावा देने तक पर जोर दिया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि घेरलू पर्यटन के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह पर खरा उतरने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीप समूहों के विकास पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप और अन्य द्वीप समूहों में यातायात सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। पर्यटन अवसंरचना, पत्तन संपर्क और सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। इससे न केवल पर्यटन में बढ़ोतरी होगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा।



निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि जी-20 बैठकों के दौरान दुनियाभर के लोगों ने भारत की विविधता को बेहद करीब से देखा है। हमारा देश पर्यटन के लिए एक बड़ा स्थान बनकर सामने उभरा है। साथ ही कहा कि मध्यम वर्ग भी अब पर्यटन के लिए जाने लगा है। वे अब नए-नए स्थानों के बारे में जानने की रूचि करता है। पर्यटन का दायरा बहुत बढ़ा है। पर्यटन को सुदृढ़ करने के लिए विकास पर जोर दिया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जाएगी। साथ ही पर्यटन केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए फ्रेमवर्क बनाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसे कार्यकलापों का वित्तपोषण करने के लिए राज्यों को मैचिंग आधार पर ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋृा दिया जाएगा।

### घरेली द्वीप समूहों के विकास पर जोर

हाल ही में लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया था। प्रधानमंत्री का घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने की बात पड़ोसी द्वीप देश मालदीव को रास नहीं आई। मोदी के पोस्ट पर मालदीव के मंत्रियों ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी, जिसके बाद भारत और मालदीव के संबंधों में खटास पैदा हुई थी। हालांकि मालदीव के मंत्रियों ने अपनी टिप्पणियों को सोशल मीडिया से पोस्ट हटा दिया था। अंतरिम बजट में लक्षद्वीप और द्वीप समूहों में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 8, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत 16
कॉकटेल 2 में दिखेंगी सारा अली और अनन्या पांडे 15




## एक नजर

### पूर्व राजनयिक संजय वर्मा यूपीएससी के सदस्य नियुक्त

नई दिल्ली। पूर्व राजनयिक संजय वर्मा को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी वर्मा ने गुरुवार को यहां यूपीएससी सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने उन्हें शपथ दिलाई। आयोग आईएएस, आईएफएस और आईपीएस सहित अन्य के वास्ते अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। यूपीएससी सदस्य को छह साल की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु होने तक नियुक्त किया जाता है।

### संजय सिंह ने सत्र में भाग लेने को मांगी अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह की उस अर्जी पर दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्होंने मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने ईडी को 3 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

### झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने पदभार छोड़ा

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के एक दिन बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव का पदभार छोड़ दिया है। चौबे ने अन्य अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं। चौबे ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव था। जब मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया तो मुझे प्रधान सचिव पद छोड़ना पड़ा। मैंने अन्य सभी अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं।

### आज जारी होगा समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा प्रवेश पत्र

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) शुक्रवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) 2023 प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करेगा। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आयोग की वेबसाइट से ही अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउन लोड करेंगे। परीक्षा 11 फरवरी को प्रदेश के 40 शहरों में आयोजित होने जा रही है। परीक्षा दो पाली में होगी। आरओ एवं एआरओ के कुल 411 पदों के लिए 10 लाख 69 हजार 725 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पहली बार इस परीक्षा में इतनी बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं।

# हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत, रिमांड पर आज होगा फैसला

## ईडी ने पीएमएलए अदालत से मांगी थी पूर्व मुख्यमंत्री की 10 दिन की रिमांड

रांची, एजेंसी

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वकीलों ने यह जानकारी दी। ईडी ने सोरेन का 10 दिन का रिमांड मांगा था। अदालत ने अपना आदेश शुक्रवार के लिए सुरक्षित रख लिया। वकीलों ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोरेन की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत के बाहर बताया कि झामुमो नेता को आदेश पारित होने तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरा मामला गलत मंशा से प्रेरित है। यह सरकार गिराने की साजिश है। पूरी कार्यवाही में पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उनकी गिरफ्तारी तब की गई जब उनका बयान दर्ज करने की कार्रवाई जारी थी, जो गैरकानूनी है। हेमंत सोरेन को बुधवार रात यहां धनशोधन मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। झामुमो नेता को यहां बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले जाया गया। जेल ले जाने के लिए जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री को अदालत के बाहर लाया गया, उनके समर्थकों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए।



कोर्ट में पेशी के लिए जाते पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### गिरफ्तारी को शीर्ष कोर्ट में चुनौती, आज सुनवाई

नई दिल्ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन की धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। सोरेन ने पहले झारखंड उच्च न्यायालय में गिरफ्तारी को चुनौती दी और गुरुवर अपने वकीलों के माध्यम से उच्चतम न्यायालय का रुख किया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हुई।

### चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया जिसपर राज्यपाल ने कहा कि वह जल्द विचार कर सूचित करेंगे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को समय मिलने के बाद आज चंपई सोरेन के साथ चार अन्य विधायक राजभवन पहुंचे। राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राजभवन से बाहर निकलकर सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि राज्यपाल ने कहा कि जल्द विचार कर सूचित करेंगे। कहा कि हमारे पास पर्याप्त विधायकों का समर्थन प्राप्त है। 43 विधायकों का समर्थन हमने राज्यपाल को सौंपा है। यह संख्या शुक्रवार तक 47 हो जाएगी। विधायक प्रदीप यादव ने बताया कि राज्यपाल ने कहा कि मैं विधि-विशेषज्ञों से राय ले रहा हूं और जल्दी ही बुलावा भेजूंगा।

### झामुमो विधायकों को भेजा जा सकता है राज्य से बाहर

रांची। झारखंड में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायकों को भाजपा की ओर से लुभाए जाने के किसी भी प्रयास को नाकाम करने के लिए उन्हें हैदराबाद भेजा जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि हमारे विधायकों को हैदराबाद ले जाने के लिए 12 और 37 सीट वाले दो चार्टर्ड विमान बुक किए गए हैं। वहीं, एक विधायक ने कहा कि सरकार गठन के लिए राजभवन से आमंत्रण मिलने में देरी की सूरत में भाजपा की ओर से विधायकों को तोड़ा जा सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाए मुस्लिम पक्ष

ज्ञानवापी मामला

- उच्चतम न्यायालय ने खारिज की अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति को वाराणसी की जिला अदालत के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख करने का गुरुवार को निर्देश दिया। वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से संपर्क किया और मामले में तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। रजिस्ट्रार ने उन्हें बताया कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा है।

अपनी अर्जियों में अधिवक्ता निजाम पाशा और फुजैल अहमद अय्यूबी ने कहा कि आदेश की आड़ में स्थानीय प्रशासन ने बेहद जल्दबाजी में उक्त स्थल में भारी पुलिसबल तैनात किया है और वह मस्जिद के दक्षिणी हिस्से में लगे जाल को काटने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास रात के अंधेरे में इतनी जल्दबाजी में यह काम करने का कोई कारण है क्योंकि निचली अदालत की ओर से पारित आदेश में उन्हें पहले ही एक सप्ताह का वक्त दिया गया है ताकि जरूरी इंतजाम किए जा सकें।



व्यास तहखाने में पूजा-अर्चना करते पुजारी।

### खोला गया व्यास जी का तहखाना, हुई पूजा-अर्चना


वाराणसी। जिला अदालत द्वारा हिंदू समुदाय को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के चंद घंटों बाद बुधवार देर रात तहखाने को खोलकर उसमें पूजा की गई। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर तंज करते हुए इसे नियत प्रक्रिया से परे गतिविधि करार दिया है। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे 31 साल बाद व्यास जी का तहखाना पूजा-पाठ के लिए खोला गया और साफ-सफाई के बाद पूजा कराई गई। जिला प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, बुधवार की देर रात मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ज्ञानवापी परिसर पहुंचे। उनके साथ अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ भी थे। कुछ लोगों का दावा है कि तहखाने में लक्ष्मी-गणेश की आरती की गई। हिन्दू पक्ष के एक वादी सोहनलाल आर्य ने बताया कि तहखाने के बैरिकेटिंग को हटा कर वहां लोहे का गेट लगा दिया गया है।

### हाईकोर्ट पहुंची मस्जिद कमेटी, पूजा के आदेश को दी चुनौती

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करती है) ने वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष उक्त मामले की शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। मालूम हो कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार करने के एक दिन बाद आया है।

# रामभक्तों के लिए 8 और शहरों से हवाई सेवाएं शुरू

अयोध्या कार्यालय



- स्पाइस जेट की सीधी विमान सेवा से अयोध्या में पर्यटन को पंख
- विभिन्न शहरों के लिए अयोध्या से उड़ान भरेंगी 14 फ्लाइट

**अमृत विचार** : श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामनगरी में लगातार बढ़ रही भक्तों की संख्या के चलते एयरलाइंस कंपनियों ने अयोध्या के लिए अपनी उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। इसी क्रम में गुरुवार को अयोध्या धाम के लिए एक फरवरी से स्पाइस जेट की आठ नई नियमित उड़ान शुरू की गई हैं। अब श्रद्धालुओं को पटना, दरभंगा, जयपुर, दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, मुम्बई और बंगलुरु के बीच सीधी विमान सेवा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ से आठ शहरों के लिए फ्लाइट सेवा शुरू की। केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। अयोध्या में डीएम नीतीश कुमार ने स्पाइसजेट के पहले यात्री को बोर्डिंग पास सौंपा। अब महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से इंडिगो, स्पाइसजेट और एयरइंडिया एक्सप्रेस की 14 फ्लाइट विभिन्न शहरों के लिए उड़ान भरेंगी।

# वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये की वृद्धि



- घरेलू एलपीजी मूल्य में नहीं हुआ कोई बदलाव

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गुरुवार को बजट भाषण से पहले तेल-विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये बढ़ाने की घोषणा की। देश की तीन तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने के पहले दिन रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं। तेल-विपणन कंपनियों ने गुरुवार को 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 14 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा दिए। बढ़ी हुई कीमतें आज से ही प्रभावी होंगी। वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत 14 रुपये बढ़कर 1,769.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। इससे पहले कीमत प्रति सिलेंडर 1,755.5 रुपये थी। तेल कंपनियां हर महीने अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के हिसाब से संशोधन करती हैं।

# बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवासन के ठिकानों पर छापा

- ईडी ने उनकी कंपनी इंडिया सीमेंट्स के कार्यालयों में की छानबीन
- विदेश मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

चेन्नई, एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड' के चेन्नई व दिल्ली स्थित कार्यालयों की तलाशी ली है। केंद्रीय एजेंसी ने यह कार्रवाई चेन्नई की अग्रणी सीमेंट निर्माता कंपनी द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन की जांच के सिलसिले में की है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि संघीय जांच एजेंसी ने पिछले दो दिनों में कंपनी के चेन्नई स्थित दो कार्यालयों और दिल्ली में एक कार्यालय परिसर की तलाशी ली।

उन्होंने बताया कि यह जांच इसकी सहयोगी कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स कैपिटल लिमिटेड' (आईसीसीएल) से जुड़े मामलों और विदेश में लगभग 550 करोड़ रुपये के धन हस्तांतरण से संबंधित है। सूत्रों ने कहा कि कुछ कथित संदिग्ध एजेंट और निदेशकों की भूमिका भी ईडी की जांच के दायरे में है। आईसीसीएल विदेशी मुद्रा, धन हस्तांतरण और यात्रा बीमा जैसे क्षेत्रों में कार्य करती है। वहीं, कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि वह संघीय जांच एजेंसी के साथ सहयोग कर रही है। इंडिया सीमेंट्स ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के कुछ अधिकारियों ने 31 जनवरी और एक फरवरी के दौरान चेन्नई में हमारे कॉरपोरेट कार्यालय का दौरा किया और यह पता लगाने के लिए तलाशी ली कि क्या फेमा से संबंधित कोई अनियमितता है।

# कोर्ट ने निर्धारित की अब्दुल्ला आजम की आयु

मुरादाबाद। आखिरकार सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की आयु निर्धारण का मामला निस्तारित हो गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. अजय कुमार ने लंबी सुनवाई एवं साक्ष्यों के आधार पर अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि 1 जनवरी 1993 मानी है। अब सर्वोच्च न्यायालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू-क्वीन मैरी अस्पताल) और नगर निगम की ओर से आयु निर्धारण के संबंध में जो साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, उसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने रामपुर के सेंट पॉल स्कूल के प्रधानाचार्य की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों को ही सही माना है।

अलीगढ़ मुस्लिम विवि का अल्पसंख्यक दर्जा

# उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी



- सात न्यायाधीशों की पीठ ने 8 दिन तक सुनीं प्रतिद्वंद्वी पक्षों की दलीलें

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने आठ दिन तक प्रतिद्वंद्वी पक्षों की दलीलें सुनीं। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा भी शामिल हैं। एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मामला पिछले कई दशकों से कानूनी दांव-पेंच में फंसा हुआ है। उच्चतम न्यायालय ने 12 फरवरी, 2019 को विवादास्पद मुद्दे को निर्णय के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था। इसी तरह का एक संदर्भ 1981 में भी दिया गया था। वर्ष 1967 में एस अजीज बाशा बनाम भारत संघ मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा था कि चूंकि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता।

# योगी ने नेताओं को दिया प्रसाद, बुलाया अयोध्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में शामिल विधायकगण।

- राज्य विधानमंडल का बजट सत्र आज से, पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण
- 2024-25 का बजट 5 फरवरी को होगा पेश 12 फरवरी तक चलेगा सदन

**अमृत विचार** : शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भी राम मंदिर की चर्चा रही। विधानभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलीय नेताओं के बीच राम मंदिर का प्रसाद अपने हाथ से बांटा और सभी को एकसाथ रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या चलने का प्रस्ताव भी रखा। दलीय नेताओं ने भी मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए दर्शन का कार्यक्रम तय करने की बात कही। बैठक में सभी दलीय नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वह सदन के संचालन में पूरा सहयोग करेंगे।

इससे पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सत्र की कार्यवाही तारीख के साथ तय की गई। 2 फरवरी को सत्र की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोनों सदनों को एकसाथ संबोधित करने से होगी। उसी दिन औपचारिक कार्यों समेत अध्यादेशों, अधिसूचनाओं को पटल पर रखने के साथ-साथ विधेयकों के पुरःस्थापन की कार्यवाही चलेगी। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी जो 3 फरवरी शनिवार को भी जारी रहेगी। सरकार 2024-25 का बजट 5 फरवरी को पेश करेगी। यह उप्र. का अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए बजट का आकार लगभग 7.5 लाख करोड़ रुपये होना संभव है। आगे के दिनों में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट पर भी चर्चा चलेगी। 12 फरवरी तक सदन चलाने का कार्यक्रम तय हुआ है।

# शिष्या से दुष्कर्म मामले में चिन्मयानंद दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वर्ष 2011 में मुमुक्षु आश्रम में कई बार दुष्कर्म करने का था आरोप
- एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के बाद गुरुवार को आया फैसला



**अमृत विचार** : शिष्या से दुष्कर्म करने के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने गुरुवार को अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए मुमुक्षु आश्रम के अधिष्ठाता पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को दोषमुक्त कर दिया है। 30 नवंबर, 2011 को चिन्मयानंद के खिलाफ उनकी शिष्या ने चौक कोतवाली में दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उन्होंने कर्मचारियों की मदद से मुमुक्षु आश्रम शाहजहांपुर में उसे बंधक बनाया और कई बार दुष्कर्म किया था। उस वक्त यह प्रकरण सामाजिक और राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चित रहा था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना के उपरांत स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसके बाद से मुकदमा विचाराधीन था। गुरुवार को एडीजे तृतीय एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश एहसान हुसैन ने निर्णय सुनाते हुए स्वामी चिन्मयानंद को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

## एक नजर

### नवागत सीडीओ ने ग्रहण किया कार्यभार

बाराबंकी, अमृत विचार : आईएएस सुथान अब्दुल्ला ने गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। सुथान अब्दुल्ला 2020 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और इससे पूर्व वह प्रयागराज में बतौर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य कर चुके हैं। वह मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले हैं।

### 70 लीटर शराब के साथ सात आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने गुरुवार को 70 लीटर शराब के साथ सात आरोपियों को दबोचा। उसके बाद थाने लाकर सभी आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। जैदपुर पुलिस की टीम ने बैशपुर मजरे बलछत निवासी गोबिंद गौतम, कोठी थाने के लालपुर निवासी दुखीराम, सतरिख थाने के बबुरिहा मजरे जरमापुर निवासी रामकुमार व जैदपुर के शाह कटरा मोहल्ला निवासी नियाज को 40 लीटर शराब के साथ दबोचा। असंद्रा थाने की पुलिस टीम ने 17 लीटर शराब के साथ पंजावा मजरे जलालपुर निवासी रामू निषाद को गिरफ्तार किया। टिकैतनगर पुलिस की टीम ने 13 लीटर शराब के साथ बसंतपुर निवासी रामदेव और खमौली निवासी उत्तरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की।

### पुरानी रंजिश में मारपीट केस दर्ज

करनैलगंज, गोंडा : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हड़िया गाड़ा निवासी अंकित सिंह की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। जिसमे रवि सिंह, अंकित सिंह व संतोष सिंह निवासी ग्राम हड़ियागाड़ा का नाम शामिल है।

# चुनाव में जब्त होने वाली वस्तुएं आयोग के एप में की जाएंगी फीड

## बैठक में डीएम ने अफसरों को पढ़ाया पाठ, सीडीओ को बनाया गया स्वीप का प्रभारी

**निर्देश**

- त्रुटिरहित होना चाहिए ईवीएम का मैनेजमेंट
- स्वीप की गतिविधियों की बढ़ायी जाए रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



लोकसभागार में निर्वाचन से संबंधित बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण कार्य प्रशिक्षण है, प्रशिक्षण की व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव व्यवस्था को बेहद साफ़ सुथरा और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों को स्वयं अच्छा कार्य करने की प्रेरणा अपने अंदर से आनी चाहिए। चुनाव की व्यवस्था में किसी तरह की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। चुनाव में जब्त होने वाली वस्तुओं का विवरण चुनाव आयोग के एक एप पर फीड करना होगा, यह व्यवस्था पहली बार लागू हो रही है।

ज़िलाधिकारी गुरुवार को लोक सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सम्बंध में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि ईवीएम से सम्बंधित पूरा मैनुअल सम्बंधित सभी अधिकारी और कर्मचारी जरूर पढ़ लें, बल्कि इसे कंठस्थ कर लें। इससे जुड़ी हर बात जो मैनुअल में लिखी है और चुनाव आयोग के दिशानिर्देश प्राप्त हुए हैं, उन्हें अक्षरशः लागू किया जाना होगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम मैनेजमेंट त्रुटिरहित होना चाहिए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की गलती अक्षम्य होगी।

उन्होंने कहा कि ज़ब्ती की सारी कार्रवाई अबकी बार ऑनलाइन होगी। इसके अलावा स्वीप की गतिविधियों की रफ्तार को तत्काल बढ़ाया जाए। सभी कॉलेजों से लेकर विद्यालयों तक में हर सप्ताह के कार्यक्रमों को लागू किया जाए। उन्होंने स्वीप का प्रभारी अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी को बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन बूथों पर पिछले चुनाव में तीस प्रतिशत के आसपास वोट पड़े हैं, उन क्षेत्रों में मताधिकार के प्रयोग के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए और स्थानीय स्तर पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। बैठक में प्रमुख रूप से नवागत मुख्य विकास अधिकारी सुथान अब्दुल्ला, एडीएम अरुण सिंह, एएसपी एसएन सिन्हा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा बर्नवाल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### पोल से टकराई बेकाबू कार, 15 गांवों की बिजली हुई बाधित

रुपईडीह, गोंडा : बुधवार की रात लखनऊ से बलरामपुर की तरफ जा रही कार कौड़िया थाना क्षेत्र के बनगाई गांव के निकट अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से अचानक टकरा गई। कार के टकराने से बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया और 15 से अधिक गांवों की बिजली गुल हो गयी। हादसे में कार चालक मामूली रूप से जख्मी हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर विद्युत उपकेंद्र आर्यनगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह ने लाइनमैन रघुनाथ मिश्र के साथ पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी हासिल की। जेई ने बताया कि इस घटना से क्षेत्र के उमरा, हरखापुर, गुरुदियापुर, बनगांई, पूरे पाठक अड़बड़वा खम्हरिया आदि गांवों को मिलाकर 15 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। इस घटना के बारे में विभागीय अधिकारियों से वार्ता करने के बाद पुलिस को तहरीर दी जाएगी। क्षेत्र में ठप पड़ी बिजली व्यवस्था को शीघ्र ही बहाल किए जाने के लिए लाइन की मरम्मत की जा रही है। हालांकि इसमें 24 घंटे से अधिक का समय लग सकता है। इसलिए उपभोक्ताओं को शुक्रवार तक इंतजार करना होगा। शुक्रवार तक सभी गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल हो सकेगी।

## अदालत के आदेश पर सचिव समेत दो पर केस

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार:** ब्लॉक बनीकोडर अंतर्गत पूरे पोखई मजरे गुनौली निवासी सुनील ने कोर्ट के आदेश पर पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत अपात्र व्यक्ति व सचिव पर केस दर्ज कराया है। फतेहगंज में अपात्र शिव प्रकाश को आवास दिया गया। ग्राम पंचायत सचिव विपिन कुमार पर भ्रष्टाचार कर रुपए निकालने का आरोप लगाया। बताया कि शिव प्रकाश के पास बाइक व पक्का मकान है। सचिव ने अपात्र शिव प्रकाश का नाम नहीं हटाया व पहली किस्त भी भेज दी। उसने बताया कि रामसनेहीघाट कोतवाली व एसपी को प्रार्थना पत्र देने पर भी कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सचिव व ग्रामीण के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पेड़ काटने वालों पर केस दर्ज करने की तैयारी

- कर्बला की भूमि पर लगे पेड़ों के काटने की हुई थी शिकायत

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकास खंड की बीजापुर ग्राम पंचायत में कर्बला भूमि की बाउंड्री कराने के नाम पर उसकी भूमि पर लगे कई दर्जन हरे भरे पेड़ों को ठेकेदार के हाथों बेच दिया गया । गांव निवासी गोविंद पाठक की शिकायत पर राजस्व कर्मियों द्वारा की गई जांच में शिकायत सही पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की तैयारी की जा रही है।

गांव में कर्बला की भूमि की बाउंड्री कराने के नाम पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा कर्बला की भूमि के साथ राजस्व अभिलेखों में दर्ज चरागाह व बंजर भूमि पर लगे करीब पांच दर्जन हरे - भरे विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों को गुपचुप तरीके से काटने व लकड़ी उठा ले जाने का आरोप शिकायत कर्ता ने लगाया था। उसने उच्च स्तरीय जांच की मांग कर इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाही की मांग की थी। इसके बाद राजस्व प्रशासन द्वारा जांच कराई गई।

तहसीलदार शशि त्रिपाठी ने बताया कि जांच में मामला सही पाए जाने पर दोषी पाए गए लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है।

# छुआछूत की बीमारी नहीं कुष्ठ रोग

**जागरूकता अभियान**

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाए जा रहे कुष्ठ पखवाड़ा के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय से आए जादूगर मुकेश देव एवं उनकी टीम द्वारा जादू के माध्यम से कुष्ठ रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ शुक्ला ने इस रोग के उपचार के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कुष्ठ पीड़ित व्यक्ति किसी भी सामान्य व्यक्ति की तरह सामान्य एवं सम्मानित जीवन जी सकता है। उन्होंने कुष्ठ रोग के लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि कुष्ठ रोग छुआछूत का रोग नहीं है और पुराना से पुराना कुष्ठ रोग लगातार इलाज से दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल देवी प्रसाद यादव, स्वास्थ्य कर्मी, आशा बहू, एएनएम आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मौके पर मौजूद रही।



कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को जागरूक करता जादूगर। अमृत विचार

# कृष्ण जन्म की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भगवान जड़ और चेतन में समान रूप से विद्यमान हैं। यही विश्वास प्रह्लाद को परमानंद की साधना तक ले गया और उन्हें सिद्धि मिली। ग्राम जरौली में गजोधरनाथ तिवारी के आवास पर हो रही चौथे दिन की श्रीमद्भागवत कथा में प्रसिद्ध कथा व्यास डॉ. महीधर शुक्ला ने ये बातें कहीं।

उन्होंने आगे कहा कि पृथ्वी पर जब-जब ईश्वर भक्तों पर आतताइयों और दैत्यों ने प्रहार किया। भगवान को अवतार लेकर उन्हें मारना पड़ा। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की कथा को बहुत ही मनोरम प्रस्तुति देते हुए कहा कि कंस समेत उसके अन्य सभी दैत्य समूहों को नष्ट करने के लिए ही प्रभु श्रीकृष्ण ने मथुरा में जन्म लिया तथा धर्म की स्थापना की। कथा के दौरान बहुत ही मनोरम झांकी श्रीकृष्ण के जन्म की सजाई गई। इस आयोजन में राजेंद्र पाठक, राजू पांडे, मनोज शुक्ला, माताफेर तिवारी, शिवदास तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



कथा व्यास डॉ. महीधर शुक्ला।

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए उमड़े भक्त

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बा के शिव मन्दिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन अयोध्या धाम से पधारी कथावाचिका प्रीति ने कहा तुंगभद्रा नदी के तट पर आत्मदेव नामक एक व्यक्ति रहता था। उसकी पत्नी का नाम धुंधुली था। वह झगड़ालू किस्म की थी। बुढ़ापे में संतान का मुख देखने को नहीं मिलेगा तो पिंडदान कौन करेगा। इसे लेकर वह परेशान रहता था। वह आत्मदेव दुखी मन से आत्महत्या के लिए कुआं में कूदने वाला था तभी एक ऋषि ने उसे बचा लिया। ऋषि ने पूछा क्यों आत्महत्या करने जा रहे हो। इसके बाद ऋषि की बात को सुनकर आत्मदेव ने कहा ऋषिवर मेरे एक भी संतान नहीं है ऋषि ने एक फल दिया और कहा कि इसे पत्नी को खिला देना, इससे एक संतान की प्राप्ति होगी। पत्नी ने फल नहीं खाया। एक दिन उसकी बहन घर आई। उसने कहा मैं गर्भवती हूं। प्रसव होने पर बच्चा तुम्हें दे दूंगी। कुछ दिन के बाद धुंधुली को उसकी बहन ने बच्चा दे दिया। इसके बाद संतान को देखकर आत्मदेव बड़ा खुश हुआ। बच्चे का नाम एक विद्वान पंडित ने धुंधकारी रख दिया।



कथा सुनाती कथावाचिका प्रीति।

# रजिस्टर में दर्ज करें मरीजों का विवरण

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** एसडीएम ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया । उन्होंने ओपीडी में आने वाले मरीजों का विवरण रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया।

गुरुवार को एसडीएम नेहा व्याडवॉल ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। प्रधानाध्यापक बृजेश शुक्ला को विद्यालय की साफ सफाई के साथ शौचालयों में स्वच्छता रखनें के निर्देश दिए। वहीं सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनन्द कुमार सिंह व ग्राम सचिव कुलदीप श्रीवास्तव को विद्यालय प्रांगण में सफाई कर्मी भेज कर सफाई कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने संयुक्त चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अधीक्षक डॉ. नीरज वर्मा के साथ ओपीडी रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएमएस नीलम गुप्ता एवं सीएचसी अधीक्षक डॉ. सन्तोष सिंह से ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या की ली। उन्होंने कहा कि ओपीडी में आने वाले मरीजों का विवरण दर्ज करें। साथ ही निरीक्षण में मिली कमियों को समय पर दुरुस्त करें।

# गला दबाकर की गई थी मजदूर की हत्या

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार:** पूर्व सांसद के आवास के समीप निर्माणाधीन मकान में मिले मजदूर के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल गई। जिसमे की गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है।

बुधवार को नगर कोतवाली के ओबरी स्थित पूर्व सांसद पी एल पुनिया के आवास के समीप दीपक अवस्थी का निर्माणाधीन मकान में तीन वर्षो से रहकर मजदूरी करने वाले जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के गनौरा निवासी रामू पाण्डेय 44 का शव मिला था। उसके गले पर निशान मिले थे। ऐसे में उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही थी। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरूवार को मजदूर के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई। इस पर पुलिस ने मृतक के भाई श्यामू को सूचना देकर तहरीर देने के लिए बुलाया है। सीओ सिटी डा. बीनू सिंह ने बताया कि मजदूर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है।

## जीने का तरीका सिखाती है भागवत

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री दुर्गा पूजा पंडाल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन काशी से आए कथा वाचक अनुराग कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भागवत जीवन जीने का तरीका सिखाती है। उन्होंने राजा परीक्षित के प्रसंग सुनाया इसके बाद श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। आचार्य शुभम् कुमार मिश्रा, पं ओंकार नाथ तिवारी व इंद्र प्रकाश पांडेय जी ने भागवत कथा को भव्य बना दिया इस मौके पर युगल किशोर शुक्ल कमलाकांत द्विवेदी, रमेश, भैरव प्रसाद शुक्ल, आलोक, नितिन, उदय गुप्ता, शिवम् पाण्डेय, रीतेश, शिवकुमार, अखण्ड प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# अपात्र को भेजी गयी आवास की धनराशि

**आरोप**

बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बनीकोडर की ग्राम पंचायत सिल्हौर में पंचायत सचिव व अन्य जिम्मेदारों द्वारा पात्र को अपात्र व अपात्र को पात्र बनाकर आवास योजना का लाभ दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

सिल्हौर में वर्ष 2020-21 में आवास आवंटन प्रतीक्षा सूची में कुल 13 लोगों के नाम थे। बैठक कर पात्रता की जांच की गई। बैठक की जांच में क्रमांक 1 से 4 व 6 से 12 पर अंकित लोग आपात्र पाए गए। क्रमांक 5 पर अंकित फुलझारा पत्नी राम कैलाश व क्रमांक 13 पर अंकित रमेश कुमार द पात्र पाए गए। फुलझारा पत्नी राम कैलाश को आवास का लाभ दिया गया लेकिन रमेश के खाते में पैसा भेज कर वापस करा लिया गया, तथा उसकी जगह अपात्र क्रमांक 10 पर अंकित अजीत कुमार को लाभ दे दिया गया। इस संबंध में भाकियू धर्मेंद्र गुट के जिलाध्यक्ष मायाराम यादव ने पात्र को आवास दिलाते हुए पात्र को आपात्र व अपात्र को पात्र बनाने वाले अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर बीडीओ को पत्र भेजा है।

## दुष्कर्म के आरोपितों पर लगा गैंगस्टर

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार:** युवती से दुष्कर्म के मामले में जेल भेजे गए आरोपियों पर पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि बीते वर्ष 6 दिसंबर को राहुल व मनोज ने कथित साधु का भेष बनाकर रामनगर के एक गांव में झाड़ फूंक के बहाने युवती के घर में घुसकर उससे दुष्कर्म किया था। पुलिस ने मौके पर ही अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया था। इस मामले में विवेचक के द्वारा दुष्कर्म करने वालों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। रामनगर पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई के लिए अनुमोदन डीएम के यहां भेजा गया था।

**दिलचस्पी** अधिक पॉवर वाले सोलर पंप में दिलचस्पी नहीं ले रहे अन्नदाता, 60 फीसदी अनुदान फिर भी बोरिंग का बोर बना मुसीबत

# किसानों की पहली पसंद बने दो हॉर्स पावर के सोलर पंप

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी

**अमृत विचार:** किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए 60 फीसदी अनुदान पर मिलने वाले दो हार्स पॉवर के सोलर पंप किसानों की पहली पसंद बन गए हैं। वहीं तीन हॉर्स पावर व उससे अधिक पॉवर वाले सोलर पंप के प्रति किसान दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

यह तथ्य सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग के बाद सामने आई। इसके पीछे की सबसे बड़ी बजह अधिक पॉवर के सोलर पंप के लिए किसानों के पास पहले से मौजूद चार इंची बोरिंग से अधिक का बोर कराना है। जिस पर होने वाला खर्च किसानों के लिए मुसीबत है।

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत सरकार किसानों को दो हॉर्स पॉवर से लेकर 10 हॉर्स पॉवर तक के सोलर पंप 60 फीसदी अनुदान पर दे रही है। इसको लेकर जिलेवार लक्ष्य तय किया गया तो ऑनलाइन सोलर पंप की बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई। जिले में सभी प्रकार के 420 सोलर पंप का लक्ष्य तय किया गया था। मगर, बुकिंग शुरू होने के काफी वक्त बाद तक महज 269 किसानों ने ही सोलर पंप के लिए अपनी बुकिंग कराई। इस आंकड़े को देखें तो किसानों की पहली पसंद दो हॉर्स पॉवर के सोलर पंप हैं। तीन हॉर्स पॉवर व उससे अधिक के सोलर पंप लेने में किसान दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। हालांकि पांच हार्स पावर व 10 हार्सपॉवर के सोलर पंप के लिए फैक्ट्री व फॉर्म हाउस वाले किसानों ने बुक किया है। किसानों से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि दो हॉर्स पॉवर के सोलर पंप लेने से पुरानी उनकी चार इंच की बोरिंग का प्रयोग हो जाता है। वहीं तीन हॉर्स पॉवर से पांच हॉर्स पॉवर के सोलर पंप के लिए छह इंची और साढे.सात से 10 हॉर्स पॉवर के पंप के लिए आठ इंच की बोरिंग होना जरूरी होता है। ऐसे में बोरिंग पर अतिरिक्त 75 हजार से एक लाख तक का खर्च आता है।

### सोलर पंप का लक्ष्य और बुकिंग

| सोलर पंप | लक्ष्य | बुकिंग |
|---|---|---|
| दो हार्स पॉवर के डीसी सर्फिस | 30 | 33 |
| दो हार्स पॉवर के एसी सर्फिस | 25 | 28 |
| दो हार्स पॉवर के डीसी सबमर्सिबुल | 08 | 09 |
| दो हार्स पॉवर के एसी सबमर्सिबुल | 09 | 10 |
| तीन हार्स पॉवर डीसी सबमर्सिबुल | 85 | 10 |
| तीन हार्स पॉवर एसी सबमर्सिबुल | 100 | 26 |
| पांच हार्स पॉवर एसी सबमर्सिबुल | 80 | 89 |
| 7 .5 हार्स पॉवर एसी सबमर्सिबुल | 65 | 53 |
| 10 हार्स पॉवर एसी सबमर्सिबुल | 10 | 11 |

### किसानों को पांच तक जमा करनी होगी धनराशि

सोलर पंप की बुकिंग कराने वाले किसानों को पांच फरवरी तक बैंक में सोलर पंप की धनराशि जमा करनी है। अनुदान की धनराशि कंपनी के खाते में सरकार भेजेगी। इस तिथि तक ही धनराशि जमा करने वाले किसानों को योजना का लाभ मिल सकेगा।

### लक्ष्य के अनुरूप कम हुई है सोलर पंप की बुकिंग

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत अनुदानित सोलर पंप की बुकिंग लक्ष्य के अनुरूप कम हुई है। दो हॉर्स पॉवर के सोलर पंप तो दो दिन में ही बुक हो गए। हालांकि तीन हॉर्स पॉवर व साढ़े सात हार्स पॉवर के सोलर पंप की लक्ष्य के अनुरूप बुकिंग काफी कम हुई है। किसान बुकिंग कराकर इसका लाभ ले सकते है। अब तक बुकिंग कराने वाले किसानों को पांच फरवरी तक सोलर पंप की धनराशि बैंक खाते में जमा करनी होगी।

– **श्रवण कुमार**, उप कृषि निदेशक

## सार-संक्षेप

### सेवानिवृत्ति पर पांच होमगार्डों को दी गयी विदाई



सेवानिवृत्ति होमगार्डों को विदाई देते साथी। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : तहसील मुख्यालय स्थित सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें हैदरगढ़ कंपनी से सेवानिवृत्त हुए पांच होमगार्ड जवानों को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में सीओ जेएन अस्थाना व प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी द्वारा सेवानिवृत्त जवानों को फूल माला, अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्तक भेंट कर उनके मंगलमय भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर बीओ नरेश, होमगार्ड महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में होमगार्ड के जवान मौजूद रहे।

### 26 शिक्षकों का वेतन किया गया बहाल

गोंडा कार्यालय : यू डायस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल डाटा अपलोड न करने के मामले को लेकर कार्रवाई की जद में आए 26 अध्यापकों को राहत मिल गयी है। डाटा फीडिंग कार्य प्रारंभ किए जाने के बाद बीएसए ने इन शिक्षकों का वेतन बहाल कर दिया है। बीएसए ने तीन दिन पहले 34 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित कर दिया था और सभी को 31 जनवरी तक डाटा फीडिंग का कार्य पूरा करने का निर्देश पर दिया था। इस कार्रवाई के बाद शिक्षकों में हलचल मच गई थी। आनन फानन में डाटा फीडिंग का काम प्रारंभ कर दिया गया। कार्य प्रारंभ करने वालों में बभनजोत ब्लाक का प्रावि गौरा चौकी, बेलसर के पूरे अर्जुन, छपिया के दरियापुर व मसकनवा, करनैलगंज का प्राविं प्रहलादगंज, तरहटा, हलधरमऊ का जूनियर हाईस्कूल ऊंचे पुरवा, सुमेरपुर, काशी सिंह पुरवा व पड़रिया झंझरी का जूनियर हाई स्कूल गुलरिहा, जानकी नगर, कन्या प्राथमिक स्कूल ठोरहंस, मनकापुर का जूनियर हाईस्कूल चौबेपुर कटवा, प्राविं दतौली नवीन तथा बैरीपुर द्वितीय, मुजेहना का प्राविं शिवदयाल खरिहा, कोल्हुआ, छेदाजोत, बनकसिया शिव रतन सिंह द्वितीय, परसपुर के प्राविं ताराचंद दुबे पुरवा, तरबगंज का जूनियर हाईस्कूल पुरवारडीह, पिपरी रोहुआ, जमथा, चांदीपुर व प्राविं भैंसासुर का नाम शामिल है। बीएसए ने बताया प्रधानाध्यापकों ने कार्य प्रारंभ किए जाने की रिपोर्ट भी उपलब्ध करा दी है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

बभनजोत, गोंडा : गौरा चौकी बभनान मार्ग स्थित रेडवलिया गांव के पास बाइक व पिकअप में हुई भिड़ंत में बाइक सवार घायल हो गया। बृहस्पतिवार को गौरा चौकी बभनान मार्ग पर रेडवलिया गांव के पास गौरा चौकी की तरफ से आ रहा बाइक सवार सामने से आ रही पिकअप से टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची खोड़ारे पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए भेजा। इस संबंध में गौरा चौकी चौकी प्रभारी दिनेश राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के कूकनगर ग्रांट निवासी शिवकुमार वर्मा (35) का गौरा चौकी बभनान मार्ग पर पिकअप से टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### भाजपा मंडल की बैठक आज

रुपईडीह, गोंडा : भाजपा मंडल कौड़िया के कार्यकारिणी समिति की बैठक कल दो फरवरी को मंडल कार्यालय पर आयोजित की जाएगी। मंडल के अध्यक्ष अनंत राम शुक्ल ने बताया कि इस बैठक के लिए मुख्य अतिथि पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में ग्राम जोड़ो अभियान को सफल बनाए जाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी।

### नजूल की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत

करनैलगंज, गोंडा : गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सेवा समिति ने अधिशासी अधिकारी व नगर चौकी प्रभारी को पत्र देकर नजूल की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रोके जाने की मांग की है। पत्र में कहा है कि गुरुद्वारा परिसर के पीछे अमित चौरसिया पुत्र विजय चौरसिया ने बिना नगर पालिका परिषद की अनुमति व बिना नक्शा पास कराए ही अवैध रूप से निर्माण कराकर अब तालाब की नजूल भूमि को कब्ज़ा करने की नियति से अनावश्यक रूप से एक गेट जबरदस्ती लगवा रहे हैं। पत्र में गुरुद्वारा कमेटी के सचिव जोगिंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह, हरप्रीत सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।

### स्कूल में बच्चों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें शिक्षक

रुपईडीह, गोंडा : ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कंपोजिट व प्राथमिक विद्यालय पिपरा चौबे द्वितीय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से छात्र-छात्राओं के नाट सीडेड खातों, आधार विहीन छात्र-छात्राओं के आधार निर्गत करने व छात्र-छात्राओं की यूडाइस फीडिंग के बारे में जानकारी लेते हुए विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा इसमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम से कम 70 प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने के लिए अभिभावकों से नियमित रूप से संपर्क करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### मारपीट के आरोपी सगे भाई दबोचे गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर थाना क्षेत्र में युवक का अपहरण कर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी दो सगे भाइयों को पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार किया। उसके बाद विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के कोला निवासी अभियुक्त आसिफ और उसके भाई अशरफ पर अपहरण, मारपीट व धमकी का पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### 37 आरोपियों पर की गयी शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस के अभियान में गुरुवार को दो वारंटी और 18 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 37 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

### 52 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी पकड़ा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने गुरुवार को आजाद नगर मोहल्ला निवासी सनाउल्लाह को 52 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। उसके बाद थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### चाकू के साथ चार बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज और कुर्सी पुलिस की टीम ने गुरुवार को चाकू के साथ चार आरोपियों को दबोचा। उसके बाद सभी को थाने लाकर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। सफदरगंज थाने की पुलिस टीम ने दादरा निवासी दिलीप, रसूलपुर मजरे औरेला निवासी परशुराम और उधौली के सुफियान को चाकू के साथ दबोचा। वहीं कुर्सी पुलिस ने टिकैतगंज निवासी दुर्गेश को चाकू के साथ पकड़ा।

# अंतरिम बजट को किसी ने अच्छा तो किसी ने बताया झुनझुना

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी, अमृत विचार: केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को साल 2024 का अंतरिम बजट संसद में गुरुवार को पेश किया। इस बजट में महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों और ग्रामीणों को ध्यान में रखते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं का एलान किया गया है। बजट में ग्रामीण आवास, किसानों के लिए कृषि बीमा का लाभ, महिलाओं को रोजगार देकर लखपति दीदी बनाने के साथ युवा उद्यमियों को ऋण देकर उनके स्तर को ऊंचा उठाने की कोशिश की गई है। इस बजट को लेकर जहां कुछ लोगों ने इसे सरकार का अच्छा कदम बताया है, वहीं कुछ ने इसे मात्र झुनझुना की संज्ञा दी है। अंतरिम बजट को लेकर अमृत विचार ने जिले के व्यापारियों, युवाओं, किसानों व नेताओं से उनकी प्रतिक्रिया जानी तो सभी ने अपनी राय साझा की।

### अंतरिम बजट में हर वर्ग का रखा गया ध्यान



गांव, गरीब, किसान के साथ-साथ सभी वर्गों का बजट में ध्यान रखा गया है। विकसित भारत के सपनों को साकार करने का बजट है। वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश किये गये बजट से हर वर्ग लाभान्वित होगा।

**-अरविंद मौर्या,** जिलाध्यक्ष, भाजपा

### निराशाजनक और महंगाई बढ़ाने वाला बजट



बजट निराशाजनक और महंगाई बढ़ाने वाला है। इनकम टैक्स स्लैब में राहत नहीं मिली। महंगाई व बेरोजगारी पर चर्चा नहीं हुई। 2014 में जो 55 लाख करोड़ सरकार पर कर्ज था वह बढ़कर 205 लाख करोड़ हो गया।

**-डॉ. पीएल पुनिया,** पूर्व सांसद कांग्रेस।

### 50 फीसदी आय का किया गया है झूठा दावा



महिलाओं, युवाओं और किसानों की अनदेखी की गई। रोजगार कैसे बढ़ेगा इसका कोई प्रावधान बजट में नहीं किया गया है। 50 प्रतिशत आय बढ़ने का झूठा दावा किया गया है। कारपोरेट को बढ़ावा देने वाला चुनावी झुनझुना है यह बजट।

**-मो .मोहसिन,** जिलाध्यक्ष कांग्रेस।

### अंतरिम बजट से मध्यम वर्ग को मिली निराशा



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में वेतनभागी और मध्यम वर्ग को कोई राहत न देकर उनके साथ धोखा किया है बजट से युवा और किसान को निराशा हाथ लगी है।

**-सरजू शर्मा,** प्रवक्ता, जिला कांग्रेस

### गरीब और निर्धन तथा अमीर होगा और धनवान



बजट मोदी सरकार का झुनझुना है। इसमें उस वर्ग को भी कोई राहत नहीं दी गई है जिसकी प्रधानमंत्री बात करते हैं। आधी आबादी के लिए कुछ नहीं किया गया। बजट से गरीब और गरीब, तथा अमीर और अमीर होगा।

**-मौलाना अयाज,** जिलाध्यक्ष, सपा

### शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए निराशाजनक है बजट



संसद में पेश किये अंतरिम बजट में पुरानी पेंशन की घोषणा नही की गई। इसके साथ ही न ही टैक्स स्लैब में ही कोई परिवर्तन किया गया है। कुल मिलाकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए निराशाजनक बजट है ।

**-डॉ. आशुतोष कुमार,** जिलाध्यक्ष यूटा

### स्टैंडर्ड डिडक्शन होना चाहिए था 75 हजार रुपये



214 आयकर की दोनों व्यवस्थाओं में स्टैंडर्ड डिडक्शन जो कि पुरानी व्यवस्था में 50 हजार मिलता है, वह दोनों व्यवस्थाओं में 75 हजार बढ़ जाता तो नौकरीपेशा लोगों के लिए सुखद होता। फिर भी बजट ठीक-ठाक है।

**-अश्वनी श्रीवास्तव,** सीए

# व्यापारियों ने बजट को सराहा

**कार्यालय संवाददाता बाराबंकी, अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा गुरुवार को प्रस्तुत किए गए अंतरिम बजट की उद्योगपतियों और व्यापारियों ने सराहना की है। उद्योगपतियों और व्यापारियों का मानना है कि बजट में किए गए प्रावधान से खास तौर से छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों को खासी राहत मिलेगी। केंद्र सरकार ने जीएसटी के जरिए एक बाज़ार की अवधारणा स्थापित की।

### बजट में दिख रही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना



प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष के टैक्स रेट और स्लैब मे कोई बदलाव नहीं किया। पुराने आयकर केस वित्तीय वर्ष 2009-10 के 25000 तक की डिमांड व वित्तीय वर्ष 2014-15 तक 10000 रुपए की डिमांड वाले केसों को निरस्त करने की घोषणा की गयी है। इससे कई लाख पेंडिंग केसों से राहत मिलेगी। एक मजबूत आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना इस बजट में दिख रही है।

**-प्रदीप जैन,** अध्यक्ष, उद्योग व्यापार मंडल बाराबंकी

### बजट में भविष्य की योजनाओं की दिख रही है झलक



अंतरिम बजट होते हुए भी इसमें सरकार की भविष्य की योजनाओं की पूर्ण झलक दिख रही है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण राज्यों को देने की बात कही गयी है जिससे नवीन रोजगार के साथ -साथ व्यापार भी अवश्य ही बढ़ेगा। तीन नए रेल गलियारों के माध्यम से यातायात, माल परिवहन, यात्री सुविधाओं मे मदद मिलेगी। नए उद्योगों की स्थापना का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

**-अतुल कुमार सिंह,** उद्योगपति

# बजट में किसानों के कल्याण की कई योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** मोदी सरकार की ओर से बुधवार को जारी किए गए अंतरिम बजट से किसानो की खेती में लागत कम करने के साथ रोजगारपरक बनाने पर जोर दिया गया है। पशु पालन के साथ नई प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है।

प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना से किसानों को फायदा पहुंचाने के साथ रोजगार के अवसर उपब्ध कराने की बात कही गई है। उपज के बाद होने वाले नुकसान के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों की भरपाई की जाएगी। कृषि उपज होने के बाद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी मजबूत करने की बात कही गई है। आत्मनिर्भर तेल बीज अभियान को भी सरकार मजबूत करेगी। इसके तहत कृषि की नई प्रौद्योगिकी और कृषि बीमा को बढ़ावा दिया जाएगा। डेयरी से जुड़े पशुपालक किसानों को नई-नई योजनाओं का लाभ देने की बाद कही गई है। इसके लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मत्स्य पालन पर भी जोर दिया जाएगा। सी-फूड का उत्पादन दोगुना हो इसके लिए । मत्स्य संपदा योजना के जरिए उत्पादकता को तीन से बढ़ाकर पांच टन प्रति हेक्टेयर किया जाने का लक्ष्य है। वहीं किसानों को रोजगार मिले इसके भी प्रयास अंतरिम बजट किए गए है। कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जाएगा। इससे किसानों को लागत कम होगी तो मुनाफा होगा।

### किसानों की आय बढ़ाने वाला है बजट



किसानों के लागत मूल्य को कम कर आय बढ़ाने वाला अंतरिम बजट है। कृषि प्रौद्योगिकी से भी किसानों को लाभ होगा। पशु पालन की नई-नई योजनाओं से किसानों की आमदनी बढ़ेगी।

**-रामसरन वर्मा,**पद्मश्री

### किसानों के लाभ की योजनाओं से भरा बजट



बजट में किसानों के हित वाली कई योजनाएं हैं। किसानों को कृषि क्षेत्र में बीज व उर्वरक मिलेगे तो पशुपालन कर भी आय बढ़ेगी। किसानों को प्रधानमंत्री फसल योजना से होने वाले नुकसान की भरपाई होगी।

**-मनोज कुमार वर्मा,** किसान

### कृषि क्षेत्र की योजनाओं को मिलेगा लाभ



किसानों के लिए बजट अच्छा है। आवास के साथ फ्री तीन सौ यूनिट बिजली के लिए सनरूफ सोलर की सुविधा मिलेगी । कृषि क्षेत्र की योजनाओं का लाभ भी किसानों को मिलेगा।

**-रामेश्वर रावत,** किसान

### पशु व मत्स्य पालन से मिलेगा रोजगार



खेती और किसानों के साथ सरकार ने बजट में पशु पालन व मत्स्य पालन की कई योजनाएं सरकार लागू कर रही है। इससे किसानों की आमदनी तो बढ़ेगी ही, रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

**-मेराजुद्दीन,** किसान

# आज आएंगे अखिलेश छात्रों को बांटेंगे स्मार्टफोन

फतेहपुर,बाराबंकी



▸▸ बेलहरा में जनसभा को भी करेंगे सम्बोधित, तैयारी पूरी

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को बेलहरा नगर पंचायत में आ रहे हैं। उनके आगमन को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। वे नगर पंचायत बेलहरा कार्यालय के निकट जनसभा को संबोधित करेंगे।

नगर पंचायत बेलहरा कार्यालय के निकट आयोजित कार्यक्रम को लेकर सपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिख रहा है। रास्तों व चौराहों को सजाने के साथ उनके स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अयाज खां ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा मेधावियों को स्मार्टफोन वितरित करेंगे और जनसभा को सम्बोधित भी करेंगे। प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# अगवा कर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**घिनौना कृत्य**

▸▸ दो युवकों ने खाली पड़े एक मकान में वारदात को दिया अंजाम

▸▸ सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** दलित किशोरी को घर से उठाकर एक सुनसान पड़े मकान में ले जाकर दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसकी सूचना पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म,मारपीट, पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया।

मामला टिकैतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की निवासिनी एक किशोरी को गांव के ही दो युवक बुधवार की शाम को घर से उठा ले गए। उसके बाद एक सुनसान मकान में ले जाकर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी सूचना पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट, पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। मामले की विवेचना कर रही सीओ रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक संजीत कुमार सोनकर की टीम ने दोनों आरोपी राम प्रसाद गौतम व अर्जुन लोधी को गिरफ्तार कर लिया।

उसके बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। मामले की विवेचना कर रहे सीओ रामसनेहीघाट ने किशोरी के बयान के साथ चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ विवेचना शुरू की।

### सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सात दिन पहले दलित किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के एक आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं दूसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। मामला फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र का है। यहां के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर में बताया कि उसकी बेटी को सदरापुर गांव निवासी जैनुल आब्दीन पर बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, अपहरण व एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद 164 के बयान में किशोरी उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का बयान देते हुए एक अन्य युवक का भी नाम लिया। उसने बताया कि वह युवक दो साल पहले भी उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस पर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले को सामूहिक दुष्कर्म में परिवर्तित करने के साथ अभियुक्त जैनुल आब्दीन को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक अन्य वांछित आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

# 207 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**रोजगार मेला**

दरियाबाद,बाराबंकी





दरियाबाद विकास खंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** दरियाबाद विकास खंड परिसर में जिला सेवायोजना कार्यालय की ओर से बृहद रोजगार मेला व नियुक्ति पत्र वितरण का आयोजन किया गया । इसके मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडेय रहे।

ब्लॉक परिसर में आयोजित रोजगार मेले में क्षेत्र के 448 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों में इलेक्ट्रानिक, हर्बल, फर्टिलाइजर आदि की कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए। स्टॉल पर अभ्यर्थियों ने अपना बायोडाटा व शैक्षिक प्रमाण पत्र जमा किए। इस मेले में हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा उत्तीर्ण को मौका दिया गया । चयन साक्षात्कार के आधार पर किया गया । ब्लॉक में ही विभिन्न पदों के लिए 207 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी अनिल सिंह, जिला सेवायोजना कार्यालय से अखिलेश वर्मा आदि मौजूद रहे ।

# सड़क पार कर रहे वृद्ध को ट्रक ने रौंदा, मौत





बनीकोडर,बाराबंकी

**अमृत विचार:** साइकिल खड़ी करने के बाद पैदल सड़क पार कर रहे बुजुर्ग की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसा गुरुवार की शाम हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर असंद्रा थाने से ढाई सौ मीटर दूर भटिया मोड़ के समीप नहर पुलिया पर हुआ। थाना क्षेत्र के गढ़ी पट्टी सैयद मजरे असंद्रा गांव निवासी गुरु प्रसाद (70) साइकिल से असंद्रा बाजार की ओर जा रहा था । इसी दौरान असंद्रा नहर पुलिया के सड़क के किनारे साइकिल खड़ी कर पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया। हादसे में मौके पर ही बुर्जुग की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

## सार-संक्षेप

### रोजगार सेवक संघ ने किया नवागत बीडीओ का स्वागत



नवागंतुक खंड विकास अधिकारी का स्वागत करते रोजगार सेवक।

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक की नवनियुक्त खण्ड विकास अधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल का ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया। गुरुवार को ग्राम रोजगार सेवक संगठन के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी व जिला कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से श्री अयोध्या धाम में नव प्रतिष्ठित रामलला की फोटो व पुष्प गुच्छ भेंट कर प्रभारी बीडीओ का स्वागत किया । उपाध्यक्ष ज्योति वर्मा ने अंग वस्त्र भेंट किया। संगठन के प्रतिनिधियों ने मनरेगा योजना से जुड़ी समस्याओं पर भी खंड विकास अधिकारी से चर्चा की । जिस पर उन्होंने संगठन को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का हर सम्भव निदान कराया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शकील अहमद, रामविलास, राजकुमार,अजय यादव,महादेव,अंजनी आदि रोजगार सेवक उपस्थित रहे ।

### ट्रैक्टर से कराई गयी सड़क किनारे सफाई

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत सतरिख में स्वच्छता के लिए कदम और आगे बढ़ाए गए हैं। सड़क किनारे लगे गोबर के ढेरों को ट्रैक्टर से हटवाया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष रेहान कामिल तथा अधिशासी अधिकारी शिव मूर्ति के निर्देश पर सफाई नायक आफाक ने कस्बे के थाना चौराहे से होकर नगर पंचायत कार्यालय सहित कई अन्य प्रमुख स्थान को जाने वाले मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलवाया। इस मार्ग पर काफी दिनों से गोबर के ढेर लगे थे। सफाई नायक ने बताया कि गोबर हटवा दिया गया है। आवागमन में भी सुविधा हुई है।

### शिक्षा के स्तर को बढ़ाने में छात्र करें स्मार्टफोन का प्रयोग

**घुंघटेर,बाराबंकी, अमृत विचार :** निंदूरा क्षेत्र के एमडी कॉलेज में गुरुवार को युवा सशक्तिकरण योजना के तहत लगभग 350 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण के पश्चात इसके सदुपयोग एवं दुरुपयोग दोनों पहलुओं पर अपने विचार रखें । इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार छात्रों के विकास के लिए सदैव तत्पर है और समाज के उन्मुखीकरण के लिए अनगिनत लाभप्रद योजनाओं का संचालन कर रही है। आज हमें इस स्मार्टफोन को प्राप्त करते समय इस बात का निश्चय कर लेना है, कि आने वाले दिनों में हम इसका प्रयोग अपनी शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए ही करेंगे। इस मौके पर एमडी कॉलेज पंकज सिंह, अंशुल दीक्षित, शिवशंकर सिंह, विनीता, चंद्रशेखर, प्रदीप, नवीन, अनामिका, सुधीर, अंजू समेत कई लोग मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों को बांटे कंबल



कंबलों के साथ लाभार्थी महिलाएं। अमृत विचार

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बे के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज में प्रशासन स्तर से नि :शुल्क कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बुजुर्गो , असहाय, गरीब महिलाओं, पुरुषों को 550 कम्बल वितरित किये। इस दौरान उपजिला अधिकारी राम आसरे वर्मा, तहसीलदार शरद सिंह, नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय, ईओ शीलू अवस्थी, लेखपाल अंबुज मिश्र, अश्वनी मिश्र, कमलेश वर्मा, सुधीर आदि मौजूद रहे ।

### अपहर्ता गिरफ्तार , अगवा की गयी युवती बरामद

**बाराबंकी,अमृत विचार :** युवती को अपहृत करने वाले आरोपी युवक को पुलिस टीम ने बुधवार की शाम चौपुला मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। वहीं बरामद युवती का चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के गोडारी निवासी आरोपी बलराम को जेल भेज दिया।

**लेखाजोखा**

**डेढ़ साल में मतदाता सूची में बढ़ा आधी आबादी का प्रतिनिधित्व, बीती 23 जनवरी को किया गया था मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन**

# लोकसभा चुनाव में 25 हजार युवतियां पहली बार दबाएंगी ईवीएम का बटन

रीतेश श्रीवास्तव,बाराबंकी

**अमृत विचार:** विधानसभा चुनाव से 25 हजार अधिक युवा महिला मतदाता पहली बार लोकसभा चुनाव में ईवीएम का बटन दबाकर अपना सांसद चुनेंगी।

लोकसभा चुनाव की पुनरीक्षण मतदाता सूची की मानें तो विधानसभा की मतदाता सूची की अपेक्षा 25 हजार 293 युवतियों के नाम लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं।

इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन बीते 23 जनवरी को कर दिया गया है। जिसमें 23 लाख 11 हजार 652 मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार को सांसद के रूप में चुनेंगे।

अंतिम मतदाता सूची में इस बार 42 हजार 196 नए मतदाता बढ़े हैं। लेकिन इनमें अकेले 25 हजार 293 युवा महिलाएं हैं। पिछले विधानसभा चुनाव की बात करें तो उस समय महिला वोटरों की संख्या 10 लाख 65 हजार 494 थी जबकि इस बार इनकी संख्या 10 लाख 90 हजार 787 पहुंच गई है।

ऐसे में गौर करें तो इस बार के लोकसभा चुनाव में 25 हजार 293 आधी आबादी की संख्या मतदाता सूची में शामिल हुई है। दोनों चुनावों के डेढ़ साल के अंदर मतदाता सूची में आधा आबादी का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। जबकि आधा आबादी की अपेक्षा 16 हजार 907 मतदाता पुरुष वर्ग में बढ़े हैं।

**इस बार चार थर्ड जेंडर वोटर हुए कम :** करीब ढाई माह के पुनरीक्षण अभियान में 42 हजार 196 नए मतदाता इस सूची में जहां शामिल हुए हैं। वहीं चार थर्ड जेंडर के रूप में मतदाता कम हो गए हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में जहां कुर्सी में आठ, रामनगर में दो, बाराबंकी में सर्वाधिक 31, जैदपुर में 12, दरियाबाद में आठा और हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पांच मिलाकर कुल 66 थर्ड जेंडर वोटर थे। वहीं अब इनकी संख्या घट कर 62 रह गई है।

### आलेख्य प्रकाशन के समय मतदाता सूची के आंकड़े

| विस क्षेत्र | पुरुष | महिला | अन्य | योग | युवा वोटर |
|---|---|---|---|---|---|
| 266-कुर्सी | 210540 | 183681 | 8 | 394229 | 1138 |
| 267-रामनगर | 181917 | 156593 | 2 | 338512 | 836 |
| 268-बाराबंकी | 207841 | 182568 | 31 | 390440 | 1158 |
| 269-जैदपुर सु. | 208279 | 187431 | 12 | 395722 | 1070 |
| 270-दरियाबाद | 214627 | 191752 | 8 | 406387 | 1041 |
| 272-हैदरगढ़ सु. | 180692 | 63469 | 5 | 344166 | 685 |
| कुल मतदाता | 1203896 | 1065494 | 66 | 2269456 | 5928 |

### अंतिम प्रकाशन के बाद मतदाता सूची के आंकड़े

| विस क्षेत्र | पुरुष | महिला | अन्य | योग | युवा वोटर |
|---|---|---|---|---|---|
| 266-कुर्सी | 213719 | 188798 | 5 | 402522 | 6078 |
| 267-रामनगर | 184210 | 161131 | 5 | 345346 | 4129 |
| 268-बाराबंकी | 210393 | 186660 | 30 | 397083 | 4542 |
| 269-जैदपुर सु. | 211163 | 191530 | 11 | 402704 | 4413 |
| 270-दरियाबाद | 218512 | 197076 | 9 | 415597 | 5515 |
| 272-हैदरगढ़ सु. | 182806 | 165592 | 2 | 348400 | 3076 |
| कुल मतदाता | 1220803 | 1090787 | 62 | 2311652 | 27773 |

# सूची के ब्लॉक बनने की उम्मीद, सीएम से मिले विधायक

## सदर विधायक के साथ सलोन विधायक ने मुलाकात कर कई विकास कार्यों के रखे प्रस्ताव

परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार :** सलोन विधानसभा का सूची गांव आने वाले समय में ब्लॉक बन सकता है। इसकी मांग सलोन विधायक अशोक कुमार ने मुख्यमंत्री से मिल कर की है। विधायक ने इसके अलावा भी क्षेत्र के विकास को लेकर कई मांगे मुख्यमंत्री से की है।

बुधवार को सलोन विधायक अशोक कुमार ने सदर विधायक अदिति सिंह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की थी। विधायक ने सलोन विधान सभा में करोड़ों रुपये की सड़कें स्वीकृत होने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही सलोन विधान सभा के विकास को लेकर मुख्यमंत्री के सामने कई मांगें भी रखी। विधायक ने बताया कि सूची गांव सलोन-रायबरेली मार्ग पर है। क्षेत्र के लोग काफी समय से ब्लॉक बनाने की मांग कर रहे थे। इसलिए उसे ब्लॉक बनाने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है। इसके अलावा छतोह ब्लॉक में राजकीय हाईस्कूल को इंटरमीडिएट तक करने और डीह ब्लॉक में रोखा से विरनावां तक मार्ग बनवाने की मांग की गई है। सूची व विरनावां में पीएचसी और सीएचसी केंद्र बनवाने के लिए भी अनुरोध किया गया है।



सूची ग्राम पंचायत का द्वार। अमृत विचार


मुख्यमंत्री से मिलते सदर विधायक अदिति सिंह और सलोन विधायक अशोक कुमार।

### सूची गांव एक नजर में

- जिला मुख्यालय से दूरी - 25 किमी.
- सलोन तहसील से दूरी 12 किमी.
- गांव में कुल मजरे - 15
- कुल परिवार - 1070
- कुल जनसंख्या - 7094
- ग्राम प्रधान - अनीता देवी
- ग्राम विकास अधिकारी - मनीष श्रीवास्तव

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई

विधायक ने बताया कि बीते 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर सलोन में हुए कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री जी ने उन्हें बधाई भी दी है।

" मुख्यमंत्री जी से मिलकर क्षेत्र में करोड़ों रुपये की सड़कें स्वीकृत करने पर दीदी स्मृति इरानी व अपनी तरफ से आभार व्यक्त किया। इसके अलावा सूची को ब्लॉक बनाने सहित कई मांगे मुख्यमंत्री जी से की गई हैं। –अशोक कुमार, विधायक सलोन "

### एक नजर

#### युवक ने पिया जहर

**राही, रायबरेली, अमृत विचार :** भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे भोला मजरे कनोली निवासी अंकित ने परिजनों की डांट से नाराज़ होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पर इलाज चल रहा है।

#### पंचायत सहायकों का रोका गया मानदेय

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार :** पंचायत सहायकों को जनवरी माह का मानदेय रोकते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा है। एडीओ पंचायत बिकाऊ प्रसाद में बताया है कि पंचायत सहायकों की ड्यूटी क्षेत्रीय लेखपालों के साथ डिजिटल क्राफ्ट सर्वे में लगाई गई थी। लेकिन पंचायत सहायकों ने लेखपालों का कोई सहयोग नहीं किया है। इस संबंध में पंचायत सहायकों को भी प्रशिक्षण दिया गया था। लेकिन उसके बावजूद पंचायत सहायक अपनी मनमानी पर उतर आए हैं, जिसकी वजह से जनवरी माह का मानदेय रोक दिया गया है।

#### बसतगंज ने गोपालपुर और सलोन को हराया

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार :** गेवड़े मैदान में चल रही जनसत्ता दल क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को हुए क्वार्टर फाइनल मैच में बसंतगंज ने गोपालपुर को हरा दिया। बसतगंज ने 10 ओवर में 167 रन बनाए। जवाब में गोपालपुर 10 ओवर में 121 रन ही बना पाई। कप्तान इंजमाम को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरे मैच में भी बसतगंज ने सलोन को हरा दिया। बसतगंज ने निर्धारित 10 ओवर में 153 रन बनाए। जवाब में सलोन 89 रन पर ही ऑल आउट हो गई। अंपायर की भूमिका शम्सी रिजवी व जावेद उर्फ मुन्ना ने निभाई। स्कोरिंग आमिर अंसारी ने की। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# प्राइवेट कंपनियों पर शोषण के विरोध में उतरे कर्मचारी, किया प्रदर्शन

## रेलकोच के गेट नंबर तीन पर की जमकर नारेबाजी, कलमबंद हड़ताल का ऐलान

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार :** आधुनिक रेल कोच कारखाने में कई बड़ी कंपनियां प्राइवेट तौर पर काम कर रही हैं। कंपनियों के द्वारा स्थानीय श्रमिकों का शोषण आम बात है। प्राइवेट कंपनियां करीब करीब पेटी ठेकेदार और डेली वेजेस श्रमिकों से रेल कोच में डिब्बे बनाने का काम करती हैं। समय से श्रमिकों का भुगतान न होने से गुरुवार को सैकड़ो श्रमिकों ने विरोध कर लिया। रेल कोच फैक्ट्री के गेट नंबर तीन पर धरना-प्रदर्शन कर दिया।

प्रदर्शन कर रहे श्रमिकों सौरभ सिंह, मोहित, रामकुमार, सुरेश, सत्यम ,अनुभव, आशीष, राजेश, पंकज साहू, मनीष तिवारी, महानंद आदि ने बताया कि उनके समेत करीब 400 श्रमिक हिंदुस्तान फाइबर बड़ोदरा की कंपनी में काम करते हैं। पिछले पांच माह से पैसा बकाया है। वेतन देने में भी घपलेबाजी की जाती है। इसके अलावा किंग जैसी कंपनियों में भी बराबर श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है। पैसा खाते में भेज कर उनके गुर्गे श्रमिकों से वसूली कर लेते हैं अन्यथा काम से निकाल देते हैं। हालांकि हिंदुस्तान फाइबर कंपनी के मैनेजर मुकेश शर्मा ने सितंबर और अक्टूबर का मानदेय शनिवार को देने की बात कही है। इसके अलावा 28 फरवरी तक दिसंबर तक का बैलेंस भी देने की बात मानी है। इसके बावजूद श्रमिक काम पर नहीं लौटे हैं। उन्होंने कहा कि जब शनिवार को भुगतान हो जाएगा तभी वह काम पर लौटेंगे।

श्रमिकों के काम पर न लौटने से निश्चित रूप से रेल कोच का काम प्रभावित हुआ है। वही जब रेल कोच कारखाने के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जब हिंदुस्तान कंपनी श्रमिकों को भुगतान कर देगी तभी रेल कोच भुगतान करती है। यह हमारे कांटेक्ट और फैक्ट्री एक्ट दोनों में है।


रेल कोच के गेट नंबर तीन पर हड़ताल करते श्रमिक। अमृत विचार

### स्मृति ईरानी कराएंगी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार:** खेलकूद में रुचि रखने वाली महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र की महिलाओं के लिए सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराएंगी। जिसमें डेढ़ लाख से अधिक महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन फरवरी माह में शुरू होगा।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि संसदीय क्षेत्र की महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बड़े स्तर पर सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन फरवरी माह में करवाया जाएगा। प्रतियोगिता में संसदीय क्षेत्र की डेढ़ लाख से अधिक महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। यह प्रतियोगिता 15 से 20 दिन तक चलेगी।

# होमगार्ड राजेश सिंह को किया सम्मानित

महराजगंज, रायबरेली।

**अमृत विचार :** उत्कृष्ठ कार्य एवं अनुशासित कार्यशैली पर होमगार्ड जिला कमांडेड बृजेश मिश्रा एवं कार्यकारी प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार ने कोतवाली में तैनात होमगार्ड राजेश सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया है। गौरतलब है कि होमगार्ड के उच्चाधिकारियों द्वारा माह भर में अच्छे टर्न आउट एवं निपुणता से ड्यूटी करने वाले होमगार्डों को सम्मानित कर अन्य होमगार्डों को प्रेरित करने की पहल शुरू की। इस दौरान विभाग के एसीसी बुद्धिसेन शर्मा, पीसी इन्द्रमणि सिंह चौहान, बीओ राजेश राय, होमगार्ड रामयश मौर्य, रामप्रताप, रामदास, सतीश सिंह, प्रदीप सिंह, रमापति, लाल मोहम्मद, रामराज, ईशा मोहम्मद, दिनेश सिंह, धर्मदास, माताफेर, धर्मेंद्र मौर्य आदिर मौजूद रहे।


होमगार्ड को सम्मानित करते जिला कमाडेंड व कार्यकारी प्रभारी निरीक्षक।

# पति व देवर समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**सलोन,रायबरेली, अमृत विचार :** नशेड़ी पति और देवर से तंग आकर विवाहिता ने ससुराल जनों की शिकायत करके दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के कोडरी गांव की रहने वाली अंकिता शुक्ला ने तहरीर देकर बताया कि उसका पति आशीष शुक्ला, देवर मनीष शुक्ला पुत्रगण रामबहादुर शुक्ला नशे के चक्कर में घर की संपत्ति बेचने में जुटे हुए थे। पति और देवर समझाने की कोशिश की। लेकिन पति उसकी पिटाई कर दहेज लाने के लिए प्रताड़ित कर रहा था। उसका साथ देते हुए सास सावित्री, देवर मनीष और ससुर रामबहादुर भी उसे प्रताड़ित करते थे। तंग आकर विवाहिता अपने पिता के घर चली आई थी। आरोप है कि 17 नवंबर को मायके पहुंचे आरोपी पति ने अपनी सास व उसे मारापीटा। सलोन कोतवाल श्याम कुमार पाल का कहना है कि महिला की तहरीर पर नामजद सभी अभियुक्तो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# अधिवक्ताओं के विरोध के बाद भी तहसीलदार ने चलाई कोर्ट

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** गुरुवार को तहसील लालगंज में उस समय अफरा तफरी मच गई, जब अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने के प्रस्ताव के बावजूद तहसीलदार मंजुला मिश्रा कोर्ट में बैठ गई। इसके बाद मुकदमों को सुनने की बात कही। तहसीलदार के कोर्ट में बैठने से अधिवक्ता नाराज हो गए और उनके विरुद्ध नारेबाजी कर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।

अध्यक्ष शेर बहादुर यादव ने बताया कि सोमवार को पूर्व विधायक का सम्मान समारोह प्रस्तावित है, जिसके चलते अधिवक्ता तैयारी में व्यस्त हैं। सम्मान समारोह की तैयारी के कारण न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन इसके बावजूद तहसीलदार ने कोर्ट में बैठकर मुकदमा सुनने का जबरदस्ती प्रयास किया। बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसीलदार की मनमानी का जबरदस्त विरोध करते हुए तहसीलदार की कोर्ट का बहिष्कार कर दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, सुंदर बाजपेई, अशोक शुक्ला, केडी दीक्षित, राकेश मिश्रा, दल बहादुर सिंह, रामनारायण आदि रहे।

### भतीजे के पैर पर चाचा ने मारी कुल्हाड़ी

**बछरावां, रायबरेली :** क्षेत्र के बगाही मजरे बिशुनपुर निवासी राकेश कुमार का 12 वर्षीय बेटा दिवांशु बुधवार शाम को भैंस चराकर वापस घर आ रहा था। आरोप है कि गांव के पास ही उसके चाचा रामू, सुरेंद्र, अखिलेश ने उससे अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने किशोर को पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच आरोपितों में से एक ने उसके पैर पर कुल्हाड़ी मार दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायल दिव्यांशु ने बताया कि दो दिन पूर्व आरोपियों ने उसके पिता की भी पिटाई की थी।

# अचानक तहसील परिसर पहुंची डीएम

- कार्यालयों में बाहरी लोगों के जमावड़े पर जताई नाराजगी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने गुरुवार को अचानक सदर तहसील पहुंच गई। जिलाधिकारी को देख कार्यालय में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। वहीं कार्यालय के अंदर सेटिंग -गेटिंग करने वाले बाहरी तत्व जैसे-तैसे वहां से निकल गए। डीएम ने तहसील के सभी पटलों के अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कमी मिलने पर एसडीएम और तहसीलदार को कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता से जुड़ी हुई समस्याओं को शीघ्र निस्तारित किया जाए। फाइलों को एक पटल पर ज्यादा दिनों तक रोक कर ना रखा जाए। जिससे कि लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। राजस्व के मामलो में दोनों पक्षों की बातें सुनी जाए और मौका मुआयना करने के उपरांत ही निर्णय लिया जाए। एसडीएम सदर को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखा जाए जिससे की जरूरत पड़ने पर उनका पुनः सत्यापन हो सके। जनता की समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण करने का पूरा प्रयास किया जाएं।


तहसील कार्यालय में जानकारी लेतीं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर। अमृत विचार

# धरातल से दूर विकास, ढिंढोरा पीट रही सरकार

नसीराबाद, रायबरेली

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी का पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक वर्ग पखवाड़ा सलोन विधानसभा क्षेत्र के छतोह ब्लॉक में धरई चौराहा पर आयोजित किया गया। अमेठी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी शिव मूर्ति सिंह राना ने आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। इस दौरान वर्तमान स्थिति में चुनाव में शत-प्रतिशत सफलता के लिए कार्यकर्ताओं से सलाह मशविरा करके ठोस रणनीति बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की।

जिलाध्यक्ष इं. वीरेंद्र यादव ने समाजवादी पार्टी की सरकार में कराए गए विकास कार्यों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार काम न करके केवल ढिंढोरा पीटने में विश्वास करती है, जमीनी स्तर पर विकास कहीं दिखाई नहीं देता। इसलिए पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज को एकजुट होकर इस सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। प्रदेश सचिव विनोद यादव ने पीडीए समाज की आबादी के अनुसार भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आपसी एकता पर बल दिया और चुनाव की तैयारियां करने को कहा। सभा में प्रदेश सचिव सरफराज राईनी, विधान सभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष पुजारी यादव, संजय मौर्या व्यापार मंडल अध्यक्ष धरई चौराहा आदि ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर सेक्टर प्रभारी राजेश यादव, सगीर अहमद, भारतीय किसान यूनियन डीह अध्यक्ष शिव प्रसाद, पूर्व प्रधान रामेश्वर यादव आदि मौजूद रहे।



पीडीए की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

# तहसील कर्मी बताकर की ठगी

**ऊंचाहार, रायबरेली:** एक अनजान व्यक्ति खुद को तहसील कर्मचारी बताकर एक किसान से 13 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित किसान ने आठ माह बाद मामले की शिकायत अधिकारियों से की है। क्षेत्र के गांव भैसासुर सवैया निवासी अशोक कुमार का कहना है कि उसे करीब 8 माह पूर्व एक व्यक्ति ने खुद को तहसील में चालक बताते हुए उसका खेत बचाने के एवज में 13 हजार रुपये ठग लिए। ठग का केवल मोबाइल नंबर है। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी का कहना है कि जांच कराई जा रही है।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर – राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# आर्थिक ढांचे को मजबूती तो कर्मचारियों में निराशा के भाव

**बजट 2024**

## लोगों ने दी मिली-जुली प्रतिक्रिया, किसी ने देश को आर्थिक मजबूती देने का प्रयास बताया तो किसी ने सिर्फ चुनावी झुनझुने वाला

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** लोकसभाव चुनाव 2024 को लेकर राजनैतिक दलों में सुगबुगाहट तेज हो गई है। सपा ने बाजी मारते हुए प्रत्याशियों की घोषणा भी करनी शुरू कर दी। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को घोषित होने वाले बजट को लेकर हर वर्ग की निगाहें लगी रही। सबको उम्मीद थी कि सरकार का बजट जरूर सहूलियतों भरा होगा। इसके इतर संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट में सहूलियत से ज्यादा देश के आर्थिक ढांचे पर ज्यादा ध्यान देने वाला रहा।

इस दौरान किसी ने इसे उम्मीदों भरा बजट बताया। वहीं कर्मचारियों में टैक्स का दायरा नहीं बढ़ने से निराशा के भाव भी दिखे। भाजपाइयों ने इसे कोरोना काल में बिगड़ी अर्थव्यवस्था को सुधारने के साथ निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, कृषि क्षेत्र समेत अन्य क्षेत्रों को बजट में ध्यान दिया गया बताया। कहा कि इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। हालांकि अधिकांश लोग देश की अर्थव्यवस्था के लिए बूस्टर डोज बताया है। बजट को लेकर सभी वर्ग के लोगों की अलग अलग प्रतिक्रिया है पर अधिकतर लोगों ने इस बजट को सराहा है।



"बजट में व्यापारियों के हितों को लेकर कोई विशेष घोषणा नहीं की गई है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए निराशा भरा रहा है। मुख्य मुद्दा बेरोजगार और भ्रष्टाचार का है। इसके रोकथाम को लेकर भी प्रयास होना चाहिए। शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सरकार का प्रयास जरूर बेहतर है।"
–विनय जायसवाल, व्यापारी



"विश्वभर की अर्थव्यवस्था व परिस्थिति को देखते हुए बजट पेश किया गया है। डिजिटल यूनिवर्सिटी खोलना, ग्रामीण क्षेत्रों में ऑप्टिकल फाइबर की सुविधा से आईटी क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रभावी कदम उठाया गया है।"
अभिषेक वर्मा, नगर अध्यक्ष भाजपा, पूर्वी



"बजट संतोषजनक व हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। टैक्स पूर्ववत रखा गया है पर कोरोना काल में इसे पांच लाख तक करने की उम्मीद थी। आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों के लिए बजट में ध्यान रखा गया है। आने वाले समय में इस बजट का प्रभावी लाभ देश को मिलेगा।"
–संजय सिंह, पूर्व सभासद



"बजट का फोकस महिलाओं, किसानों और युवाशक्ति पर रहा। 60 लाख नई नौकरियां देने का प्रस्ताव स्वागत योग्य। खासतौर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास किया गया है। नई जनरेशन को ध्यान में रखते हुए कई प्रस्ताव है। योग्य को रोजगार मिले, इसका भी पूरा प्रयास किया गया है।"
–विधु सिंह



"केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में विशेष ध्यान रखा गया है एवं इसके लिए विशेष प्रवधान भी है। नदियों को जोड़ने की योजना से यातायात व परिवहन की सुविधा मिलेगी। सहकारिता व कृषि क्षेत्र को भी बढ़ावा दिया गया है।"
–सत्येंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख, महराजगंज



"कर्मचारी हितों का ध्यान नहीं दिया गया है। बातें तो बड़ी-बड़ी हुई लेकिन धरातल पर कितना कारगर साबित होता है, यह भविष्य में ही पता चल सकेगा। भ्रष्टाचार, गरीब, महंगाई, रोजगार जैसी समस्याओं को निपटने के लिए मजबूत कदम उठाना चाहिए था।"
–डॉ. रश्मि शर्मा, संयुक्त प्रबंधिका न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप रायबरेली



"ये बजट निराशाजनक बजट है। इसमें कर्मचारियों व वेतनभोगी जनता को आयकर में कोई राहत नही दी गई। पेंशन में ओल्ड पेंशन स्कीम या न्यू पेंशन स्कीम में भी कोई सुधार/राहत नहीं दी गई। उल्टा न्यू पेंशन स्कीम में सुधार के नाम पर कमेटी बनाकर ठगा गया है। केंद्र सरकार निश्चित रूप से श्रमिक विरोधी है। पूर्व में श्रमिकों के हित में बजट लाने की बात कही गई थी जो की निराधार साबित हुई है।"
–आदर्श सिंह, अध्यक्ष मजदूर संघ, मार्डन रेल कोच कारखाना

"केंद्र सरकार का बजट हर वर्ग के लिए हितकारी है। देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा तो जाहिर सी बात है कि बेरोजगारी जैसी समस्या दूर हो जाएगी। उद्यम, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात समेत हर सेक्टर को ध्यान में रखकर बजट प्रस्तुत किया गया है। यह बहुत ही प्रभावशाली और देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने वाला बजट है।"
– इं. विजय रस्तोगी



"देश को आर्थिक मजबूती देने वाला बजट है। कृषि प्रधान देश होने के कारण किसानों के हितों पर विशेष ध्यान दिया गया है। फसल का मूल्यांकन करने, भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण, कीटनाशकों और पोषक तत्वों के छिड़काव के लिए किसान ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। ओवर ऑल यह बजट बेहतर बजट है। देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा तो इसका लाभ हर नागरिक को मिलेगा।"
–राकेश तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता

## एक नजर

### पीस कमेटी की बैठक में की गई चर्चा

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार :** कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में फीस कमेटी की बैठक थाना प्रांगण में संपन्न हुई। कोतवाली प्रभारी ने आगामी त्यौहारों को लेकर थाना क्षेत्र के नागरिक, इमाम, मुतवल्लियों से उच्च न्यायालय के द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद पर जारी किए आदेश के संबंध में चर्चा की।

### आठ बकरियां चोरी, पुलिस से की शिकायत

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पुरानी सरेनी निवासी फकीर बक्स उर्फ गोला पुत्र सुलेमान ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बकरी चोरी होने की शिकायत की है। बताया कि बीती रात आठ बकरियां दरवाजे पर बंधी थी। चोरों ने रस्सी काटकर सभी को उठा ले गए। घटना की जानकारी सुबह हुई। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### तहसील में खड़ी पांच बाइकों का किया चालान

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार :** तहसील आए लोगों द्वारा परिसर में मनमाने तरीके से बाइकों को खड़ा करना भारी पड़ गया। तहसीलदार डलमऊ ध्रुव यादव द्वारा चौकी इंचार्ज डलमऊ को बुलाकर पांच बाइकों का चालान कराया गया। इससे दोपहिया वाहनों चालकों में अफरा तफरी मच गई। आनन-फानन में सभी अपने-अपने वाहन लेकर तहसील परिसर से बाहर निकल गए। चौकी प्रभारी डलमऊ संजय शर्मा ने बताया कि तहसील परिसर में दोपहिया वाहन चालकों द्वारा गलत तरीके से बाइक खड़ी कर दी जाती है। इससे काफी परेशानी होती है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में निकले कांग्रेसी

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार :** राहुल गांधी द्वारा की जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में सरेनी ब्लॉक में यात्रा निकाली गई। ब्लाक में चौथे दिन छिवलह गांव से यात्रा चलकर दरियापुर, चंदू का पुरवा, काली गांव, राशी गांव क्रॉसिंग यात्रा होते हुए बेनी माधवगंज बाजार में यात्रा का समापन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश बहादुर सिंह ने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग को साथ लेकर चलती है। वर्तमान सरकार पूरी तरह से मनमानी करने में आमादा है। इस मौके पर न्याय पंचायत अध्यक्ष बजरंग सिंह, गौरव पटेल, शिव बली, राजेश सिंह, मनोज निर्मल, प्रमोद अग्निहोत्री, विनोद गौड़, रालपुर ग्राम सभा अध्यक्ष राजेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने बड़े वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने की मांग की



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। फोटो : अमृत विचार

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल डलमऊ के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा को एक ज्ञापन दिया। नगर अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने बताया कि मुराई बाग कस्बे में ट्रक और डंपर दिन भर आवागमन करते हैं, जिसकी वजह से व्यापार प्रभावित होता है।

साथ ही स्कूली बच्चों के आने-जाने के समय जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। व्यापारियों ने कहा कि पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। नगर अध्यक्ष ने सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक ट्रक व डंपर का आवागमन प्रतिबंधित करने की मांग की है। अथवा अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था कराने की बात कही है। चौराहे से 100 मीटर तक कार्तिक पूर्णिमा की तरह स्थाई रूप से डिवाइडर बनाया जाए। इस दौरान आशीष सोनी, पुरुषोत्तम शुक्ला, मोहित द्विवेदी, गौरव वैश्य, महताब आलम, मो. सईद, पथवारी शंकर, विनीत आदि मौजूद रहे।

# पेट रोग से बचने को जरूर खिलाए दवा

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** सलोन क्षेत्र के आदर्श प्राथमिक विद्यालय फरीदगढ़ में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर गोष्ठी आयोजित किया गया। आशा बहू गीता देवी ने बच्चों व अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी और उन्हें बीमारियों से बचाव के तरीके भी बताए।

प्रधानाध्यापक एसएस पांडेय ने कहा कि एल्बेंडाजोल दवा खाने से बच्चों के पेट में बीमारी पैदा करने वाले कीड़े मर जाते हैं और बच्चा स्वस्थ व निरोगी रहता है। इसलिए यह दवा खानी बहुत जरूरी है। सहायक शिक्षिका एकता श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को तो दवा खिलाई जाएगी, लेकिन यदि कोई बच्चा दवा खाने से छूट जाता है तो अभिभावक अपनी भूमिका जरूर निभाएं। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष सविता, पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र, सदस्य शमशेर, कलावती, किरण, उमानाथ, प्रेम शंकर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षिका एकता श्रीवास्तव, धन्यवाद और आभार शिक्षा मित्र सुमन द्वारा व्यक्त किया गया।



गोष्ठी में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

### दवा खाने से स्वास्थ्य और पोषण में सुधार

जगतपुर, रायबरेली : सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर प्रजेश श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय क्रम मुक्ति दिवस पर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं, आंगनबाड़ी व इंटर कॉलेज के छात्राओं को एल्बेंडाजोल दवा खिलाई। बताया कि दवा खाने से स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है। प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि एनीमिया नियंत्रण होता है। इसके साथ सीखने की क्षमता में सुधार होता है।

## सार-संक्षेप

### जमीन पर कब्जे के लिए भटक रहा युवक



**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार :** कड़ाके की ठंड में जिला मुख्यालय पर विकास भवन में जमीन के लिए धरना देने को इंद्रेश को अधिकारियों का आश्वासन तो मिला, लेकिन जमीन का एक टुकड़ा भी नहीं मिल सका। जमीन पर कब्जा न मिलने से एक बार फिर से पीड़ित विकास भवन में अपनी जमीन के लिए धरने पर बैठ गया है। जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर फिर से जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की है। पीड़ित ऊंचाहार के खरौवा का रहने वाला है। बताया कि जमीन के सीमाकंन हो जाने के बाद कब्जा न मिलने के कारण विगत दिनों धरने पर बैठा हुआ था। अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि आपकी कागजों पर दर्ज जमीन मिलेगी। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ।

### सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई



**डलमऊ रायबरेली, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर पर डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। रामहर्ष अनुचर, दल बहादुर वार्ड बॉय, कमला देवी स्वास्थ्य पर्यवेक्षिका महिला, गोमती यादव एएनएम व मानवेंद्र मोहन एलटी सेवानिवृत होने पर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी की सेवाओं को याद किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर मनीष, डॉक्टर आनंद राज, ललित कुमार मिश्र स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, अभिषेक यादव स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, सुधांशु त्रिपाठी ब्लॉक आशा नोडल, अभिषेक चौधरी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

### प्राचीन मंदिर का शीघ्र होगा जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण



**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार :** क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव और स्थानीय लोगों की मांग पर भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट से उनके उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा रायबरेली के अमावां ब्लाक स्थित अति प्राचीन एवं सिद्ध झारखंडेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने पत्र पर आदेश करते हुए बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग से इस संबंध में रिपोर्ट एवं एस्टीमेट मांगा है। रिपोर्ट के प्राप्त होते ही वह केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय से झारखंडेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण के एस्टीमेट को स्वीकृत करेंगे। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि झारखंडेश्वर मंदिर की बहुत बड़ी मान्यता है। यहां पर साल में लाखों लोग दर्शन के लिए आते हैं।

### श्रद्धालुओं ने अयोध्या धाम रामलला के किए दर्शन



**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों के एक जत्थे ने अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री राम लला का दर्शन किया है। भगवान श्री राम लला का दर्शन करने के बाद जिला प्रचारक बृजेश ने बताया कि भगवान श्री राम लला का मंदिर बहुत ही अद्भुत है। अयोध्या में जहां राजा दशरथ के घर भगवान राम ने जन्म लिया था वहीं पर भगवान राम का अलौकिक मंदिर बनना निश्चित रूप से भारत वासियों खास तौर से हिंदुओं के लिए गौरव की बात है। जिला व्यवस्था प्रमुख सतीश त्रिवेदी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए संत महात्माओं और हिंदू जनमानस ने बहुत बड़ी तपस्या की थी, जिसके फलस्वरूप 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय कार्य समिति सदस्य नीलेश शुक्ला ने कहा कि राम मंदिर बनने से भारत का गौरव विदेशों में भी बड़ा है। इस दौरान जिला प्रचारक बृजेश, विभाग कार्यवाह ऊधम जायसवाल, जिला कार्यवाह अनंत, नगर प्रचारक ओम नारायण, जिला संघ चालक रामचरन, जिला व्यवस्था प्रमुख सतीश, हनुमान, अभय सिंह, नीलेश शुक्ला, रोहित सिंह, इंद्रेश, रिंकू, सज्जन सिंह, जयप्रकाश, गणेश बाजपेई, रिसभ सिंह, जितेश, वीरसेन, कृपालु, शिवांशु आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार सुभाष पांडे का निधन, शोक की लहर

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** क्षेत्र की विशिष्ट हस्तियों में शुमार वरिष्ठ पत्रकार सुभाष पांडे के निधन की सूचना पर क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। इस दौरान क्षेत्र के शोकाकुल जनप्रतिनिधियों समेत आमजन शोक संवेदना प्रकट करने उनके के आवास पहुंचे। कस्बे के वार्ड नंबर-2, आर्यनगर निवासी सुभाष पांडे का हार्ट अटैक से गुरुवार देर शाम निधन हो गया। सूचना मिलने पर विधायक श्याम सुंदर भारती, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, ब्लॉक प्रमुख राजकुमार पासी, एसडीएम राजितराम गुप्ता, कोतवाल बालेन्दु गौतम, सभासद नुरुल हसन, मुस्ताक रायनी, प्रधान प्रतिनिधि दिलीप चौधरी समेत अन्य लोगों ने शोक प्रकट किया।

# बाउंड्रीवॉल निर्माण में धांधली की डीएम से की शिकायत



निर्माण में प्रयोग होने वाली घटिया ईंट।



गुणवत्ता विहीन निर्माण।

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार :** शासन की सख्ती के बावजूद भ्रष्टाचार नहीं थम रहा है। बच्चों की सुरक्षा के लिए विद्यालयों में बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं जिम्मेदारों की मिलीभगत से जमकर धांधली हो रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत करते हुए जांच कराने की मांग की है।

मामला क्षेत्र के ग्राम सभा सागर खेड़ा मजरे पूरे बचरी के प्राथमिक विद्यालय का है। यहां पर बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य पूरी तरह से मानक विहीन हो रहा है। गांवके शारदा प्रसाद मिश्र, कौशल प्रकाश श्रीवास्तव, रिचा मिश्रा, राजेश त्रिवेदी, सेवालाल, दिनेश कुमार, अभिनव मिश्रा, सबीश मिश्रा, कुमकुम, अभिलाषा मिश्रा, राजू, रज्जन लाल आदि ने बताया कि निर्माण में मसाला दोयम दर्जे का है। ईंट तो बेहद घटिया है। इसकी जांच करा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सभी ने डीएम से शिकायत की है।

# ऑनलाइन भैंस खरीदने में दूधिया साइबर ठगी का शिकार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार:** ऑनलाइन भैंस खरीदने वाला दूधिया साइबर ठगी का शिकार हो गया हो गया है। साइबर ठगों ने दूधिए से 10 हजार रुपये झटक लिए।

मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के टांडा गांव का है। यहां के रहने वाले सुनील कुमार अपने गांव में दूध का व्यापार करते हैं। उन्होंने मोबाइल पर किसान भाइयों डेरी फार्म नाम के यू-ट्यूब चैनल पर दुधारू भैंस देखी थी। चैनल पर इन भैंसों को ऑनलाइन खरीदने के लिए स्क्रीन पर दिए गए नंबर से संपर्क किया तो शुभम नाम के व्यक्ति ने खुद को जयपुर का व्यापारी बताते हुए रेट बताया। बताया कि उसके पास अच्छी नस्ल की भैंस है जो दिन में 18 लीटर तक दूध देती है। शुभम ने भैंस की कीमत 55 हजार रुपये बताई। साइबर ठग ने व्हाट्सएप पर भैंस की तस्वीर भी भेज दी। सुनील ने इसे खरीदने की इच्छा जताई तो साइबर ठग ने 10 हजार रुपये एडवांस मांगे। सुनील ने शुभम के खाते में 10 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। दूसरे दिन जब भैंस नहीं आई तो उसने शुभम को फोन किया। इस पर शुभम ने कहा कि 25 हजार रुपये और भेजो तब भैंस मिल पाएगी। इसके बाद सुनील कुमार को शंका हुई कि उसके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है। उसने थाने जाकर शिकायत की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# स्वामी भास्कर स्वरूप ने गांव की ओर लौटने का दिया संदेश

सरेनी, रायबरेली



स्वामी भास्कर स्वरूप।

- गांव की ओर लौटो कार्यक्रम का आयोजन
- 55 लोगों को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम सभा खाण्डेसराय में गांव की ओर लौटो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नरेन्द्र सिंह नकुल के आमंत्रण पर आए स्वामी भास्कर स्वरूप ने अध्यक्षता करते हुए बडे. ही आत्मीयता भरे भाव से हर किसी को गांव की ओर लौटने का संदेश दिया।

स्वामी जी ने कहा कि विकास के दौर में व्यवसाय अथवा अन्य किसी कारण से जो लोग शहरों में बस गए हैं, उनको वर्ष में कम से कम एक बार ऐसा आयोजन करना चाहिए जिसमें गांव के प्रत्येक व्यक्ति की उपस्थिति हो। इससे संबंधों में मिठास बढेगी और लोग एक दूसरे के सुख दुःख से अवगत होंगे। अपनापन बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजन परमावश्यक हैं। उन्नाव से आए शिक्षाविद नरेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा कि पुरानी पीढी को आने वाली पीढी पर अपने विचार बरबस थोपने नहीं चाहिए। उन्हें कार्य करने की स्वतंत्रता देकर उनकी क्षमता से परिचित होना चाहिए। इससे वैचारिक मतभेद नहीं होंगे और स्नेह की प्रगाढ़ता बनी रहेगी।

इस दौरान स्वामी जी ने अयोध्या से लाया हुआ राम जन्म भूमि का प्रसाद सभी को प्रदान किया। नकुल सिंह ने 55 विशिष्ट अतिथियों को उत्तरीय समर्पित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन बैसवारे के वरिष्ठ गीतकार सतीश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर केशव कुमार सिंह, रमेश सिंह, बलदेव सिंह सागर, सन्तोष त्रिपाठी, राजेश यादव, भैरों सिंह प्रधान बेहटा, डा. एमडी सिंह, लायक सिंह, राजकरन सिंह, स्वयम्बर सिंह, सन्तोष शुक्ल, संजय सिंह, फौजदार सिंह आदि मौजूद रहे।

**खेलकूद**

## श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज के मैदान पर आज भी हॉकी की फलवारी को सहेजने का बाखूबी किया जा रहा कार्य

# 65 साल पुराना है इतिहास, यहां इंटरनेशनल खिलाड़ी भी दिखा चुके दम

अंगद राही, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार :** श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज का मैदान। वैसे तो यहां पर क्रिकेट, कबड्डी खोखो से लेकर तमाम खेल होते रहते हैं लेकिन इस मैदान से किसी का गहरा नाता है तो वह राष्ट्रीय खेल हॉकी का। 65 साल पहले शुरू हुआ हाकी खेल यहां के युवाओं के रग-रग में है। इस मैदान पर राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी अपना दमखम दिखा चुके हैं। आज भी यहां पर हॉकी की फुलवारी को सहेजने का कार्य बखूबी से किया जा रहा है। हर साल होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के कोने-कोने से टीम में आकर शामिल होती हैं।



अभ्यास करते खिलाड़ी। फोटो : अमृत विचार

**आज से शुरू होगी प्रतियोगिता**

शुक्रवार से श्री बरखण्डी स्मारक राज्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। प्रदेशस्तरीय इस हॉकी प्रतियोगिता में रामपुर, बाबू सोसाइटी लखनऊ, स्पोर्टस कॉलेज लखनऊ, बाबू केडी सिंह स्टेडियम, इलाहाबाद, बलरामपुर, गोला गोकर्णनाथ, बाराबंकी, रायबरेली स्टेडियम, सुल्तानपुर आदि टीमें प्रदर्शन करेंगी।

### युद्ध हो या फिर कोरोना हर स्थिति में मदद को तैयार रहती आयोजन कमेटी

हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करने वाली कमेटी हमेशा देश के साथ खडी रही हैं। जब भी देश को जरूरत पड़ी तब यह कमेटी पीछे नही हटी। साल 1962, 1965, 1971 में युद्ध व कोविड के समय संकटकाल में प्रतियोगिता की समस्त धनराशि भारतीय कोष में जमा कर दी गई थी। 1965 का भारत-पाक युद्ध उन मुठभेड़ों का नाम है जो दोनों देशों के बीच अप्रैल 1965 से सितम्बर 1965 के बीच हुई थी। इसे कश्मीर के दूसरे युद्ध के नाम से भी जाना जाता है। पूर्वी पाकिस्तान आजाद हो गया और बांग्लादेश के रूप में एक नया देश बना। पाकिस्तानी सेना ने सरेंडर कर दिया। उक्त तीनों युद्धों के दौरान प्रतियोगिता को स्थगित कर समस्त धनराशि भारत सरकार के सेना कोष में जमा कर दी गई। वहीं कोविड के समय भी प्रतियोगिता को स्थगित कर पूरी धनराशि भारत सरकार के कोविड़ केयर फंड में जमा कर दी गई थी।

### 1958 से आयोजित होती रही हैं श्री बरखण्डी स्मारक राज्य हॉकी प्रतियोगिता

राष्ट्रीय खेल को संरक्षण और ग्रामीण अंचल में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से सन 1958 में श्री बरखण्ड़ी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज के संस्थापक की स्मृति में विद्यालय के प्रधानाचार्य इन्द्र बहादुर सिंह, हॉकी खिलाड़ी विष्णु दत्त पाठक, खेल शिक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी के अथक प्रयासों से श्री बरखण्डी स्मारक राज्य हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ था। प्रतियोगिता के संचालन में विद्यापीठ के प्रबन्धक एवं संरक्षक का हमेशा बड़ा योगदान रहा है। आज यह आयोजन पूरे जनपद का गौरव है। प्रदेश के हॉकी खिलाड़ियों को यह प्रतियोगिता एक मुकाम देती हैं। साथ ही क्षेत्रीय खिलाड़ियों को इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता हैं। इस मैदान से खेल कर कई खिलाडी अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक नाम रोशन कर रहें हैं।

# सरसों व मटर के फूल को फलने न देंगी पछुआ हवाएं


## छिटपुट बारिश के बीच चल रहीं हवा से किसानों की बढ़ी चिंता, गेहूं की फसल को हो सकता है फायदा

मोहम्मद खालिद, हरदोई

**अमृत विचार।** सर्दी अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुकी है, उसी बीच अचानक मौसम में उलट-फेर होने से हुई बारिश से जहां गेहूं की अच्छी पैदावार की उम्मीद की जा रही है, वहीं चलने लगीं पछुआ हवाएं फूल वाली फसल पर विपरीत असर पड़ सकता है। जानकार लोगों का कहना है कि पछुआ हवाओं से फूल वाली फसलें जैसे चना, मटर, सरसों और अरहर को नुकसान हो सकता है।

पूस के बाद अब माह की शुरुआत हो चुकी है। माह का महीना सर्दी का आखिरी पड़ाव माना जाता है। यूं कहें कि सर्दी जाने वाली है, उसी बीच बुधवार की शाम को अचानक मौसम में उलट-फेर होने से बारिश के साथ पछुआ हवाओं ने ज़ोर पकड़ लिया। बारिश जहां गेंहू की फसल अच्छी पैदावार दे सकती है, लेकिन पछुआ हवाओं से फूल वाली फसल जैसे चना, मटर, सरसों और अरहर पर खासा असर पड़ सकता है। कहा जा रहा है कि पछुआ हवा से फूल पेड़-पौधों से गिर जाते हैं, जो अच्छी पैदावार में रोड़ा पड़ सकता है। जहां पछुआ हवाओं से फूल वाली फसल करने वाले किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं, वहीं बारिश होने से गेंहू की फसल करने वाले किसानों के चेहरे चमक रहें हैं। कुछ जानकार किसानों का कहना है कि अगर इसी तरह से पछुआ हवा चलती रही तो पिछड़ चुकी सरसों की फसल की पैदावार पर काफी असर पड़ सकता है।





पछुआ हवा से सरसों की फसल को हुआ नुकसान व खेत में मटर की फसल देखता किसान।

### खेतों में नहीं दिखाई देगी चना और मटर की फसल

चना और मटर की खेती करने वाले किसान जिस तरह से छुट्टा जानवरों की वजह से फसल न बोने की बात कर रहे हैं, उससे लगने लगा है कि आने वाले समय में चना और मटर की फसलें खेतों में बिरले ही देखने को मिलेंगी। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि किसी तरह उधार-कर्ज लेकर चना और मटर की फसल बोई जाए और फिर जानवर उसे चट कर जाएं, फिर कैसे उधार चुकाया जाए और कैसे पेट पाला जाए।

### छुट्टा जानवरों से परेशान किसान बोले

किसान रामप्रकाश ने कहा वैसे तो आवारा जानवरों की वजह से चना और मटर बोने का इरादा नहीं था, लेकिन फिर भी मन नहीं माना और किसी तरह बड़ी उम्मीद से चना और मटर की फसल बोई, लेकिन पछुआ हवा से नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि आवारा जानवरों के डर से चना और मटर की फसल नहीं की, सिर्फ गेंहू की फसल की है। बारिश होने से गेंहू की अच्छी पैदावार होने की उम्मीद जागी है। किसान सोबरन लाल का कहना है इधर सबसे ज़्यादा गेंहू की फसल की जाती है, पहले तो चना, मटर भी खूब होती थी, लेकिन आवारा घूमने वाले जानवरों की वजह से अब कोई भी किसान उसे करने से कतराने लगा है। किसान सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि एक फसल बोने के लिए न जाने क्या-क्या करना पड़ता है। किसी तरह खाद, बीच और पानी का इंतज़ाम करना पड़ता है और फिर जब फसल बर्बाद हो जाए तो ऐसा लगता है कि उसका सारा कुछ छिन गया हो।

## एक नजर

### बंदरों के दौड़ाने से महिला की छत से नीचे गिरकर हुई मौत

**टड़ियावां, हरदोई।** छत पर मौजूद बंदर वहां पड़े सिंघाड़े उठाने गई महिला के ऊपर झपट पड़े और महिला को दौड़ा लियाए जिससे महिला छत से नीचे गिर कर बुरी तरह ज़ख्मी हो गई ।उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गयाए जहां उसकी मौत हो गई। टड़ियावां थाने के सिकरोहरी गांव निवासी वासुदेव की 31 वर्षीय पत्नी बीना गुरुवार की सुबह अपने मकान की छत पर सूखने के लिए पड़े सिंघाड़े उठाने गई हुई थीएउसी बीच वहां बैठे बंदर उसके ऊपर झपट पड़े और बीना को दौड़ा लिया। वह उनसे बचने के लिए भागी, तभी छत से नीचे गिर कर बुरी तरह ज़ख्मी हो गई। आनन .फानन में उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। बीना की इस तरह हुई मौत की खबर सुनते ही उसके घर .परिवार में कोहराम मच गया। बीना का पति वासुदेव मज़दूरी करता है। उसके पांच बच्चों में तीन बेटे और दो बेटियां हैं। जिसमें से बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है।

### सीएचसी इन्चार्ज ने एम्बुलेंस में घुसकर जांचे उपकरण

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** मरीजों की सेवा में लगी एंबुलेंस गाड़ियों में मौजूद स्टाफ और संसाधनों का सीएचसी इन्चार्ज डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में एंबुलेंस के पहुचंने का समय भी देखा गया। यही नहीं वाहन में मौजूद दवा, ऑक्सीजन और अन्य संसाधनों को देखा गया। फिटनेस प्रमाणपत्र की जांच पड़ताल भी हुई। बिलग्राम में 108 और 102 एंबुलेंस की चार गाड़ियां चल रही है। ठंड के मौसम में मरीजों की सुविधा के लिए वाहन में हीटर और अन्य संसाधान हैं कि नहीं। इसकी पड़ताल गुरुवार को सीएचसी इन्चार्ज ने की। सीएचसी इन्चार्ज ने काल कर गाड़ियों को बुलाकर टाइम को चेक किया। इसके बाद एंबुलेंस में घुसकर मौजूद संसाधनों को देखा। निरीक्षण के दौरान वाहनों में इमरजेंसी दवाएं, डिलीवरी किट, ऑक्सीजन व सारे रजिस्टर एवं पेसेंट रिकॉर्ड चेक किए गए। सीएचसी इन्चार्ज श्री सिंह ने बताया एंबुलेंस में सब कुछ ठीक था। कर्मियों को निर्देश दिए गए है कि किसी भी दशा में मरीजों को परेशानी न हो। मरीजो से किसी तरह की कोई भी वसूली न करने की हिदायत भी दी गई।

### ड्यूटी के नाम पर पीआरडी जवानों से मांगी जा रही घूस

**हरदोई, अमृत विचार।** ड्यूटी के लिए इधर-उधर भटक रहे पीआरडी जवानों का सब्र जवाब दे गया। गुरुवार को सैकड़ों जवान कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां ईओ और डीओ के ऊपर खुला आरोप लगाया कि वे ड्यूटी लगाने के नाम पर उनसे घूस मांग रहें हैं। पीआरडी जवानों का कहना है कि उनके साथ ज़्यादती की जा रही है, फिर भी उनकी कोई सुनने वाला नहीं है।

गुरुवार की सुबह हो रही बारिश के बीच सैकड़ों पीआरडी जवान कलेक्ट्रेट पहुंचे ।उनका आरोप था कि ईओ और डीओ ड्यूटी लगाने के नाम पर उनसे घूस मांग रहें हैं। पीआरडी जवान देवेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि कोर्ट ने उन्हें बहाल तो कर दिया लेकिन ईओ और डीओ उन्हें महीनों से इधर-उधर भटकने के लिए मजबूर कर रहें हैं ।पीआरडी जवानों का दर्द है कि इस तरह से उन लोगों के साथ ज़्यादती की जा रही है, फिर भी कोई उनकी सुनने वाला नहीं है।

# बारिश व हवाओं के बावजूद बढ़ा तापमान

हरदोई, अमृत विचार

बरसात के साथ-साथ आठ घंटे प्रति किलोमीटर की रफ्तार से चली हवाओं के बावजूद जिले का न्यूनतम तापमान 14.5 व अधिकतम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। छह मिलीमीटर वर्षा मौसम वेधशाला में दर्ज की गई। बरसात से तेज हवा चलने से ठंड का एहसास तो हुआ, लेकिन तापमान में बढ़ोत्तरी हो गई।

बताते चलें कि बुधवार व मंगलवार को जिले में आसमान साफ रहा। पूरे दिन गुनगुनी धूप मिलती रही। लोगों ने लंबे अंतराल के बाद मिली धूप का जमकर आनंद उठाया, लेकिन बुधवार की रात अचानक मौसम में बदलाव आ गया और बारिश शुरू हो गई।



गुरुवार को बारिश के बीच सड़क पर जाते लोग। अमृत विचार

बारिश होने से शहर के लगभग सारे मोहल्ले और वहां की गलियों में किच-किच हो गई। किसी की बाइक स्लिप हुई तो कोई पैदल जा रहा राहगीर फिसल जाने से गिर पड़ा। बुधवार की सुबह कांशीराम कालोनी निवासी संतोष काम करने शहर आया हुआ था, वह बावन चुंगी से पैदल जा रहा था, उसी बीच पुलिया के पास कीचड़ में पैर पड़ने से वह फिसल कर गिर पड़ा, जिससे उसके पैर और कमर में काफी चोट पहुंची।

### प्रभावित रही विद्युत

बरसात व तेज हवा से कई जगह विद्युत तार टूट गए, जिससे दर्जनों मोहल्लों में अंधेरा छाया रहा। काफी लंबे समय तक बिजली न आने से लोग पानी को तरस गए। गुरुवार की सुबह हुई बारिश ने बिजली व्यवस्था को भी गड़बड़ कर दिया। बारिश के साथ तेज हवा से कई जगह पर विद्युत तार टूट गए। कुछ जगहों पर इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हो गए। इस कारण नगर के मोहल्ला विभूति नगर, रामनगिरया, कृष्ण नगरिया, लक्ष्मीपुरवा, देविनपुरवा, भामाशाह नगर, सांडी रोड, ऊंचाथोक सहित कई मोहल्लों में विद्युत व्यवस्था घंटों बाधित रही। बिलग्राम रोड पर बिजली न आने से कई फ्लोर मिल व कारखानों में घंटों उत्पादन प्रभावित रहा। देर शाम को विद्युत व्यवस्था बहाल हो सकी।

### बारिश में भीग गया अनाज



गुरुवार को अचानक हुई बरसात से मंडी में खुले आसमान में लगा सैकड़ों कुंतल धान व अन्य अनाज बरसात से भीग गया। हालांकि व्यापारियों ने प्लास्टिक के तिरपाल आदि से अनाज को बचाने का प्रयास किया, लेकिन उनका प्रयास बरसात के आगे काम नहीं आया। **हरदाई, अमृत विचार**

# जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में लहराया परचम

हरदोई

**अमृत विचार।** ग्रामीण खेल लीग के तहत युवा कल्याण विभाग लखनऊ द्वारा आयोजित जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में जिले के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चार गोल्ड मेडल, एक सिल्वर मेडल, दो ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। वेटलिफ्टिंग में तीन गोल्ड मेडल, एक ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। कुश्ती में एक गोल्ड मेडल, एक सिल्वर मेडल हासिल किया। बैडमिंटन में तीन सिल्वर मेडल कुल 8 गोल्ड 6 सिल्वर 3 ब्रॉन्ज मेडल जीत करके जोनल में जिले का परचम लहराया। कबड्डी प्रतियोगिता में सबजूनियर बालक वर्ग टीम उपविजेता रही।

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नितिन कुमार ने टीम इंचार्ज देवेश मिश्रा (एथलेटिक्स /कबड्डी कोच) की सराहना की। सीनियर गोला क्षेपण में अंकित सिंह प्रथम, डिस्कस थ्रो सीनियर वर्ग में लकी श्रीवास्तव प्रथम रहे। जूनियर वर्ग डिस्कस थ्रो में सौरभ तिवारी तृतीय और भाला फेंक जूनियर वर्ग में कपिल वर्मा प्रथम रहे। जूनियर वर्ग 1500 मीटर दौड़ में देवेंद्र सिंह प्रथम, 400 मीटर में सीनियर वर्ग में विपिन सिंह द्वितीय, लम्बी कूद में अजय शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कुश्ती में जूनियर वर्ग में रामजी तृतीय स्थान पर रहे। भरोत्तोलन में बालिका जूनियर वर्ग में सूर्य राजवंशी ने 61 किलो भार वर्ग में गोल्ड, बालक वर्ग में 61 किलो भार वर्ग में प्रवीण ने गोल्ड मेडल और सीनियर वर्ग से 55 किलो भार वर्ग में रोहित वर्मा ने गोल्ड मेडल हासिल किया ।जूडो में सब जूनियर वर्ग में सूरज सिंह गोल्ड, जूनियर वर्ग में शाज़िया ने सिल्वर मेडल हासिल किया। बैडमिंटन में आयशा ने सिल्वर मेडल, सब जूनियर वर्ग में मयंक शुक्ला ने सिल्वर मेडल हासिल किया। सब जूनियर वर्ग में कबड्डी में जिले की टीम विजेता बनीं। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग के व्यायाम प्रशिक्षक मनोज कुमार यादव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रामाकांत, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंबुज शुक्ला, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्रेया गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की।



खिलड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नितिन कुमार। अमृत विचार

### ब्लॉक से निर्वाचन अधिकारी रहे नदारद

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** साधन सहकारी समिति के डेलीगेट चुनाव के पर्चों की गुरुवार को निर्वाचन अधिकारियों ने ब्लॉक भरावन पर बिक्री नहीं की। खरीददारों ने निर्वाचन अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गुरुवार को विकास खंड भरावन की छह न्याय पंचायतों भटपुर, कौड़ियां, परसा मोहद्दीनपुर, भरावन, पीपरगांव की साधन सहकारी समिति के डेलीगेट पदों की पर्चा बिक्री निर्वाचन अधिकारियों द्वारा ब्लॉक से की जानी चाहिए थी। गुरुवार की सुबह 10 बजे से चार बजे तक ब्लॉक परिसर मौजूद रहे पर्चा खरीदारों ने कहा कि सुबह से पर्चा खरीद कर दाखिल करने के लिए निर्वाचन अधिकारी का इंतजार करते रहें, लेकिन पर्चा बिक्री के लिए कोई नहीं आया।

### भतीजे के मुंडन संस्कार के बीच हादसा, चाचा की मौत



**हरदोई, अमृत विचार।** भतीजे के मुण्डन संस्कार में चल रही दावत में दोना-पत्तल कम पड़ गए, चचेरा चाचा अपने चचेरे भाई के साथ बाइक से दोना-पत्तल खरीदने जा रहा था। उसी बीच रास्ते में बुलेट की ज़ोरदार टक्कर से चाचा की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई ज़ख्मी हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि गुरुवार को कासिमपुर थाने के मौलवी खेड़ा निवासी साहब लाल के घर उसके पुत्र के मुण्डन संस्कार की दावत चल रही थी, उसी बीच शाम को दोना-पत्तल कम पड़ गए। जिस पर साहब लाल ने अपने चचेरे भाई विनय पुत्र रमेश से बड़ा गांव चल कर खरीददारी करने को कहा। दोनों बाइक से बड़ा गांव जा रहे थे, उसी बीच रास्ते में बुलेट ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में विनय और साहब लाल दोनों ज़ख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए ले जाया जा रहा था, उसी दौरान विनय की मौत हो गई।

# दो ब्लॉकों पर बनेंगे पब्लिक हेल्थ यूनिट

सवायजपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** सरकार ने सवायजपुर व हरपालपुर में तमाम योजनाओं के लिए धनराशि जारी की है। जारी धनराशि से पब्लिक हेल्थ यूनिट, गौ संरक्षण केंद्र आदि की स्थापना कराई जाएगी। सवायजपुर और हरपालपुर सीएचसी पर पब्लिक हेल्थ यूनिट के लिए 72 लाख 94 हजार रुपए तथा ग्राम बर्रा में गौ संरक्षण केंद्र के निर्माण के लिए एक करोड़ 18 लाख 29 हजार रुपए शासन ने अवमुक्त कर दिए हैं। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट में मरीजों को प्राथमिक स्तर का इलाज मिल सकेगा जिसके लिए अलग से डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था होगी जो सामान्य बीमारी से पीड़ितों को इलाज मुहैया कराएंगे। इन केंद्रों पर दवा, पैथोलॉजी और दूसरी जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। यहां टीकाकरण के साथ नियमित चलने वाले स्वास्थ्य कार्यक्रम और ब्लड की जरूरी जांचे निशुल्क मरीजों को उपलब्ध होंगी। पिछड़े क्षेत्र के रूप में गिने जाने कटियारी क्षेत्र में जन स्वास्थ्य की दिशा में इन केंदों की स्थापना से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी। बर्रा में बनने वाले गौ सरंक्षण केंद्र से आस पास के तकरीबन 1500 गौवंशों को सरंक्षित कर 2 दर्जन से ज्यादा गांवों के किसानों की फसलों की सुरक्षा की जा सकेगी। इस गौ संरक्षण केंद्र में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से निराश्रित गौवंश से प्राप्त होने वाले गोबर और गौ मूत्र से वर्मी कंपोस्ट और कीटनाशक निर्माण की इकाइयां स्थापित की जाएंगी।

## सार-संक्षेप



सेवानिवृत्त होमगार्डों को सम्मानित करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त् होमगार्डों का किया गया सम्मान

**मल्लावां, माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** 40 वर्ष की सेवा के बाद होमगार्ड के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। बुधवार को कोतवाली परिसर आयोजित कार्यक्रम में होमगार्ड अवधेश कुमार के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस स्टाफ व साथियों ने भावभीनी विदाई दी। साथियों ने रामायण किताब, छाता, टार्च, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कम्पनी कमांडर जयशंकर तिवारी ने कहा कि जवान विभाग से तो रिटायर हो जाता है पर उसका काम समाज में बढ़ जाता है। वह लोगों को सही रास्ते पर चलने को प्रेरित करें और समाज में रहकर लोगों के साथ आगे बढ़े। इस मौके पर पुलिस स्टाफ के साथ बीओ ओम त्रिपाठी, धीरेन्द्र प्रताप, रामनरेश, नीर प्रताप, प्रद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। माधौगंज संवाददाता के अनुसार थाने पर गुरूवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। होमगार्ड के पद पर तैनात रहे सतेन्द्र पाल सिंह, रामचन्द्र सिंह व सुरेश कुमार तीन सेवानिवृत्त हुए जवानों ने साथियों से अंगवस्त्र, रामायण सहित फूलमालाओं का सम्मान मिला तो उनके आंखों से आंसू छलक आए। कार्यक्रम में प्रभारी थानाध्यक्ष सूर्यमणि यादव, बीओ ओम त्रिपाठी, एपीसी रामनरेश, श्रीपाल, कम्पनी कमांडर मल्लावां जयशंकर तिवारी, विनोद गुप्ता, सतेन्द्र शुक्ला, भगवती प्रसाद वर्मा, संतोष सिंह ने साथियों द्वारा किए गए कार्यों के पद याद कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना को लेकर चर्चा की। इस मौके पर थाने के एसआई समेत कम्पनी के होमगार्ड साथी मौजूद रहे।

### अधेड़ की मौत की जांच में जुटी फोरेंसिक टीम

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** गांव के बाहर एक अधेड़ का शव गमछे से बंधा हुआ फांसी पर लटका हुआ पाया गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लिया और फोरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया। टीम मौत से जुड़े हर एक पहलू से छानबीन कर रही है। बताया गया है कि हरियावां थाने के बनावां मजरा अरुआ पारा गांव निवासी 48 वर्षीय सालिगराम पुत्र अहिबरन का शव गुरुवार की सुबह गांव के बाहर एक पेड़ में बंधे गमछे से लटक रहा था। पति के काफी देर तक बाहर रहने पर उसकी पत्नी बाहर निकली, उसने ही शव को लटकते हुए देखा, पति का शव देख कर वह चीखती हुई गांव की तरफ भागी, उसके बाद लोगों को इस बारे में पता लगा। वहां लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लिया और मामले की गहराई से जांच करने के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। वहां पहुंची फोरेंसिक टीम ने युवक की मौत से जुड़े हर एक पहलू की छानबीन कर रही है। सालिगराम की दो बेटियां थी, जिनकी शादी हो चुकी है, एक 16 वर्षीय बेटा है ।वहीं सालिगराम के घर वाले फिलहाल कुछ भी बोलने से इंकार कर रहें हैं। जबकि इस बारे में एसएचओ हरियावां भावना भारद्वाज का कहना है कि घर वाले आत्महत्या करने की बात कह रहें हैं।

### खेत बेचने के विवाद में खुद को मारी थी गोली

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** पहले कई बार खेत बेंच चुका हिस्ट्रीशीटर राजकुमार उर्फ रिंकू फिर 3 बीघा खेत का बैनामा करने से पहले एक लाख रुपये बतौर पेशगी ले चुका था, लेकिन उसकी पत्नी सौदा नहीं होने दे रही थी। इसी बात पर उसने घर में लड़ाई-झगड़ा भी किया। लेकिन फिर भी बात नहीं बनी, उसके बाद नशे की हालत में खुद को गोली से शूट-आउट कर लिया। जैसा कि बताया गया है कि बुधवार की देर शाम को पाली थाने के भरखनी निवासी हिस्ट्रीशीटर राजकुमार सिंह उर्फ रिंकू पुत्र जितेंद्र ने अपने घर के अंदर खुद को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस बारे में बताया गया है कि राजकुमार उर्फ रिंकू के नाम करीब 10 बीघा खेत है और आठ बीघा उसकी पत्नी के नाम है। अपनी आदतों के चलते उसने पहले भी कई बार खेत बेंचा और तीन बीघा और बेंचना चाहता था। जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक राजकुमार उर्फ रिंकू ने अपना तीन बीघा खेत बेंचनें के लिए मंगलवार को एक लाख रुपये पेशगी के तौर ले रखे थे। गुरुवार को बैनामा होना था। रिंकू जो चाहता था, लेकिन उसकी पत्नी उसे होने नहीं देना चाहती थी। बुधवार को भी उसी बात पर दोनों के बीच लड़ाई-झगड़ा हुआ, उसके बाद रिंकू घर से चला गया बाद में नशे की हालत में घर पहुंचा। खेत बेंचनें की ज़िद पर अड़े रिंकू फिर पत्नी से झगड़ बैठा, उसी बीच उसने अपने पास रखे तमंचे से खुद को गोली से उड़ा दिया। पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। हिस्ट्रीशीटर ने जिस तमंचे से खुद को शूट-आउट किया था, पुलिस ने उसे अपने कब्ज़े में ले लिया।

**योजना** कछौना के ग्राम सभा कुकुही श्री बालाजी महाविद्यालय कृषि के विद्यार्थियों को लाभ

# स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

कछौना, हरदोई, अमृत विचार



शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत कछौना के ग्राम सभा कुकुही श्री बालाजी महाविद्यालय कृषि में मुख्य अतिथि युवा नेता संचित अग्रवाल ने विद्यार्थियों को निःशुल्क स्मार्टफोन उपलब्ध कराए। विद्यार्थी स्मार्टफोन पाकर गदगद हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। मुख्य अतिथि युवा नेता संचित अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा सरकार की मंशा हैं कि युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करना है। वर्तमान में शिक्षा तकनीकी ज्ञान की नितांत आवश्यकता है, जिससे विषय ज्ञान व देश दुनिया की ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त कर सर्वांगीण विकास होता है। वह भविष्य में एक अच्छे नागरिक बनकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देंगे। मुख्य अतिथि द्वारा स्मार्टफोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी दौड़ गई। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्णन किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि निर्भय राजवंशी, संरक्षक डॉ. सुरेश चन्द्र कनौजिया, प्रबंधक रुचिता सिंह, खंड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा, प्राचार्य डॉ. आरपी वर्मा, युवा कार्यकर्ता कुलदीप कुमार, श्रीश मिश्रा, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ चंदू, गौतम कनौजिया, मदन मिश्रा, प्रवीण कुमार आदि प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# बिना लाइसेंस के एसिड बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरदोई

**अमृत विचार।** एसिड अटैक की घटनाओं को रोकने के लिए बिना लाइसेंस के एसिड बेचने वालों के खिलाफ एक माह का विशेष अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस अभियान में कहीं भी खुले में एसिड बिकता पकड़ा जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में एसिड की बिक्री को नियंत्रित करने की तैयारी भी पुलिस प्रशासन ने की है।

शासन ने एसिड अटैक की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एसिड विक्रय को लेकर कडे.निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए पुलिस को एक फरवरी से एक मार्च तक अभियान चलाकर चेकिंग करने का आदेश दिया गया है। बताया गया है कि एसिड विक्रय के लाइसेंस को अनिवार्य करने के साथ एसिड लेने का पहचानपत्र लेने और रजिस्टर में एंट्री करने का प्रावधान किया गया है। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने सभी थाना प्रभारियों को चिट्ठी जारी करते हुए कहा है कि कही भी बिना लाइसेंस के एसिड बिकते हुए पाया जाए तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जाए। थाना प्रभारी ऐसे सभी संभावित स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे, जहां खुले स्थान पर एसिड बेचा जा रहा है।

# लोगों की उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा अंतरिम बजट

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा में वित्त मंत्री सीता रमण द्वारा गुरुवार को पेश किए गए अंतरिम बजट को लेकर सुबह से ही लोग उत्साहित थे। बजट में क्या सस्ता हुआ, क्या महंगा हुआ, यह जानने के लिए लोग संचार साधनों के संपर्क में रहे। इलेक्ट्रानिक दुकानों पर टीवी पर लोगों ने वित्त मंत्री के बजट भाषण को सुना। लोगों ने तमाम तरह की प्रतिक्रियाएं व्यक्त कीं। कुछ लोगों ने बजट की सराहना की, वहीं कुछ लोगों ने इसे चुनावी बजट बताया। फिलहाल बजट को लेकर जिले के लोगों में कोई उत्साह देखने को नहीं मिला। आयकर स्लैब में कोई राहत न मिलने व्यापारियों व नौकरीपेशा लोगों को निराश होना पड़ा। बजट को लेकर लोग तमाम तरह की अटकलें लगा रहे थे, लेकिन बजट में कोई खास प्रभाव लोगों पर नहीं दिखाई दिया।


टीवी पर अंतरिम बजट के बारे में जानकारी लेते लोग। अमृत विचार


वित्त मंत्री द्वारा पेश अंतरिम बजट में आयकर स्लैब में कोई राहत न मिलने पर निराशा का सामना करना पड़ा है। टैक्स देने वाले नौकरीपेशा लोगों को राहत मिलने की उम्मीदें थी, इसके अलावा बजट ठीक-ठाक है। **विभू गुप्ता प्रदेश मंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल**


केन्द्र सरकार का अंतरिम बजट आम लोगों के लिए काफी राहत भरा है। सरकार ने हर वर्ग के लिए कोई न कोई व्यवस्था रखी है। राशन वितरण की योजना से जरूरतमंदों को काफी राहत मिलेगी। **अनुराधा मिश्रा, समाजसेवी**


सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए महिलाओं को छोटी उम्र में ही टीका लगाने की योजना निश्चित तौर पर लाभकारी होगी और इससे बहुत बड़े वर्ग को काफी राहत मिलेगी। टीका लग जाने से उनका मानसिक तनाव भी काफी हद तक दूर होगा। **डॉ रविंद्र कुमार, वरिष्ठ सर्जन**


सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए महिलाओं को कम उम्र में ही टीका लगाए जाने का ऐलान निश्चित तौर पर वरदान साबित होगा। वित्त मंत्री का यह ऐलान महिलाओं के लिए सौगातो भरा साबित होगा। **डॉ. शिवानी मिश्रा, स्त्री रोग विशेषज्ञ**


केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया। बजट जनता के हित में बजट है। इस बजट से देश को विश्व की तीसरी आर्थिक ताकत बनाने का सरकार का पूरा प्रयास है। बजट में सभी वर्गों का पूरा ख्याल रखा गया। रोजगार के संसाधन उपलब्ध होंगे। किसानों व्यापारियों, महिलाओं सभी के लिए कुछ न कुछ है। **रंजीत कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधक**


यह बजट अंतरिम बजट था एवं इस सरकार के कार्यकाल का अंतिम बजट है। इस लिए लोक लुभावन वादे किए गए हैं। जबकि आम जनता को जो उम्मीद इस बजट से थी उन पर कोई बात नही की गई। जैसे किसान सम्मान निधि या आयुष्मान कार्ड पर धनराशि बढ़ाने, मिडिल क्लास, नौकरीपेशा के लिए भी कुछ नहीं है। **हसन अख्तर, समाजसेवी**

### युवाओं, किसानों और मध्यवर्ग को दिया धोखा



**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य महताब अहमद ने बजट को निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा वादा कर वोट देश के युवाओं से नौकरियों के नाम पर लिया गया था, लेकिन काम सिर्फ उद्योगपतियों के लिए हुआ निजीकरण कर और 14 लाख करोड़ कर्ज पूंजीपतियों का माफ हुआ। किसानों से दुगनी आय का वादा था, लेकिन अपने उद्योगपति मित्र के लिए नीतियां बनाकर 1600 करोड़ रुपए रोज कर दी और किसान की आय घटकर 27 रुपए रोज रह गई। देश के मध्यम वर्ग और महिला सुरक्षा के प्रति सरकार ने पिछले 10 साल से लगातार धोखा दिया, प्रधानमंत्री जी अपने को गरीब परिवार से और पिछड़ा बताते हैं लेकिन इस बजट में भी गरीबों को और दलितों - पिछड़ों को छला गया। इस बजट से देश को समझ आ गया है कि भाजपा के पास देश के युवाओं, किसानों, आम आदमी, और महिलाओं के लिए काम करने की कोई नियत और इच्छा शक्ति और नियत नही है।

### साधन सहकारी समितियों को चालू कराने की कवायद शुरू

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में बंद पड़ी चार साधन सहकारी समितियां महरी, खाजोहना, सुठेना, कमीपुर को चालू करने की रणनीति शुरू कर दी गई। इन समितियां में नामांकन चुनाव कार्यक्रम के तहत गुरुवार को चुनाव प्रभारी के दिशा निर्देश के डेलीगेट का चयन किया गया। साधन सहकारी समिति कामीपुर में नौ डेलीगेट का चयन किया गया, प्रथम नंबर पर दुर्गेश कुमार सिंह ने नामांकन किया। साधन सहकारी समिति सुठेना में नौ डेलीगेट सदस्यों ने नामांकन किया, जिसमें प्रथम नंबर श्याम मोहन मिश्रा ने नामांकन किया। साधन सहकारी समिति लिमिटेड महरी में 9 सदस्यों ने नामांकन कराया, प्रथम नामांकन सुरेश कुमार ने कराया। साधन सहकारी समिति लिमिटेड खाजोहना में नौ सदस्यों ने नामांकन कराया, इसमें नामांकन अब्दुल अज़ीज़ उर्फ कप्तान सहित मोहम्मद सारिक ने कराया। यह डेलीगेट सदस्य चुनाव के माध्यम से अध्यक्ष का चयन करेंगे। किसानों की आय दोगुनी करने में सहकारिता नीति काफी प्रभावी साबित होगी। कई वर्षों से सरकार की अनदेखी के चलते सहकारी समितियां दम तोड़ रही थी। किसानों को ग्राम सभा स्तर पर खाद बीज उपज की खरीद मूल्य न मिलने की सुविधा होती थी। वर्तमान सरकार की प्राथमिकता के चलते बंद पड़ी सहकारी समितियों को पुनः चालू होने से किसानों में उत्साह का इजाफा हुआ है।

## एक नजर

### भतीजी ने चाची पर डंडे से हमला कर किया लहूलुहान

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में भतीजी ने पेड़ों के विवाद में अपनी चाची का डंडे से सिर फोड़ कल लहूलुहान कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी सुनीता पत्नी अरविंद दीक्षित ने बताया उसका उसके जेठ से लिपटिस के पेड़ों को लेकर मामूली विवाद था। उसी को लेकर रुचि पुत्री दीपू दीक्षित ने डंडे से उसे मारा पीटा, जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

### लोहे की चादर की चपेट में आई मां-बेटी हुईं घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** गुरुवार की भोर पहर से शुरू हुई बारिश के बीच घर की लोहे की चादर गिर पड़ी, जिसकी चपेट में आने से मां-बेटी बुरी तरह से कट कर ज़ख्मी हो गए। जिन्हें आनन-फानन में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि गुरुवार की सुबह कोतवाली देहात के सेवा गांव निवासी सर्वेश की 35 वर्षीय पत्नी सुनीता और सात वर्षीय पुत्री प्रियंका घर में थी, उसी बीच बारिश होने लगी। बताते हैं कि उसी बीच वहां रखी लोहे की चादर गिर पड़ी, मां सुनीता और बेटी प्रियंका उसकी चपेट में आने से बुरी तरह कट कर ज़ख्मी हो गई। इस हादसे से वहां कोहराम मच गया। गांव के तमाम लोग दौड़ पड़े। आनन-फानन में दोनों को एम्बुलेंस-108 की मदद से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

### ताला काटकर नकदी सहित लाखों का सामान चोरी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** चोरों द्वारा बंद घरों को निशाना बनाने का सिलसिला अभी थम नहीं है। बीती रात चोरों ने एक मकान का ताला काट कर 60 हजार की नगदी सहित लगभग तीन लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया और आराम से चलते बने। घटना दिलेर गंज मोहल्ले की है। यहां की रहने वाली मीरा देवी 60 वर्ष विधवा लक्ष्मी नारायण अपने मायके पिहानी चली गई। रात्रि में दीवार फांदकर कर घुसे चोरों ने कमरे का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर दो बॉक्सों और अलमारी के ताले भी तोड़ दिए। विधवा मीरा देवी के अनुसार कर उसकी 60 हजार की नगदी और सोने के पांच जेवर चोरी कर ले गए। चोरी की घटना में उसका कुल तीन लाख का सामान चोरी हुआ है। पीड़िता एक तंबाकू फैक्ट्री में मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती है। और 60 हजार की नगदी बचा कर रखी थी जिस पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित महिला ने शाहाबाद कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया।

### बेकाबू बस दुकान में घुसी, ड्राइवर फरार

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई से पिहानी जा रही एक निजी बस पूराबहादुर के पास अचानक बेकाबू हो कर सड़क के किनारे एक दुकान में जा घुसी। इस हादसे में कई लोग बाल-बाल बच गए। इस बीच ड्राइवर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने बस को अपने कब्ज़े में ले लिया है। बताया गया है कि गुरुवार को निजी बस नंबर यूपी-30/ए/8703 गुरुवार को सवारी ले कर पिहानी जा रही थी। उसी बीच पूराबहादुर के पास पहुंचते ही वह बेकाबू हो कर सड़क के किनारे वहीं के रहने वाले सिक्कू राठौर की दुकान में जा घुसी। इस तरह हुए हादसे से वहां हड़कंप मच गया। बस की सवारियां और दूसरे राहगीर बाल-बाल बच गए, कोई कुछ समझ पाता, इससे पहले बस का ड्राइवर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने बस को अपने कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# 5 फरवरी तक छात्रों का डाटा पोर्टल पर कराएं अपलोड

## समय पर स्मार्ट फोन वितरण न होने पर संबंधित प्रधानाचार्य के विरूद्ध दर्ज होगी एफआईआर : डीएम

हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने जिले में स्मार्टफोन वितरण की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि फोन वितरण में हीलाहवाली करने वाले प्रधानाचार्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने फोन वितरण के संबंध में सभी प्रधानाचार्यों के साथ एक बैठक की।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी महाविद्यालयों के जिम्मेदार अपने विद्यार्थियों का डाटा पांच फरवरी तक प्रत्येक दशा में पोर्टल पर अपलोड कराने के साथ ही 14 से 17 फ़रवरी तक डाटा को वैरीफाई कर दें। उन्होने निर्देश दिये कि स्मार्टफोन का वितरण जल्द कराये और वितरण के उपरान्त 24 घण्टे के अंदर पोर्टल पर मार्किंग का कार्य कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से लाखों गरीब विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल होगा और वह भी तकनीकी ज्ञान की ओर तेजी से बढ़ सकेगें, इसलिए सरकार की मंशा के दृष्टिगत निर्धारित तिथि 27, 28 एवं 29 फरवरी के बीच हरहाल में स्मार्ट फोन विद्यार्थियों में वितरित करायें और इसकी सूचना पूर्व में ही छात्राओं को उपलब्ध करा दें ताकि वह समय पर आकर स्मार्ट फोन प्राप्त कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रधानाचार्य स्मार्ट फोन वितरण के लिए जनप्रतिनिधियों को पहले से आमंत्रित कर लें और निर्धारित तिथि में वितरण करायें। उन्होंने कहा कि समय पर वितरण न होने एवं मार्किंग न होने की स्थिति में संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य के विरूद्ध जावबदेही तय करते हुए एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना से पात्र छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करें, ताकि बच्चे तकनीकी ज्ञान से खुद को जोड़ कर आगे बढ़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

### 15 मार्च से शुरू होगा गेहूं क्रय, दुरुस्त करें व्यवस्थाएं

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में 15 मार्च से गेहूं की खरीद शुरू की जाएगी। इस बार सरकार ने गेहूं का मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल रखा है। जिलाधिकारी ने सभी मंडी सचिव को निर्धारित तिथि पर खरीद केंद्रों को सभी व्यवस्थाओं सहित संचालित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति हरदोई, माधौगंज, साण्डी, शाहाबाद तथा सण्डीला से कहा है कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2024-25 हेतु जनपद में 15 मार्च से गेहूं क्रय आरम्भ किया जायेगा। उन्होंने मण्डी सचिवों को निर्देश दिए हैं कि अपने क्षेत्र के किसानों को प्रचार प्रसार के माध्यम से गेहूं क्रय आरम्भ होने की तिथि के साथ यह भी बताएं कि सरकार द्वारा न्यूनतम गेहूं समर्थन मूल्य 2275 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है और प्रचार प्रसार कराये जाने वाले स्थलों की फोटो अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने जनपद के कृषकों से कहा है कि अपने गेहूं का पंजीयन स्वयं जनसेवा केन्द्र के अतिरिक्त वर्तमान में संचालित किसी भी धान क्रय केन्द्र पर जाकर नि:शुल्क करा सकते हैं।

# बस चालक को आया हार्टअटैक, मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** सवारियां ले कर आ रहे रोडवेज बस ड्राइवर को रास्ते में ही हार्ड का दौरा पड़ गया। सवारियों की परवाह करते हुए उसने बस एक किनारे खड़ी कर दी। जब तक उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया जाता, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही रोडवेज बस अड्डे पर अफरा-तफरी मच गई।

बताया गया है कि कन्नौज ज़िले के सिकंदरपुर छिबरामऊ निवासी 42 वर्षीय मान सिंह पुत्र सोबरन सिंह कन्नौज डिपो में बस ड्राइवर था। गुरुवार को वह कन्नौज से सवारियां ले कर हरदोई के लिए रवाना हुआ। रास्ते में सेमरा चौराहा पहुंचते ही उसे घबराहट महसूस हुई। जैसा कि बताया गया है कि मान सिंह ने बस को किनारे रोक कर नीचे उतर गया, कुछ सवारियां भी बस से नीचे उतर गई। बस कंडक्टर सुरेन्द्र ने बताया कि मान सिंह की हालत बिगड़ती देख बस में बैठा उसी के डिपो का ड्राइवर मान सिंह को इलाज के लिए उसे उसी बस से ले कर चल दिया। बस रोडवेज अड्डे पर पहुंची, ड्राइवर को बस से उतार कर मेडिकल कालेज पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच उसकी मौत हो गई। बस में तकरीबन 40 सवारियां बैठीं हुई थी। लोगों का कहना है कि बस चलाते हुए अचानक हालत बिगड़ने पर भी ड्राइवर ने बड़ी सूझबूझ से बस की सवारियां बाल-बाल बच गई, वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था।


मृतक रोडवेज बस चालक मान सिंह।

**सराहनीय**
- सीने में दर्द उठने पर बस सड़क किनारे खड़ी कर यात्रियों की बचाई जान

#### सवारियों ने बस ड्राइवर की हिम्मत को सराहा

बस पर बैठी लगभग 40 सवारियों को इसका बिल्कुल भी एहसास नहीं था कि जो ड्राइवर अपने सिर उन्हें सही-सलामत पहुंचाने की ज़िम्मेदारी निभा रहा है, उसकी रास्ते में अचानक इस तरह से मौत हो जाएगी। इसका पता होते ही बस की सवारियां में ड्राइवर की हिम्मत और बहादुरी कर चर्चा शुरू हो गई।

### वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां संडीला मार्ग पर बजेहटा गांव के पास वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। गुरुवार की देर शाम नरेश 38 वर्ष पुत्र डल्ली निवासी अटवा कुरसठ जो मल्लावां के बजेहटा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसे गंभीर अवस्था में एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां लाया गया जहां डॉक्टर जीतेन्द्र कुमार मृत घोषित कर दिया। ऐसे में पुलिस ने मोबाइल फोन के माध्यम से उसकी शिनाख्त कराई। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बेटे ने मां को पीटकर किया घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरघटा में एक कलयुगी पुत्र ने अपनी मां को पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरघटा निवासी गयादेवी पत्नी सियाराम ने बताया उसके पुत्र बुद्धा ने मामूली विवाद में उसे गाली गलौज कर डंडे से पीट दिया जिससे उसके पैर में काफी चोट लग गई। पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है।

### लाखों के जेवर व नकदी चोरी, बाइक में आग लगाकर भागे चोर

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के रौसा गांव में मकान के अंदर दाखिल होकर अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात व नगदी उठा ले गए और चोरी करने के बाद में खड़ी मोटर साइकिल में आग लगा दी। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के पुरबावां मजरा रौंसा निवासी जाहिरा पत्नी अब्दुल मजीद ने दिए हुए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती बुधवार की रात को घर के बाहर बरामदे में लेटी थी। रात में अज्ञात व्यक्तियों ने कुंडी खोलकर घर के अंदर दाखिल हो गए। घर के अंदर कमरे में रखे बक्से में करीब आठ लाख रुपए के जेवर समेत लगभग पचास हजार रुपए भी चुरा ले गए। पीड़िता ने अपने समधी कासिमपुर थाना क्षेत्र के घुघेरा गांव निवासी पप्पू पर चोरी करने का शक जाहिर किया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल निर्भय सिंह से सम्पर्क कर जानकारी की लेकिन सम्पर्क न हो सका।

### अग्नि पीड़ित ने उच्च शिक्षा मंत्री से आर्थिक सहायता की लगाई गुहार



**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी राघवेंद्र उर्फ राम सिंह के घर में शार्ट सर्किट से तीन दिन पूर्व आग लग गई थी। इस आग में राम सिंह का सब कुछ जलकर राख हो गया। 10 हजार की नगदी सहित लगभग पांच लाख का सामान इस अग्निकांड की भेंट चढ़ गया। राम सिंह मजदूरी पेशा व्यक्ति है। राम सिंह के बच्चों के पास गर्म कपड़े और रजाई गद्दे तक नहीं बचे। ठंड के इस मौसम में राम सिंह के सहयोगियों ने कुछ मदद करके उसके लिए कंबल और बच्चों के लिए गर्म कपड़ों की व्यवस्था की है। मजदूरी पेशा राम सिंह ने शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी से आर्थिक सहायता के लिए फरियाद की है। उसे उम्मीद है की क्षेत्रीय विधायक और उच्च शिक्षा मंत्री काफी दयालु किस्म की नेत्री हैं उसके इस दर्द को सुनकर वह उसकी आर्थिक रूप से मदद अवश्य करेंगी।

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** | सीएमओ ने एल्बेंडाजोल की ली खुराक, गिनाए फायदे

# 22 .34 लाख लोगों को दी जाएगी खुराक

हरदोई

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) आयोजित किया गया। गुरुवार को हुए इस आयोजन के तहत 1 से 19 साल के बच्चों, किशोर और किशोरियों को पेट से कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई। सीएमओ डा.रोहिताश्व ने प्राथमिक विद्यालय जलाखर पुरवा पुलिस लाइन में एल्बेंडाजोल खाकर इसका शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने मौजूद बच्चों को भी दवा खाने के लिए प्रोत्साहित किया। सीएमओ ने कहा कि बच्चों में आदत होती है चीज़ों को मुंह में रखने की, इसकी वजह से कीड़े शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा नंगे पैर घूमने और बिना धुले फल और सब्ज़ियों के सेवन से भी कीड़े शरीर में पहुंचते हैं और वह आंत में पहुंचकर पोषक तत्वों को खा जाते हैं। जिससे बच्चे कुपोषित हो जाते हैं और उनमें खून की कमी हो जाती है और बच्चे बार-बार बीमार पड़ते हैं। पेट में कीड़े होने पर बच्चे थकान महसूस करते हैं। उनका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। वह ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं। इन सभी समस्याओं का समाधान है कि हर छह माह में कीड़े निकालने की दवा का सेवन किया जाए। इसलिए सरकार द्वारा साल में दो बार फरवरी और अगस्त में एल्बेंडाजोल खिलाई जाती है। एनडीडी के नोडल अधिकारी डा. जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि एक से 19 वर्ष के 22.34 लाख बच्चों, किशोरों और किशोरियों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। जो बच्चे, किशोर और किशोरी किन्हीं कारणों से इस दिन दवा खाने से रह गए जाएंगे, उन्हें 5 फरवरी को मॉप अप राउंड के चलाकर खिलाई जाएगी। आरकेएसके कोऑर्डिनेटर मोहम्मद अहसान ने बताया कि कृमि मुक्ति दवा के सेवन से स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है, प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि और एनीमिया नियंत्रित होता है। इसके साथ ही सीखने की क्षमता में सुधार होता है। मोहम्मद अहसान ने आगे बताया कि कृमि संक्रमण के लक्षणों के बारे में बताया कि पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना कृमि संक्रमण के लक्षण हो सकते हैं। बच्चे के पेट में कीड़े की मात्रा जितनी अधिक होगी उसमें लक्षण उतने ही अधिक होंगे। हल्के संक्रमण वाले बच्चों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। इस बीच जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत कुमार सिंह, किशोर स्वास्थ्य काउंसलर मोहम्मद शफी, साधना सिंह और विद्यालय के शिक्षक और छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

### 5525 स्कूलों और 3930 आंगनबाड़ी केंद्रों पर खिलाई गई खुराक

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक दी गई। एनडीडी के नोडल अधिकारी डा.जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि ज़िले के कुल 5525 सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों और 3930 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को खुराक दी गई।

मुफ्त स्वास्थ्य मेला
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
4 फरवरी 2024, रविवार
समय : प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इण्टर कॉलेज
शाहबाद, हरदोई
में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।
कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त • ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त
कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
- खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
- लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
- गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
- हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
- भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
- बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अन्य सुविधायें: 1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
सौजन्य से : श्री हर्ष पाण्डेय जी, राजकुमार यादव, अनुज मिश्रा, शाहबाद, हरदोई
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

संसारयति कृत्यानि सर्वत्र विचिकित्सते।
चिरं करोति क्षिप्रार्थे स मूढो भरतर्षभ॥

जो व्यक्ति अनावश्यक कर्म करता है, सभी को संदेह की दृष्टि से देखता है, आवश्यक और शीघ्र करने वाले कार्यों को विलंब से करता है, वह मूर्ख कहलाता है।

## संपादकीय

# समावेशी विकास की राह

नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया। वित्तमंत्री ने संकेत दिया कि सरकार चुनाव में वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने कहा मोदी सरकार अपने उपलब्धियों के आधार पर जुलाई में पूर्ण बजट पेश करने के लिए वापस आएगी और उसे चुनाव में जाने के लिए अंतिम समय में रियायतों की घोषणा की जरूरत नहीं है। वास्तव में बजट में किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है। अंतरिम बजट से साफ हो गया है कि आर्थिक विकास के विभिन्न आयामों से जुड़ी पूर्व की नीतियां जारी रखी जाएंगी। वित्तमंत्री का लगभग दो तिहाई भाषण सरकार की 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित था। बजट में राजनीतिक रूप से सबसे दिलचस्प घोषणाओं में से एक प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के हिस्से के रूप में एक करोड़ घरों को छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन प्रदान करने का कार्यक्रम था। यह विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली की कई गारंटी के जवाब के रूप में आया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख वर्गों गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके सशक्तिकरण और कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। उधर विपक्ष ने अंतरिम बजट को निराशाजनक बताया है। विपक्षी दलों के मुताबिक महंगाई रोकने के लिए बजट में कुछ नहीं किया गया है। इसमें बेरोजगारों, महिलाओं के लिए भी कुछ नहीं कहा गया है। एक तरफ कहा जा रहा है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है, दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

अंतरिम बजट में सरकार ने टैक्स स्लैब को पहले की तरह ही रखा है। हालांकि वित्तमंत्री ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि के लिए 25 हजार और वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की अवधि के दस हजार रुपये तक के प्रत्यक्ष कर डिमांड को वापस ले लिया है। इससे लगभग एक करोड़ करदाताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ा कर तीन करोड़ किया गया है। कहा जा सकता है कि अंतरिम बजट भारत को जन-केंद्रित, समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा।

# सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को सशक्त एमएसएमई आवश्यक



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है।

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। औद्योगिक उत्पादन का तीस प्रतिशत एमएसएमई क्षेत्र से आता है एवं 48 प्रतिशत निर्यात में इनका योगदान है। रोजगार की दृष्टि से देखें तो कृषि के बाद कम पूंजी लागत पर सर्वाधिक रोजगार का सृजन करके देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में यह क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका भी अदा करता है। इन उद्योगों से लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। वस्तुतः कोविड ने इस क्षेत्र को बुरी तरह से प्रभावित किया है। इस क्षेत्र को मजबूत बनाकर ही बड़े उद्योगों को मजबूत बनाया जा सकता है, मगर सबसे बड़ी समस्या यह है कि उद्योग के पास संसाधनों का आभाव है।

एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों के पास न तो ज्यादा वित्तीय पूंजी होती है और न ही बड़े उद्यमियों कि तरह इन्हें व्यवसाय की कोई अच्छी समझ होती है। ज्यादातर सूक्ष्म और लघु उद्योग ग्रामीण इलाकों या कस्बों में लगे हैं, इसलिए इन्हें संरचनात्मक सुविधाओं जैसे बिजली, सड़क पानी आदि की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का विकास बाजार तक पहुंच, उत्पादों की गुणवत्ता, समय पर ऋण की उपलब्धता और प्रौद्योगिकी के उन्नयन आदि कारकों पर निर्भर करता है।

जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में छोटे उद्यमों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा जिससे कच्चे माल की आपूर्ति वाला पक्ष प्रभावित हुआ है। कोई भी उद्यम अगर अपने आप को आज के दौर की उन्नत तकनीक में नहीं ढालता तो वह औद्योगिक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाता है, लेकिन इन तकनीकों के महंगे होने के कारण छोटे उद्योग इनका उपयोग नहीं कर पाते जिसका असर उनके उत्पादन पर पड़ता है और जिसके फलस्वरूप इनके उत्पाद की गुणवत्ता गिरती है तथा इनकी आपूर्ति श्रंखला भी प्रभावित होती है।

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है। एक समस्या यह भी देखी गई है कि इस क्षेत्र के 40 प्रतिशत से अधिक उद्यमियों के पास वित्त के औपचारिक स्रोतों तक पहुंच नहीं है, यानी वे बैंकिंग क्षेत्र से कर्ज ही नहीं ले पाते। लॉकडाउन के दौरान और उसके बाद कच्चे माल की कीमतों में भारी इजाफा हुआ। विशेषकर धातुओं में इसके कारण लागत बढ़ गई। छोटे उद्यमियों के सामने एक समस्या यह भी आती है कि कच्चे माल की अनुपलब्धता के कारण वे समय पर माल की आपूर्ति नहीं कर पाते और इस वजह से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां उन्हें काली सूची में डाल देती हैं।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है।

सरकार और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा इन चुनौतियों को कम करने तथा भारतीय एमएसएमई क्षेत्र के क्षमता निर्माण के लिए 'कौशल विकास प्रौद्योगिकी उन्नयन विपणन सहायता' और एमएसएमई को ऋण तक पहुंच के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। सरकार की ओर से एक अच्छी पहल यह भी की गई है कि केंद्र सरकार के मंत्रालय उसके विभाग या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जो भी खरीद की जाएगी उसका 25 प्रतिशत एमएसएमई उद्योगों से ही खरीदा जाए। व्यवसाय में आसानी हो इसके लिए 'उद्यम पंजीकरण' नाम से पोर्टल शुरू किया गया है जिसमें अपने उद्यम को बहुत आसानी से पंजीकृत कराया जा सकता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एमएसएमई उद्यमों को स्थापित करके सरकार रोजगार के अवसर पैदा करना चाहती है। इसके लिए 'क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी' सरकार की तरफ से दी जाएगी। पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन व पुनर्निर्माण के लिए कोष की योजना के तहत कारीगरों और पारंपरिक उद्योगों को समूहों में व्यवस्थित करके उन्हें व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है। इसके तहत संकटग्रस्त एमएसएमई को कच्चे माल की खरीद के लिए वित्तीय ऋण प्रदान किया जाता है। उत्पादकता में सुधार के साथ-साथ एमएसएमई मंत्रालय ने सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना की है। इस केंद्र के तहत इन उद्यमों की प्रमुख समस्याओं को कम करके प्रौद्योगिकी बाजार तक पहुंच, कौशल और गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने और उसकी रफ़्तार बढ़ने के लिए सशक्त और आत्मनिर्भर एमएसएमई का होना बहुत आवश्यक है। अनेक सरकारी सुविधाओं और योजनाओं के बावजूद अभी यह क्षेत्र चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसके समाधान के लिए समुचित प्रयास सुनिश्चित किए जाने चाहिए। किसी भी उद्यम को शुरू करने के लिए कुछ बुनियादी जरूरतों का होना बहुत जरूरी है।

इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था अच्छी और सुदृढ़ होनी चाहिए, तभी कोई उद्यमी निडर होकर भली प्रकार अपना व्यवसाय कर सकता है। अराजक तत्वों व भ्रष्टाचार के कारण उद्योग धंधे फल-फूल नहीं पाते हैं। अच्छे उत्पादन के लिए बिजली की आपूर्ति भी बहुत जरूरी है। उद्योगों के विकास के लिए अच्छी सड़कें और परिवहन व्यवस्था सही होना भी जरूरी है। एमएसएमई क्षेत्र में मुख्य समस्या कुशल श्रमिकों की आती है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक प्रशिक्षण केंद्रो की स्थापना करनी चाहिए ताकि विभिन्न कार्यों के जानकार और कुशल कारीगर अधिक संख्या में उपलब्ध हो सकें। कच्चे माल की कालाबाजारी रुकनी चाहिए ताकि कारोबारियों को नुकसान न हो। छोटे उद्यमियों के सामने एक प्रमुख समस्या विलंबित भुगतान की आती है। सरकार की खरीददारी काफी बड़ी मात्रा में है और जब तक सरकारी संस्थाओं से बेचे गए सामान का भुगतान नहीं होता, तब तक पूरी आपूर्ति श्रंखला धीमी हो जाती है। इसलिए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। निर्यात के क्षेत्र में एमएसएमई क्षेत्र बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। इसके लिए अधिक पूंजी और आधारभूत ढांचे की जरूरत है जिसमें सरकार को पूरा सहयोग देना चाहिए। सरकार को एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने और बढ़ावा देने के लिए आर्थिक पैकेज भी देना चाहिए। साथ ही रोजगार सृजन पर अधिक ध्यान देने और नई राष्ट्रीय रोजगार नीति तैयार करने की आवश्यकता है। अब विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना होनी चाहिए। सूक्ष्म उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भी समुचित प्रयास किए जाने चाहिए।

## प्रसंगवश

# सामाजिक न्याय के पुरोधा



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर सभी समाजवादी दल, कम्युनिस्ट, राजद, जेडीयू और भाजपा उनकी राजनीतिक विरासत साधने में कहां पीछे है? कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक व राजनीतिक संघर्ष के साथी जगदेव प्रसाद कुशवाहा थे। कुशवाहा का जन्म 2 फरवरी 1922 को बिहार में जहानाबाद के समीप कुर्था प्रखंड के कुरहरी गांव में हुआ। जब भी वंचितों के हक की बात होगी, तब वह बात बाबू जगदेव प्रसाद के बिना पूरी नहीं होगी और बिहार में तो कतई नहीं होगी। लेकिन जगदेव बाबू बहुत कठिन व्यक्तित्व हैं, समाजवादी सोच की लीडरशिप तो उनकी राजनीतिक विरासत पर दावा ठोंक सकती है पर भाजपा नहीं, उनकी जो लड़ाई थी शोषितों के लिए शोषकों के खिलाफ थी। राजनीति में जगदेव बाबू की दिलचस्पी पटना में अध्ययन के दौरान बढ़ी। जब वे समाजवादी चन्द्र देव के संपर्क में आए और सोशलिस्ट पार्टी से जुड़ गए। पार्टी का मुख्यपत्र ' जनता ' का संपादन किया। 1955 में अंग्रेजी साप्ताहिक पत्र 'सिटीजन' का भी संपादन किया। प्रकाशक से मनमुटाव होने पर पटना लौट आए, पर सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। समाजवादी विचारधारा का देशीकरण करके बिहार के घर-घर पहुंचाया। 1967 में कुर्था से विधानसभा पहुंचे, पहली संविद व गैर कांग्रेसी सरकार उनके व कर्पूरी ठाकुर के प्रयासों से बनीं जिसमें महामाया प्रसाद सिन्हा मुख्यमंत्री बने। पार्टी की नीतियों व विचार धारा पर लोहिया जी से अनबन हुई, उनके नारे एकदम जनवादी होते थे। यह कहकर संशोपा छोड़ दी कि 'कमाए धोती वाला, खाए टोपी वाला'। जगदेव प्रसाद ने 25 अगस्त 1967 को शोषित दल बनाई फिर राम स्वरूप वर्मा के अर्जक संघ से जुड़े। 1968 में रामस्वरूप वर्मा की पार्टी समाज दल का विलय हुआ और पार्टी को शोषित समाज दल नाम दिया गया। दार्शनिक व क्रांतिकारी संगम से पार्टी में नया संचार हुआ। गजब के भाषण कर्ता व नारे गढ़ने में निपुण , जहानाबाद की सभा मे उन्होंने एक नारा दिया, दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा। लगता है उनकी लड़ाई आगे बढ़ रही है। बिहार जाति जनगणना कर 75 प्रतिशत आरक्षण वाला राज्य बन गया है, जिसमें गरीब सवर्ण भी हैं। क्या कर्पूरी ठाकुर की तरह उनको भी सम्मान मिलेगा।

# समान नागरिक संहिता का उत्तराखंड से आगाज



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है।

किसी भी राष्ट्र की समग्र मजबूती के लिए उसके सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार, समान नियम होने चाहिए। जब तक जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में 370, 35 ए नहीं हटी थी तब तक भारत के अन्य प्रदेशों में मिलने वाले नागरिक अधिकार जम्मू कश्मीर भूभाग के लोगों को नहीं मिलते थे। जैसे ही 370, 35 ए जम्मू कश्मीर और लद्दाख भूभाग से हटा, वहां के लोगों को भारतीय संविधान प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों के मिलने की शुरुआत हो गई। समान नागरिक संहिता के साथ भी कुछ मिथ्या नैरेटिव विपक्षी दलों द्वारा बनाया जाता रहा है कि यह धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप है, जबकि न्यायालय कई बार इसके लिए सरकार को निर्देशित कर चुका है।

1981 में उच्चतम न्यायालय में दायर शाहबानो वाद का फैसला कांग्रेसी प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय में आया था। इस फैसले में न्यायालय का कहना था कि 'इस वाद में हालांकि संवैधानिक महत्व का कोई प्रश्न नहीं जुड़ा है, किंतु सामान्य नागरिक एवं आपराधिक कानून के तहत कुछ प्रश्न ऐसे पैदा होते हैं जिनका समाज के उस बड़े वर्ग पर जो परंपरागत रूप से अन्यायपूर्ण व्यवहार से पीड़ित हैं, दूरगामी महत्व होता है। महिलाएं भी एक ऐसा ही वर्ग हैं।' इसी फैसले में आगे खंडपीठ का कहना था कि 'हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 मृत प्रायः हो गया है। यह प्रावधान कहता है कि राज्य (स्टेट) भारत के समूचे क्षेत्र के नागरिकों के हेतु एक समान नागरिक संहिता बनाने को प्रोत्साहन देगा'। इतना ही नहीं 1995 में सरला मुदगल वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव को निर्देशित किया था कि वह अनु. 44 पर एक बार नए दृष्टिकोण से विचार करें। उच्चतम न्यायालय ने समान नागरिक संहिता को देश की एकता और अखंडता के लिए आवश्यक बताते हुए सरकार से कहा था कि आप न्यायालय को बताएं कि सरकार ने इस तरफ कौन-कौन से कदम उठाए हैं। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव इतनी इच्छा शक्ति नहीं जुटा सके कि राष्ट्रहित में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर फैसला कर सकें। तीन तलाक के समय जब न्यायालय ने तीन तलाक पर सरकार से दृष्टिकोण मांगा तो मोदी सरकार का निर्णय मुस्लिम महिलाओं के हित में रहा। उसी समय यह बात स्पष्ट हो गई थी कि समान नागरिक संहिता का विषय भी एक दिन पूरा होकर रहेगा।

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है। संवैधानिक दृष्टि से देखें तो भारत के संविधान का अनु. 14 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु. 15 धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। अनु. 21 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु.25 हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता देता है। इसलिए समान नागरिक संहिता से किसी भी धर्म के व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं के आहत होने का प्रश्न ही खारिज हो जाता है। मुस्लिम महिला को भारतीय संविधान दोयम दर्जे का नहीं मानता। एक बात तो तय है कि धर्म के ठेकेदार अपनी दुकान चलाने के लिए इसका विकृत स्वरूप प्रदर्शित करते रहे हैं और शायद आगे भी करेंगे। धर्म के अंदर आडंबर और कुप्रथाओं का चलन बेहद पुराना है। हिंदू धर्म के अंदर भी कई कुप्रथाएं रीति-रिवाजों के भेष में पनप चुकी थी। सती प्रथा, बाल विवाह, बहू विवाह जैसी प्रथाएं समाज में विघटन पैदा करने वाली थी। 1958 में राजस्थान उच्च न्यायालय ने तेजसिंह वाद में सती के लिए उकसाने वाले को पांच साल के कठोर कारावास की सजा देने का प्रावधान किया। सरकार ने सती (निरोधक) कानून, 1987 बनाकर इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी।

इसी तरह हिंदू धर्म में बाल विवाह और बहुविवाह प्रचलन में थे। 1956 में फैमिली एक्ट के अंतर्गत आधा दर्जन कानून भारत की संवैधानिक व्यवस्था ने पारित किए और इन दोनों कुप्रथाओं पर रोक लगा दी। इन कुप्रथाओं का अंत हिंदू धर्म से जुड़े पंडित, पुजारियों या धर्म के ठेकेदारों ने नहीं किया, बल्कि भारतीय संविधान के अंतर्गत बने कानूनों ने किया। कुछ समय के लिए ठेकेदारों के छद्म स्वाभिमान को ठेस तो पहुंची, किंतु जनता ने इसे खुले दिल से स्वीकारा। कानून और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। पहले कानून समाज में सुधार करता है और फिर परिपक्व समाज आवश्यकतानुसार कानून में सुधार करता है। समय के साथ यही लचीलापन व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता है। यही भारत है। यही भारतीय संस्कृति है।

## सोशल फोरम

# निगल ली गई दिमाग की खुराक



हफीज किदवई
लेखक

बस एक मोटी किताब लिखनी है। जिस पर दस्तरख्वान लगाकर बैठ जाएं और उसी पर अकबरी गेट के लज्जतदार खाने भी खा सकें। वह खाने, जो हमारी जहनी खुराक को निगल गए। वह खुशबूदार खाने, जो किताबों की दुकानों को निगल गए। इत्ती मोटी किताब लिखेंगे हम, जिस पर कवाब पराठे बिछा दें, तब भी चाय भर की जगह रह जाए। वह कवाब पराठे, जो पेट को तो अपनी चपेट में ले ही गए, साथ ही जहन को भी जंग आलूदा कर गए।

मैं लखनऊ के पुराने बाजारों को देखता हूं। रात की झिलमिल रोशनी में तंदूरों से उठते धुएं और गलियों में बिछी मुगलई खुशबू को महसूस करता हूं। एक पल को लगता है, जन्नत तो यही है, मगर मुझे मेरे सामने किताबों की दुकानें दिखने लगती हैं। मेरे देखते-देखते या कहिए, पुराने लोगों से सुनते-सुनते या कहिए किताबों की दर्दनाक सिसकियों को महसूस करते-करते लगता है कि बताओ, जो गलियां किताबों की, इल्म की शिनाख्त देती थीं, वह जबान के चटखारे का पता देती हैं। किताबों की एक दुकान मरती है और उसमें कोई जायका राल बहाते हुए बाहर आ जाता है। जहां कल तक इल्म का खजाना बिखरा पड़ा था, वहां अब पानी के बताशे-चाट-कबाब और कॉफी के गोते लगने लगते हैं।

लखनऊ के पुराने हिस्से में हम तमाम छोटी-बड़ी किताबों की दुकान जानते थे, सब अब मशहूर खानों की दुकान हो गईं। अकबरी गेट हो या विक्टोरिया स्ट्रीट या फिर चौक हो या हुसैनाबाद, नादान महल हो या फिर रकाबगंज, गौसनगर हो या मौलवीगंज, अमीनाबाद हो, गुइन रोड हो या नजीराबाद हो या कैसरबाग, लालबाग हो या फिर हजरतगंज। यहां कितनी ही किताबों की दुनिया बिरयानी-कवाब-नहारी-कॉफी में जज़्ब हो गईं। पेट और जबान के जायके ने दिमाग के हिस्से की खुराक निगल ली और हम अपनी चमचमाती गलियों से इठला के बोले, हमारे यहां आइए, आपको क्या ही जायकेदार खाना खिलवाते हैं। हम किसे बताएं कि हमने यह पहचान मिटाकर जायके की पहचान ओढ़कर, एक बहुत ही सस्ता सौदा किया है।

**-फेसबुक वॉल से**

# रास्ता बताने से चोखा काम और कोई नहीं



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भव :। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता ? खुद से पूछ कर भी मंजिल हासिल की जा सकती है।

जानते हैं आप, दुनिया की सबसे बड़ी दिक्कत क्या है? हमें पते का पता नहीं है। कहां से आए थे? कहां जाना है? किसके पास जाना है? क्यों जाना है? कब जाना है? आने जाने के बीच क्या करना है? कुछ अता-पता ही नहीं। अकल की दाढ़ उगने के बाद आदमी जिंदगीभर इसी उहापोह में फंसा रहता है। अक्लमंद तलाशता है, जो उसके इन सवालों का जवाब दे सके। सही सच्चा रास्ता दिखा सके और मजे की बात देखिए, उसे हर गली चौराहे नुक्कड़ पर अपनी खटिया बिछाए ऐसे खुदाई खिदमतगार मिल भी जाते हैं।

ये अक्लमंद दिखते कैसे हैं? आमतौर पर सर के बाल, दाढ़ी बढ़ी होती है उनकी। खाया पिया आदमी। चोगा टोपी के साथ तरह-तरह की मालाएं पहनी हुई हो उसने तो कोई ताज्जुब नहीं। उसके माथे पर भभूत तिलक जैसा भी कुछ हो सकता है। उसने या तो धोती पहनी होगी या पायजामा। आपपास जाते हैं उसके। उसे उम्मीदों से तकते हैं। पर अक्लमंद मुफ्त में आपके सवालों का जवाब दे दे तो वो खाक अक्लमंद हुआ। ऐसे में वो आपकी जेब टटोलता है। झोले की तलाशी लेता है। उसके ऐसा करते वक्त आप गाफिल रहें इसके लिए वो लच्छेदार बातों में उलझाता है आपको। डराता है। सब्जबाग दिखाता है। भरोसा दिलाता है। उसके आप बातों में आ ही जाते हैं। चल पड़ते है उसकी दिखाई दिशा में, पर उसके बताए घुमावदार रास्ते आपको कहीं नहीं ले जाते। भटकते हैं, आप। थकते हैं और फिर कोई और मिल जाता है आपको। वो जांचता परखता है आपको। तसल्ली देता है। सही रास्ता बताने का दावा करता है। अपने बताए रास्ते को ही सही ठहरता है। खुद ठग होता है और दूसरों को लुटेरा साबित करता है। आप फिर बातों मे आते हैं। फिर कहीं न पहुंचने वाला सफर आपके हिस्से आता है। पूछने भटकने का सिलसिला इसी तरह जारी रहता है और रास्ता बताने वाले मालदार होते जाते हैं। रास्ता बताने से चोखा काम और कुछ नहीं। हींग लगे न फिटकिरी वाला मामला। रास्ता पूछने वाला आमतौर पर हैरान परेशान होता है। डूब रहा होता है और तिनके का सहारा ढूंढता है। बहुत से रास्ता पूछने वाले शार्ट कट के चक्कर में भी होते हैं। ऐसे में रास्ता बताने वाला उम्मीद सा दिखता है उन्हें और वो अपनी जेब ढीली करने के लिए तैयार बने रहते हैं। मजे की बात यह कि रास्ता बताने वाला खुद कहीं नहीं जाता। खुद अपने बताए रास्ते पर नहीं चलता। उसे खूब पता होता है कि उसका रास्ता




बताना बस जबानी जमा खर्च है। उसके बताए रास्ते को कहीं पहुंचना ही नहीं है, पर यह धंधा है उसका। इसलिए वो बताता है रास्ता और इसके एवज में सामने वाले से दाम वसूल करता है।

क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भवः। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता? खुद से पूछकर भी मंजिल हासिल की जा सकती है और ऐसा न करना चाहे आप तो गूगल मैप किस मर्ज की दवा है कहां जाएं? कैसे जाएं? किस तरफ जाएं जैसे सवालों बाबत वह आपकी बाबा बैरागियों के बनिस्बत बेहतर मदद कर सकता है।

# कैसा होगा आने वाला रामराज्य



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम थे और उनका राज्य आदर्श था, जिसे मुहाविरे की तरह प्रयुक्त किया जाता है। राम ने निकृष्ट माने जाने वाले कुत्ते की प्रार्थना पर समाज में सबसे श्रेष्ठ मान्य ब्राह्मण को भी दंड दे दिया था। राम 'सत्य संध' यानी सत्य का संधान करने वाले कहे गए हैं। उनके कुल की रीति थी 'प्राण जाइं पर वचन न जाई'। इधर अयोध्या में प्रधानमंत्री द्वारा गाजे-बाजे के साथ राम की नई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठित कर देने के बाद अब 'रामराज्य' आने की बात कही जा रही है। इसकी आहट हफ्ते भर के अंदर ही आना शुरू हो गई है। हालांकि यह त्रेता नहीं, कलियुग है, अतः उस और इस रामराज्य में गुणात्मक संशोधन किए गए हैं। दो उदाहरण प्रस्तुत हैं।

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लालू यादव की राजद के साथ मिलकर सरकार चला रहे थे। कुछ समय पहले वे भाजपा से मिलकर सत्तारूढ़ थे। जब अंतर्विरोधों के चलते भाजपा और नीतीश अलग हुए तो भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर कर्ता-धर्ता गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि 'अब नीतीश के लिए भाजपा/एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यही नहीं नीतीश ने भी कहा था कि 'अब हम मरना पसंद करेंगे, लेकिन भाजपा के साथ नहीं जाएंगे'। इसके बावजूद दोनों ने अपने-अपने वचन भंग कर दिए और मिलकर सरकार बना ली। यानी अब जो रामराज्य स्थापित होगा, उसमें वचन पालन वाला अनुच्छेद डिलीट कर दिया जाएगा और सत्ता पर काबिज होना ही ध्येय होगा। दूसरा उदाहरण चंडीगढ़ का है, जो केंद्र शासित क्षेत्र है, यानी यहां शासन केंद्र का सत्तारूढ़ दल प्रशासक के माध्यम से शासन चलाता है। यहां मेयर का चुनाव हुआ जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह नियुक्त किए गए, उपायुक्त द्वारा नामांकित नगर निगम सदस्य हैं और भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े रह चुके हैं। मेयर का चुनाव यहां जनता से नहीं पार्षदों द्वारा होता है। पार्षदों की संख्या 35 है। एक वोट सांसद का भी होता है, जो भाजपा की किरन खेर हैं। भाजपा के 14 पार्षद हैं और उन्हें अकाली दल के एकमात्र सदस्य का समर्थन प्राप्त था। इस तरह उनके मेयर प्रत्याशी को ईमानदारी से 16 मत मिल सकते थे। शेष 20 कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के थे, जो मिलकर यह चुनाव लड़े थे।

इस स्पष्ट गणित के होते हुए भी भाजपा के मेयर प्रत्याशी मनोज सोनकर विजयी घोषित हो गए। पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस+आप गठबंधन के आठ वोट अवैध घोषित कर दिए। कहा गया कि इन मत पत्रों में निशान लगे हैं जिससे ये वैध नहीं रहे। पराजित गठबंधन का आरोप है कि पीठासीन अधिकारी ने ही ये निशान लगा दिए और एक ऐसा वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें अनिल मसीह कुछ लिखते हुए दिख रहे हैं। विवाद जारी है, किंतु प्रथम दृष्ट्या अन्याय हुआ साफ प्रतीत हो रहा है। खास तौर पर तब जब पीठासीन अधिकारी वह बने, जो एक प्रत्याशी की पार्टी का ही हो। इन नमूनों से आने वाले रामराज्य के स्वरूप की पदचाप स्पष्ट सुनाई दे रही है।

## एक नजर

### दो महीने तक जारी रहेगी धारा 144

**सीतापुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान माह एवं आगामी माह में 14 फरवरी को बसन्त पंचमी, 26 फरवरी शबेबरात, 08 मार्च महाशिवरात्रि, 25 व 26 मार्च को होली, 29 मार्च को गुडफ्राइडे, 22 फरवरी से नौ मार्च तक माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं-2024 व आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन आदि त्योहारों/पर्वों तथा प्रतियोगी आदि परीक्षाओं के दृष्टिगत दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा-144 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनहित में एक फरवरी से 29 मार्च तक जनपद की सीमाओं में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी रहेगा।

### फांसी के फंदे पर झूला युवक

**महोली।** नगर पंचायत के कृष्णा नगर मोहल्ला का रवि राठौर 25 वर्ष पुत्र रामसनेही का शव गुरुवार सुबह पेड़ से फांसी के फंदे पर लटकता मिला है। पिता रामसनेही ने बताया कि उसका पुत्र मानसिक रोग से ग्रस्त था जिसका लखीमपुर व लखनऊ मे इलाज चल रहा था बुधवार दोपहर 2 बजे घर से निकला था। गुरुवार को उसका शव अपनी ही बाग में पेड़ से लटकता मिला है इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला ने बताया कि युवक मानसिक रोगी था। जिसका इलाज चल रहा था उसने अपने ही बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

### साइबर ठगों ने बीफार्मा छात्र के साथ की धोखाधड़ी

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रौशीपुर कलां मजरा निबौरी निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र हनीफ ने पुलिस अधीक्षक को जनसुनवाई के तहत शिकायत भेज कर आरोप लगाया है कि बुधवार शाम उसके मोबाइल पर सद्दाम नामक व्यक्ति का एक फोन आया कि तुम्हारे पिताजी ने तुम्हें 25 हजार रूपये भेजे हैं, जिसका मैसेज भी मेरे मोबाइल पर दिख रहा था, उसने कहा कि मेरे दोस्त का एक्सीडेंट हो गया है, मेरे अकाउंट से पैसा ट्रांसफर नहीं हो रहा है, तुम इन्हीं रुपयों में से 15 हजार रूपये तुरंत भेज दो। इसी बीच उसके बैंक ऑफ बड़ौदा के अकाउंट से 3211 रुपये निकाल लिए गए। मोहम्मद इमरान ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग करते हुए अपने रुपए वापस दिलाए जाने की मांग की है।

### प्रतिबंधित पेड़ काटने पर वन विभाग ने वसूला जुर्माना

**रेउसा।** थाना रेउसा इलाके में प्रतिबंधित पेड़ काटने पर वन विभाग ने पेड़ों का 20 हजार का जुर्माना वसूल किया। साथ ही 18 पेड़ बिना परमिट काटने पर पेड़ मालिक, ठेकेदार पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। वन दरोगा आदित्य सिंह ने बताया कि गत दिनों थाना रेउसा के सिकड़िहा गांव निवासी हरिद्वारी यादव के पांच पेड़ों की अवैध कटान पर ठेकेदार मुशीर से 20 हजार का जुर्माना वसूल किया गया। इसी कड़ी में हरिहरपुर नेवादा निवासी मंटू, तेजपाल भार्गव के 18 पेड़ बिना परमिट के काटने पर लकड़कट्टे इब्राहिम पुत्र इजराइल, पेड़ मालिक मंटू, तेजपाल दोनों पर दरोगा हिमांशु वर्मा ने रेउसा थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया।

### उपहार में धार्मिक ग्रंथ देकर उर्दू अनुवादक को दी विदाई

**सांडा।** सकरन ब्लाक कार्यालय के सभागार में उर्दू अनुवादक आलम बाबू को सेवानिवृत होने पर ब्लॉक परिवार ने कुरआन शरीफ के साथ रिस्ट वॉच, ट्रॉली बैग, छाता, सूटकेस, शॉल, टोपी आदि दैनिक जीवन से जुड़ी तमाम जरूरी चीजें देकर विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी विजय कुमार श्रीवास्तव ने तथा मंच का संचालन बड़े बाबू रामकिशोर मिश्र ने किया। ब्लॉक परिवार के सभी सदस्यों ने स्मृति चिन्ह के साथ माल्यार्पण करते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की।

# पेट में कीड़ों से खून की कमी का शिकार हो जाते हैं बच्चे

**सीतापुर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अर्थात नेशनल डीवर्मिंग डे (एनडीडी) का आयोजन गुरुवार को स्कूल, कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया गया। मुख्य आयोजन शहर के सदर बाजार स्थित हिन्द आदर्श इंटर कॉलेज में किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के उपप्रबंधक डॉ. एके अग्रवाल ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पेट में कीड़े होने के कारणों और दुष्परिणामों की जानकारी देते दी और कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजॉल को खाने से होने वाले लाभ भी बताए।

उन्होंने बताया कि पेट में कीड़े होने के चलते बच्चों और किशोरों में

**▸▸ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 24.63 लाख बच्चों को एल्बेंडाजॉल खिलाने का लक्ष्य**

खून की कमी हो जाती है, दरअसल कीड़े पूरा पोषण खा जाते हैं, जिससे बच्चे और किशोर-किशोरियां कुपोषण का शिकार होकर खून की कमी (एनीमिया) से ग्रसित हो जाते हैं। इसीलिए एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों के पेट से कीड़े (कृमि) निकालने के लिए एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई जा रही है। आज दवा खाने से छूटे हुए बच्चों को पांच फरवरी को मॉपअप राउंड चलाकर दवा खिलाई जाएगी। उप प्रबंधक डॉ. ने हिन्दू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के अलावा खैराबाद के प्राथमिक



कार्यक्रम का उद्घाटन करते सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह व उपप्रबंधक डॉ. एके अग्रवाल।

विद्यालय गुरपलिया, रहीमाबाद, उच्च प्राथमिक विद्यालय अशरफपुर, खैरमपुर, रहीमाबाद, कम्पोजिट विद्यालय कमाल सराय के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र कमाल सराय, रहीमाबाद का निरीक्षण कर बच्चों व किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाने की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि बच्चे अक्सर जमीन में गिरी चीज उठाकर खा लेते हैं। कई बार वह नंगे पैर ही घूमते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े (कृमि) चले जाते हैं। जिससे कि शरीर में आयरन की अवशोषण क्षमता बढ़ जाती है और खून की कमी दूर होती है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के नोडल अधिकारी डॉ. राजशेखर ने बताया कि हर वर्ष, साल में दो बार अभियान चलाकर दो बार पेट के कीड़े निकालने वाली दवा खिलाई जाती है। इस अभियान के तहत जिले के 5,854 सरकारी और निजी विद्यालयों के अलावा 4,232 आंगनबाड़ी केंद्रों को शामिल किया गया है। इस अभियान के तहत 24,63,800 बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाने का लक्ष्य है। इस मौके पर सदर पीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. शानू कुमार, आरकेएसके के जिला समन्वयक शिवाकांत डॉ. सीमा कसौंधन आदि मौजूद रहे।

# 84 कोसी होली परिक्रमा मेले में कोई कमी न रहने पाए : जिलाधिकारी

## कलेक्ट्रेट सभागार में मेले की तैयारियों एवं व्यवस्था के संबंध में हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला 2024 की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। 84 कोसीय परिक्रमा मार्ग में कुल 11 पड़ाव हैं, जिसमें से सात पड़ाव जनपद की सीमा एवं चार पड़ाव जनपद हरदोई की सीमांतर्गत स्थित हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह धर्मार्थ कार्य है, सभी लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारी पूरे मनोयोग के साथ निभाना सुनिश्चित करें। वहीं उपजिलाधिकारी मिश्रिख ने मेला से संबंधित तैयारियों के विषय में अवगत कराया एवं जो कमियां पायी गयी उन पर भी चर्चा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पड़ाव स्थलों, धार्मिक स्थलों की बाउन्ड्रीवाल पर रंग-रोगन आदि करा दिया जाये एवं छोटे व बड़े पौराणिक स्थलों पर भी सभी व्यवस्थाएं समय से दुरूस्त करा दी जायें। पड़ाव के मार्गों पर पड़ने वाली झाड़ियों की साफ-सफाई समय से करा दी जाये तथा चोक नालियों एवं जलजमाव की सफाई समय से करा दी जाये। मार्ग पर पड़ने वाले विद्युत के जर्जर एवं लटके हुये तारों



84 कोसी होली परिक्रमा मेले के संबंध में आवश्यक निर्देश देते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

**▸▸ कलेक्ट्रेट सभागार में मेले की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक**

को सही करा दिया जाये। परिक्रमा मार्ग एवं पड़ाव स्थलों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। विद्युत की व्यवस्था नहीं है वहां पर सोलर लाईटों की व्यवस्था समय से करा दी जाये।

खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव स्थलों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। पड़ाव परिसर में रंग रोगन, श्रद्धालुओं के बैठक हेतु व्यवस्था, गद्दा आदि की व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जायें। वहीं बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पूरे मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मेडिकल कैम्प समय से स्थापित कराए जाये तथा मेडिकल कैम्पों पर चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों तैनाती एवं दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही एम्बुलेंस एवं सचल मेडिकल टीमों का भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाय। प्रत्येक पड़ाव पर पेयजल, डस्टबिन, अस्थायी शौचालय स्थापित कराया जाये एवं सफाई गैंगों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाये।

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पंचायत सचिवों एवं लेखपालों के माध्यम से सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कराते हुए आख्या प्राप्त की जाये। नैमिष महोत्सव के आयोजन हेतु भी कार्ययोजना बनाते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने बताया कि सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रबंध किए जाएंगे। इसके लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। परिक्रमा मार्ग एवं मेला स्थल के साथ साथ अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर भी पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इस दौरान सीडीओ निधि बंसल, सीएओ डॉ. हरपाल सिंह, एडीएम नीतीश कुमार सिंह, एएसपी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, एसडीएम मिश्रिख अजय कुमार तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरों ने हजारों की नकदी व लाखों के जेवर किये पार

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना रामपुर कलां क्षेत्रांतर्गत एक गांव में बीती बुधवार की रात करीब एक बजे अज्ञात चोर घर के पीछे की कुंडी तोड़कर अंदर दाखिल हो गये और कमरे में रखी अलमारी को चुराकर उसमें रखी 60 हजार रूपए की नकदी सहित लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर चुरा ले गए। इसकी जानकारी गृहस्वामी को सुबह हुई। जिसकी लिखित तहरीर उन्होंने पुलिस चैकी सरैंया पर दी।

थाना क्षेत्र के सरैया चौकी अंतर्गत सिकंदराबाद के मजरे मुनसीपुरवा निवासी चंद्रशेखर पुत्र राजाराम के घर में बुधवार की रात करीब एक बजे पूरा घर सो रहा था। उसी दौरान घर के पीछे की कुंडी तोड़कर चोर अंदर घुस गये और कमरे की अलमारी को उठा ले गए। वहीं जिस कमरे में पूरा परिवार सो रहा था, उस कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी। अगले दिन सुबह छत पर सो रहा घर का एक व्यक्ति नीचे आया तो देखा घर का दरवाजा खुला पड़ा है तथा कमरे से अलमारी गायब है। ऐसे में काफी खोजबीन की गई तो अलमारी गांव के दक्षिण खड़ंजे पर खाली पड़ी हुई मिली और उसमें रखा 60 हजार दुकान के गल्ले की नकदी, 10 ग्राम की सोने की चेन, 6 बुंदा, एक जोड़ी कान की वाली, दो सोने के लॉकेट, बच्चों के लाकेट माला, एक करधनी, खडूआ चांदी के एक जोड़ी एक अंगूठी तथा सोने की नथ गायब थी। पीड़ित ने 112 पर सूचना देकर लिखित तहरीर सरैंया चौकी पर दी।

# दाल में कीड़े मिलने पर मरीजों सहित तीमारदारों ने काटा हंगामा

**▸▸ जिला अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले खाने में मिली लापरवाही**

**▸▸ खाद्य विभाग ने दाल सहित खाने के भरे नमूने, जांच के लिए भेजा**

**अमृत विचार, सीतापुर।** सदर जिला अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले खाने में कीड़े मिलने पर मरीजों ने जमकर हंगामा काटा। मरीजों के हंगामे पर पहुंची खाद्य विभाग ने खाने के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेज दिया। मरीजों ने दाल में कीड़े दिखने पर खाना लेने से इंकार करते हुए हंगामा काटा। मरीजों के हंगामे के दौरान स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारीयों ने मौके पर पहुंचना तो दूर खाने की गुणवत्ता तक परखना उचित नहीं समझा।

जिला अस्पताल में मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर





फर्म द्वारा मरीजों-तीमारदारों को दी जाने वाली दाल और दाल देखते तीमारदार व अन्य। अमृत विचार

मिलने वाले खाने में कितनी बेहद लापरवाही बरती जा रही है। इसकी बानगी गुरुवार की दोपहर मेडिकल बी वार्ड में देखने को मिली। बताते चले कि स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों को खाना उपलब्ध कराने का ठेका कानपुर की फर्म मेडिको हब कैटर्स को दे रखा है। यह फार्म ही जिला अस्पताल की रसोई में खाना बनाकर मरीजों को मुफ्त सप्लाई करती है। गुरुवार की दोपहर जब मरीजों को खाना दिया जा रहा था तो इस दौरान मरीज के एक तीमरदार ने दाल के पैकेट को खोल कर देखा तो वह दंग रह गया। मरीजों को दी गई दाल में बड़े बड़े कीड़े उतराते देखकर मरीजों और तीमारदारों ने हंगामा शुरू कर दिया। तीमारदारों ने बताया कि दाल में कीड़े होने की शिकायत करने के बावजूद भी लोग मरीजों को खाना बांटते रहे। मरीजों की शिकायत पर जिला अस्पताल पहुंचे नगर विकास राजयमंत्री राकेश राठौर गुरु के भाई ने मौके पर पहुंचकर खाद्य विभाग को सूचना दी। तीमारदार निर्मल त्रिपाठी कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही से आज कई मरीजों की कीड़े वाली दाल खाने से तबियत बिगड़ सकती थी। मरीजों द्वारा डिब्बा खोलने पर अस्पताल प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने दाल सहित मरीजों को दिए जाने वाले खाने का सैंपल लेकर नमूने को जांच हेतु लैब भेज दिया। मरीजों के हंगामे के बाद खाने का वितरण रोक दिया।

> मरीजों को मिलने वाले खाने में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ जांच करवाकर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी। अगर फर्म के लोग दोषी पाये जाते है तो पत्राचार कर फर्म का टेंण्डर खत्म कराया जायेगा। रसोई घर में खाना बनाने और उसकी गुणवत्ता को जांचने तक ही सभी की जिम्मेदारी तय है। जांच कराई जा रही है दोषियों पर कार्यवाई की जाएगी।
>
> **-डॉ. इंद्र सिंह,** प्रभारी सीएमएस, जिला अस्पताल

## सार-संक्षेप

### नेत्र जांच केंद्र के खुलने से लोगों की दूर होगी परेशानी



आई केयर नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ करते पूर्व पालिका अध्यक्ष। अमृत विचार

**लहरपुर।** स्थानीय शहर बाजार चैराहे पर सीतापुर आई केयर नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ पूर्व पालिका परिषद अध्यक्ष मोहम्मद हसीन खान ने किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन ने कहा कि क्षेत्र में आंखों की जांच और इलाज के लिए लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इलाज के लिए उन्हें सीतापुर दौड़ना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि नगर क्षेत्र में आंखों की जांच के लिए सीतापुर आई केयर नेत्र जांच केंद्र के खुलने से लोगों को नेत्र संबंधी सारी सुविधाएं यहां उपलब्ध हो रही हैं। डॉ. लुबना जमशेद, खुर्शीद अहमद, डॉ. एसके जायसवाल, जमशेद, मुशीर बेग, हसन खां, अवधेश मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मंडलस्तरीय कुश्ती में सकरन की बालिकाओं ने बाजी मारी

**सांडा।** विकास क्षेत्र सकरन अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय शेखवापुर की दो बालिकाओं ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण लीग प्रतियोगिता के तहत मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सम्पन्न हुई। दोनों बालिकाओं के विजेता होने पर खंड शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ शिक्षक वर्ग ने बधाई दी है। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण ओपन लीग प्रतियोगिता का मंगलवार को लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजन हुआ। जिसमें जनपद स्तर पर विजेता प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया। जिसमे सकरन के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 8 की छात्रा निशा बानो 50 किग्रा भार व कक्षा 7 की अंशू ने 47 किग्रा भर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। बालिका की इस उपलब्धि पर सकरन के खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह व शिक्षक रवींद्र मिश्र, राधा कृष्ण दीक्षित, कृष्णकांत, शारदा प्रसाद, जगदंबा सिंह, अस्मिता सिंह यादव, आलोक मिश्रा, प्रवीण श्रीवास्तव, अलीमुद्दीन, ओमकार पांडेय आदि ने दोनों बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### डाक जीवन बीमा सेवा की मनाई 141वीं वर्षगांठ



मृतक की पत्नी को दस लाख रूपये का चेक देते अधीक्षक डाकघर सीतापुर मंडल।

**सीतापुर।** एक फरवरी 1884 को स्थापित भारतीय डाक विभाग की डाक जीवन बीमा सेवा की 141वीं वर्षगांठ गुरूवार को सीतापुर डाक मण्डल ने मनाई। इस अवसर को पीएलआई डे के रूप में भी मनाया गया। इस विशिष्ट अवसर पर नये बीमा ग्राहकों को जोड़ने के साथ-साथ मृतक दावा का निस्तारण भी किया गया। निस्तारण के क्रम में डाक विभाग के जनरल इंश्योरेंस के पूर्व ग्राहक ललित कटियार निवासी नवीनगर, लहरपुर ने 25 मई 2023 को रुपये 399 रूपये जमा कर जनरल इंश्योरेंस का बीमा कराया था। उनकी मृत्यु 28 अगस्त 2023 को हो गई। ऐसे में मृतक दावा का चेक रु. 10,00,000 उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति उनकी पत्नी गीता रानी को अधीक्षक डाकघर सीतापुर मंडल पुरुषोत्तम नाथ ने प्रदान किया। इस अवसर पर भारतीय पोस्ट पेमेंट बैंक के सर्किल प्रभारी अशीत आनंद तथा क्षेत्रीय प्रबंधक सौरभ सिंह, मैनेजर सीतापुर उज्जवल कुमार उपस्थित रहे। अधीक्षक डाकघर ने बताया कि डाकघर से आम जनता डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा जनरल इंश्योरेंस की पालिसी किफायती दर पर प्राप्त कर बीमा के साथ-साथ बचत भी कर सकते हैं, जनरल इंश्योरेंस की पालिसी प्रतिदिन एक रुपये से कम दर पर उपलब्ध है।

### सहायक विकास अधिकारी और सचिव को दी विदाई

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** सहायक विकास अधिकारी व सचिव के सेवानिवृत होने पर विकासखंड में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सहायक विकास अधिकारी रामपाल वर्मा तथा सचिव भीखूराम का कार्यकाल 31 जनवरी को पूरा होने पर मीटिंग हॉल में विदाई समारोह का कार्यक्रम किया गया। आयोजन में एडीओ पंचायत रामपाल वर्मा ने रूंधे गले से कहा कि ब्लाक रामपुर मथुरा में चार महीने में ही इतना लगाव हो गया है कि यहां से जाने का मन ही नहीं हो रहा है। आयोजन मे खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि पंचायत साहब का कार्य करने का तरीका कुछ अलग ही था, यदि किसी कर्मचारी से कोई छोटी-मोटी गलती भी हो जाती थी, तो उसे समझाकर डांट-फटकार देते थे, लेकिन उसका कोई नुकसान नहीं करते थे। पोस्टिंग, ट्रांसफर तथा रिटायर्ड होना नौकरी का अहम् हिस्सा है। सेवा का कार्यकाल पूरा होने पर व्यक्ति जिन्दगी के दूसरे सफर मे प्रवेश करता है। कार्यक्रम मे परसेण्डी ब्लाक प्रमुख राजेंद्र प्रसाद राजवंशी, जेई कमलेश मौर्य, सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, विनोद यादव, राम स्वरुप, पुतान भार्गव, जेई अभिषेक वर्मा, प्रबंधक छोटेलाल मिश्रा, पुत्तन दीक्षित, पप्पू सोनी, सुनील यादव, पुनीत कुमार, अमित मौर्य, सुशील कुमार, इंद्रपाल यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### दिव्यांग शौचालयों में गुणवत्ताहीन सामग्री लगाने का आरोप

**सीतापुर।** मानकविहीन दिव्यांग शौचालय का निर्माण विकास क्षेत्र रेउसा के स्कूलों में कराया जा रहा है। बताते चलें कि ग्राम पंचायत हरिहरपुर नेवादा में स्थिति प्राथमिक विद्यालय में दिव्यांग शौचालय को पूरी तरीके से गुणवत्ताविहीन पीली ईंटों का प्रयोग कर ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी द्वारा बना दिया गया। वहीं स्कूल के टीचरों ने कई बार पीली ईंट का प्रयोग न करने, गुणवत्ता परख बनाने की शिकायत भी की। बावजूद इसके प्रधान और सेक्रेटी ने मनमानी कर प्लास्टर दीवारों पर प्लास्टर भी करा डाला। इस मामले पर खण्ड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी ने बताया कि अगर ऐसा किया गया है, तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर- कसमंडा, सीतापुर**

पत्रांक मेमो/सचिव/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/निविदा आ./2023-2024 दिनांक 01/02/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना-अल्पकालीन**

कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहरबंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो से दिनांक 09/02/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 02/02/2024 से दिनांक 09/02/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवनीत वाजपेयी के घर से बुद्धी लाल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 529536.00 | सीमेंट- 5.34 टन, ईट- 6709 No.<br>मौरंग- 5.13 घन मी0<br>बालू- 13.80 घन मी0<br>रोड़ा- 27.61 घन मी0<br>इण्टरलाकिंग ब्रिक्स- 278 वर्गमी0 | 465853.00 | 200.00 |
| 2 | मुन्ना के घर के आगे से बुद्धी लाल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 505193.00 | सीमेंट- 5.09 टन, ईट- 6413 No.<br>मौरंग- 4.91 घन मी0<br>बालू- 13.16 घन मी0<br>रोड़ा- 26.32 घन मी0<br>इण्टरलाकिंग ब्रिक्स- 264 वर्गमी0 | 444181.00 | - |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/ एफडीआर जो ग्राम पंचायत जगदीशपुर के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

**प्रधान- ग्राम पंचायत जगदीशपुर, कसमण्डा-सीतापुर**

**सचिव- ग्राम पंचायत जगदीशपुर, कसमण्डा-सीतापुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पुत्र को पहले मोहम्मद अंजर सिद्दीकी के नाम से जाना पहचाना जाता था मौजूदा समय मे मो अंजर पुत्र वकील अहमद के नाम से जाना व पहचाना जायेगा आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजो/कागजातों मे मोहम्मद अंजर नाम अंकित है मोहम्मद अंजर के नाम से जाना व पहचाना जाए व सभी दस्तावेज मो अंजर के नाम से जारी किये जाये। - **वकील अहमद पुत्र रज्जब अली, निवासी- शोराकोठी, मोहल्ला अशराफ टोला, कस्बा सण्डीला जिला हरदोई**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की अंक तालिक में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश राम करम दर्ज हो गया है। जबकि उनका सही नाम राम करन है। अत: मेरी हाईस्कूल की अंकि तालिका में सही नाम अंकित किया जाय। - **शिवम यादव पुत्र राम करन, निवासी- तेजई पाण्डेय का पुरवा रतापुर, जिला व तहसील-अमेठी।**

## कार्यक्रम

## सनातन ब्राह्मण समाज ने कन्या विवाह सम्मेलन का किया आयोजन

# एक-दूसरे का हाथ थाम जीवन भर साथ रहने की खाई कसम



वर-वधू को आशीर्वाद देतीं पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी, प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** सनातन ब्राह्मण समाज ने शहर के एक गेस्ट हाउस में कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें वर-वधुओं ने एकदूसरे का हाथ थाम जीवन भर साथ रहने की कसम खाई। वर-वधु ने विवाह सम्पन्न होने के बाद भगवान से वैवाहिक जीवन के सुखमय रहने की कामना की।

समिति ने कन्याओं को घर गृहस्थी का सामान उपहार स्वरुप भेंट किया। आशीर्वाद समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी व् प्रतिनिधि नमिन्द्र अवस्थी ने वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान विश्वंभर दयाल तिवारी, मंडल अध्यक्ष रामदत्त मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष आकाश राय, कार्यक्रम जिला अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, महामंत्री अजय मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शशिकला मिश्रा, सचिन त्रिपाठी, वेद प्रकाश त्रिपाठी, कमलेश पांडेय, ब्रिजेन्द्राचार्य, श्रवण शास्त्री, शशिकांति तिवारी, पंकज पाण्डेय, नैमिष रत्न तिवारी, जीवेश रत्न तिवारी, पंकज पाण्डेय, कविता पाण्डेय, सुषमा त्रिवेदी, आयुषी पाण्डेय, गायत्री तिवारी, लक्ष्मी बाजपेई, राम शंकर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## ननिहाल गई युवती प्रेमी के साथ हुई फरार

**सदरपुर।** ननिहाल गई युवती जेवर लेकर अपने आशिक के साथ फरार हो गई। पीड़ित भाई ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। सदरपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित भाई ने थाने में गुरुवार को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि चार दिन पहले उसकी बहन रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में अपने ननिहाल गई थी। पीड़ित भाई का आरोप है कि उसकी बहन बुधवार रात जब शौच का बहाना करके घर से बाहर निकली थी। इसी बीच मौके का फायदा उठा कर आशिक दिलीप कुमार निवासी कोलइपुरवा मजरे छतौनी थाना रामपुर मथुरा अपने साथियों मुकेश कुमार, कल्लू, संजय की मदद से भगा ले गया। पीड़ित भाई ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी बहन घर में सोने और चांदी के आभूषणों को अपने साथ लेकर चली गई है। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## एक नजर

### पास्को व एससीएसटी एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा पाक्सो व एससीएसटी एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक राम हिन्द सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर पाक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट में वांछित राम अवध गोडिया पुत्र गयादीन निवासी अलाईपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब चालीस वर्ष को अलाईपुर चौराहा, छीछा मोड़ के पास गिरफ्तार किया गया।थाना मोहनगंज पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अमेठी।** थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक सुरेश कुमार मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित शनि सरोज पुत्र श्रीराम सरोज निवासी ग्राम चन्दौकी थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब उन्नीस वर्ष को उलरा मोड़ चन्दौकी के पास से गिरफ्तार किया गया है।थाना मुंशीगंज पुलिस गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

### 15 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर हुआ गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस ने रमई रोड नहर पुल के पास से नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत 15 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को उप निरीक्षक राम नरेश सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान निशान्त कुमार लोध पुत्र जगदीश प्रसाद लोध (24) निवासी पन्नू का पुरवा मजरे बहादुरपुर थाना जायस हाल पता ग्राम पूरे मुकुन्द मजरे रमई थाना मोहनगंज को रमई रोड नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के कब्जे से पन्द्रह ग्राम स्मैक बरामद हुई है। थाना मोहनगंज के इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### झाड़फूंक के बहाने किशोरी से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** झाड़फूंक के बहाने नाबालिग किशोरी को झाड़ियां में ले जाकर छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मोहनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव कि रहने वाली किशोरी (15) बीमार होने के चलते अपनी बुआ के साथ अलाईपुर गांव निवासी राम अवध के पास तंत्र मंत्र व झाड़ फूंक करा रही थी। मंगलवार को महिला अपनी बेटी व 15 वर्षीय नाबालिक किशोरी के साथ तांत्रिक के पास उसके घर गई थी। आरोपी बाबा राम अवध झाड़ फूंक करने की बात कहकर नाबालिग को कुछ दूर झाड़ियां में ले गया। झाड़ियों में किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश करने के बाद लौट आया। जब किशोरी होश में आई तो वह नि:वस्त्र थी। तब उसने पूरे घटना की आप बीती परिजनों को बताई।

# अमेठी की जनता बोली-पूंजीवादी व कर्मचारी हितों का विरोधी है बजट

अमेठी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पूर्व केन्द्र सरकार की ओर से प्रस्तुत आम बजट ने सरकारी कर्मचारियों को बेहद निराश किया है। आयकर में कोई कमी नहीं की गई है। पुरानी पेंशन की बात तो दूर आठवें वेतन आयोग के बारे में भी बजट में कोई उल्लेख नहीं है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्त विहीन गुट के प्रदेश सचिव कमलेश यादव ने कहा कि बजट पूर्णतः पूंजीवादी और कर्मचारी हितों का विरोधी है। बजट से निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं और मंहगी होंगी। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री रमाकांत मौर्य ने कहा कि बजट से शिक्षकों और कर्मचारियों को कोई लाभ नहीं होने वाला है। बीएसएनएल इम्प्लाइज यूनियन के पूर्व सर्किल सेक्रेटरी रहे आरके मिश्र ने कहा कि बजट पूर्णतः आम आदमी विरोधी है, सरकार देश को आर्थिक गुलामी की तरफ बढ़ाने में लगी हुई है।

**बजट सत्र**

- **इस बजट से निजीकरण को मिलेगा बढ़ावा**
- **बजट से शिक्षकों और कर्मचारियों को कोई लाभ होने वाला है नहीं**

### मोदी सरकार ने दिखाए हैं झूठे सपने

● अमेठी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नगर अध्यक्ष मो कुद्दुस खां ने कहा कि मोदी सरकार की ओर से पेश किए गए बजट में देश की जनता को झूठे सपने दिखाए गए हैं। बजट में मंहगाई पर अंकुश और युवाओं के लिए रोजगार सृजन के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए हैं।

आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सबका ख्याल रखा है। महिलाओं के हित के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। बजट पूर्ण रूप से आम आदमी के हितों को समर्पित है।

–**रश्मि सिंह**, वरिष्ठ भाजपा नेता सदस्य

### चुनाव के पूर्व बजट से किसानों को कोई राहत नहीं



● अमेठी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष हरीश सिंह चुन्नू ने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से पेश किए गए बजट में किसानों को कोई राहत नहीं दी गई है। अवारा पशुओं की समस्या के हल और डीजल पेट्रोल की कीमतों में कमी के बारे में कोई चर्चा नहीं की गई है। किसान सम्मान निधि भी नहीं बढाई गई है।

### बजट छलावा, जनहित की कोई बात नहीं :सपा जिलाध्यक्ष

● अमेठी। सपा के जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि आम बजट जनता के लिए छलावा है। देश को झूठे सपने दिखाकर भाजपा नीत सरकार चुनावी लाभ की कोशिश में हैं। बजट से किसानों , नौजवानों और मजदूरों को कोई लाभ नहीं होने वाला। सरकार केवल दस फीसदी बड़े लोगों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है।

माननीय प्रधानमंत्री के निर्देशन में वित्त मंत्री ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र को आगे बढ़ाते हुए सबके हितों का ख्याल किया है। आशा और संगिनी महिलाओं को आयुष्मान योजना का लाभ दिया गया है। आम बजट जनहितकारी है। इससे रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

–**चन्द्रमौलि सिंह**, भाजपा प्रवक्ता

# संयुक्त जिला चिकित्सालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

- **स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा, चिकित्सकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**
- **मरीजो का लिया हाल-चाल, बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

अमृत विचार



संयुक्त जिला अस्पताल में मरीजों का हालचाल लेती डीएम निशा अनंत।

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया एवं मरीजों का हाल-चाल जाना तथा चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सुबह करीब पौने 9 बजे जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची डीएम ने सर्वप्रथम ओपीडी, पैथोलॉजी कक्ष, इमरजेंसी विंग, जनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, डायलिसिस कक्ष, ब्लड बैंक, केएमसी वार्ड, एसएसएनसीयू वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी ली एवं संबंधित चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त डीएम ने मरीजों से आवश्यक दवाओं के साथ ही भोजन आदि मिलने की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विगत दिनों करंट की चपेट में आने से जो बच्चे झुलस गए थे। उनका भी हाल-चाल लिया एवं बेहतर इलाज करने के निर्देश सीएमएस को दिए। ब्लड बैंक के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ब्लड बैंक के संचालन के संबंध में जानकारी ली जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बीपी अग्रवाल ने बताया कि ब्लड बैंक के जल्द ही संचालित होने की संभावना है।

आगामी 6 फरवरी को लखनऊ से टीम निरीक्षण करने आएगी, डीएम ने कहा कि ब्लड बैंक संचालन में यदि किसी भी प्रकार की कमी आती है तो उन्हें अवगत कराएं। जिससे जो भी छोटी-मोटी कमियां हैं उन्हें पूर्ण करते हुए ब्लड बैंक का संचालन प्रारंभ किया जा सके। केएमसी वार्ड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर टेलीविजन व अन्य प्रचार सामग्री लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने गंभीर मरीजों के रेफर की स्थिति के बारे में जानकारी ली जिस पर सीएमएस ने बताया कि गंभीर मरीजों को सुल्तानपुर, रायबरेली अथवा केजीएमसी लखनऊ रेफर किया जाता है। इसके अलावा डीएम ने अस्पताल में चिकित्सकों, स्टाफ, आवश्यक दवाओं, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली।

# ओपीडी में नहीं मिले डॉक्टर और फार्मासिस्ट, सीएमओ ने लगाई फटकार

अमेठी

- **सीएमओ ने 10 बजे पीएचसी जायस पहुंचकर किया औचक निरीक्षण**

**अमृत विचार।** जायस पीएचसी का गुरुवार की सुबह 10 बजे सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित पंजिका के अवलोकन में पीएचसी अधीक्षक और फार्माशिष्ट सहित कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सीएमओ के निरीक्षण के दौरान मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि डाक्टर और फार्माशिष्ट अभी कैम्पस आवास में है। ओपीडी समय में डॉक्टर को कैम्पस आवास में देख सीएमओ सख्त हो गए।

निरीक्षण के क्रम में जानकारी देते हुए सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा गुरुवार सुबह 10 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस का औचक निरीक्षण किया गया है और इसके बाद 10:10 बजे उपस्थित पंजिका का अवलोकन करने पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन सहित फार्मासिस्ट विक्रम प्रसाद अनुपस्थित थे। सीएमओ ने मौजूद कर्मचारियों से डॉक्टर और फार्माशिष्ट के बारे में पूंछा तो पता चला कि अभी दोनो लोग कैम्पस आवास में है।



पीएचसी जायस में अभिलेख चेक करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

अस्पताल में सीएमओ की आने की खबर सुन डॉक्टर और फार्माशिष्ट में खलभली मच गई। सीएमओ अंशुमान सिंह ने कड़ी फटकार लगाते हुए सख्त हिदायत दी कि ओपीडी समय में अस्पताल में ही रहकर मरीजों का समुचित इलाज करें, और कहा कि अस्पताल में आये हुए मरीजों को किसी तरह की समस्या नहीं आनी चाहिए।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो ट्रामा सेंटर रेफर

जगदीशपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ससुराल से लौट रहे बाइक सवार युवक की अज्ञात स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक चालक युवक की मौत हो गई तथा उस पर बैठे तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

जगदीशपुर जायस रोड स्थित आनंद नगर चौराहे के पास बाइक की अज्ञात स्कॉर्पियो से भिड़ंत हो गई। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले गए। जहां चिकित्सकों ने बाइक चालक भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के पूरे उम्मर मजरे दौलतपुर लोनहट गांव निवासी राकेश पुत्र राजाराम (40) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# महिलाओं के लिए होगी खेलकूद प्रतियोगिता

अमेठी

**अमृत विचार।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी अपने संसदीय क्षेत्र की महिलाओं के सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराएंगी। जिसमें डेढ़ लाख से अधिक महिलाएं प्रतिभाग करेंगी।

प्रतियोगिता का आयोजन इसी माह में शुरू होगा। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति के निर्देश पर संसदीय क्षेत्र की महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बड़े स्तर पर सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इसी माह में करवाया जाएगा। प्रतियोगिता में संसदीय क्षेत्र की डेढ़ लाख से अधिक महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। यह प्रतियोगिता 15 से 20 दिन तक चलेगी। प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है।



बैठक में संबोधित करते प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह। अमृत विचार

# चुनावी लाभ की दृष्टि से तैयार किया गया बजट

अमेठी

- **जनता के हित से अधिक लोकसभा चुनाव की चिंता**
- **सच्चाई से दूर लोक लुभावन है निर्मला सीतारमण का बजट**

**अमृत विचार।** केन्द्र सरकार की ओर से गुरुवार को पेश किए गए आम बजट को बहुजन समाज पार्टी ने जमीनी वास्तविकता से दूर बताया है। बसपा ने कहा है कि इस बजट में गरीबी, बेरोज़गारी और मंहगाई जैसी समस्याओं पर कोई ध्यान न देकर चुनावी लाभ की दृष्टि से तैयार किया गया है। सरकार की ओर से अर्थव्यवस्था में सुधार और विकास के दावे पूरी तरह झूठे हैं, यदि गरीबी दूर हुई होती तो 80 करोड जनता को फ्री राशन क्यों बांटना पड़ता।

आम बजट पर बसपा सुप्रीमो मायावती की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने इसे शेयर किया है। बसपा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्व संसद में गुरुवार को पेश बजट को जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। इस प्रकार देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई महंगाई आदि से त्रस्त जीवन को नकारना अति दुखद और चिंतनीय है। बसपा के अयोध्या मंडल प्रभारी छोटे लाल मौर्य ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था व विकास संबंधित सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहां के 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री राशन का मोहताज जीवन जीने की मजबूर नहीं होना पड़ता। बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, पूर्व जिला प्रभारी संजय कुमार कोरी, विधानसभा प्रभारी राम देव पासी आदि ने बजट को निराशाजनक बताया है और कहा है कि इससे आम आदमी को कोई विशेष लाभ नहीं मिलेगा।

### 6 कंपनियों ने 87 युवाओं को दिया रोजगार

**संग्रामपुर अमेठी।** गुरुवार को कौशल विकास मिशन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और जिला सेवा योजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 185 अभ्यर्थी शामिल हुए। प्राइवेट सेक्टर की 6 कम्पनियों ने 87 अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट किया है। रोजगार मेले का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी शिव पूजन भारती ने किया। उन्होंने 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। जिला सेवा योजन अधिकारी अनुपमा रानी, जिला समन्वयक आर के अग्निहोत्री और प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-330

**बाएं से दाएं**

1. 1. हरा-भरा 2. हृष्ट-पुष्ट 3. उत्फुल्ल; प्रफुल्ल; आनंदमय।
5. 1. अत्यंत भाग्यवान 2. पुण्यात्मा 3. सुविख्यात।
6. पानी रखने का छोटा घड़ा; छोटा गगरा; मटका।
7. विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अध्यापक के रूप में प्रशिक्षित होने की परीक्षा तथा उपाधि; (बैचलर ऑव एजुकेशन)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह बड़ा कलछा जिससे शीरा निकाला जाता है; बड़ी डोई 2. ताड़ी चुआने की हाँड़ी; लबनी।
2. 1. रमज़ान के महीने में मुसलमानों के द्वारा रखा जाने वाला प्रतिदिन का उपवास 2. रमज़ान का एक दिन।
3. नमस्कार; सलाम।
4. 1. जागते रहने की अवस्था या भाव; नींद न आना; जागना 2. किसी उत्सव
5. मगरिब या पश्चिम का; पाश्चात्य; पश्चिमी।





### वर्ग पहेली - 329 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 घा | 2 ति | नी | ■ | ■ | 3 टो |
| ■ | रं | ■ | 4 भू | ■ | ड़ी |
| 5 अं | गा | रि | त | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | वा | ■ | 6 धो |
| 7 ह | ठ | वा | दी | ■ | खे |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | बा |
| ■ | 8 धाँ | ध | ले | बा | ज़ |

**सुडोकू-47**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 5 | 9 | | | | | | 2 | |
| | 8 | | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | | | | | 1 | 7 |
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | |
| 6 | | 3 | | 8 | | | 4 | 1 |

### सुडोकू - 46 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 2 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-सप्तमी 16.02 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग





**मुहूर्त**-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.03-09.47, 12.42-13.26 तक।
**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 3 फरवरी 05.57 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष:** आज बुरे विचारों से स्वयं को अप्रभावित रखें। पड़ोसियों से झगड़ा होने की आशंका है। अपने खानपान में तेल मसाला युक्त खाद्यों का ज्यादा प्रयोग न करें। पारस्परिक रिश्तों में निकटता बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

**वृष:** आज पिता के साथ वैचारिक मतभिन्नता हो सकती है। कारोबार में आपेक्षिक प्रगति होगी। घर वालों के साथ अच्छा वक्त बिताने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके नेतृत्व में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आश्वस्त रहेंगे।

**मिथुन:** आज विरोधियों की संख्या में कमी आएगी। खर्चों पर नियंत्रण करने की कोशिश होगी। दोपहर के बाद अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास रहेगा। पारिवारिक कारणों से मन बेचैन हो सकता है। माइग्रेन का दर्द उभर सकता है।

**कर्क:** आज आवश्यक कार्यों में विलंब न करें। किसी यात्रा पर चलने का विचार बना सकते हैं। वाहन चलाते वक्त सावधान रहें। अति आत्मविश्वास आपको असफलता की ओर ले जा सकता है। दोपहर के बाद आपकी आलोचना हो सकती है।

**सिंह:** आज सरकारी कार्यों में आपको परेशानी हो सकती है। पुरानी समस्याओं से सीखने का प्रयास करना चाहिए। कल तक जिन कार्यों से व्यय हो रहा था, उनसे धन प्राप्त होगा। घर में मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

**कन्या:** आज व्यापार में नए प्रस्ताव मिल सकते हैं। मनोरंजक यात्रा का विचार बनाएंगे। घर में बिन-बुलाए मेहमान आ सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तनाव आने की आशंका है। नए संपर्कों का बेहतर लाभ उठाने का प्रयास करेंगे।

**तुला:** आज संध्या के समय कोई अच्छी खबर मिल सकती है। भविष्य के लिए नए व्यापार की योजना बनाएंगे। अपने शत्रुओं को कम आंकने की भूल न करें। कारोबार में नवीन प्रस्ताव मिल सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** आज अपने मित्रों और शुभचिंतकों पर व्यर्थ में शक न करें। मन में भावुकता और क्रोध का आधिक्य रहेगा। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों में कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु:** आज किसी मित्र द्वारा आपको करियर को लेकर अच्छी सलाह मिल सकती है। रियल एस्टेट में निवेश करने का विचार बनाएंगे। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले जातकों के लिए समय शुभ है।

**मकर:** आज नई योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समय उत्तम है। अपने प्रेमी अथवा लवमेट्स को प्रपोज कर सकते हैं। संतान के व्यवहार से मन खिन्न रहेगा। आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ:** आज विद्यार्थी करियर को लेकर कुछ लापरवाह हो सकते हैं। आपको पिता की सेहत का ध्यान रखना चाहिए। किसी से कोई वादा नहीं करना चाहिये। प्रतिष्ठित लोगों के समक्ष अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत तनावपूर्ण हो सकती है। आपको अपनी गुप्त बातें किसी से नहीं कहनी चाहिए। आत्मविश्वास की कमी के कारण निराशा का अनुभव कर सकते हैं। विदेशी भूमि पर रहने वाले जातकों के लिए दिन शुभ नहीं है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- **एक द पॉवर ऑफ वन** सुबह: 11.15
- **जख्मी सिपाही** रात: 07.00

**SONY PIX**
- **हेलबॉय** सुबह: 10.17
- **जुमांजी** रात: 07.00

**SONY MAX**
- **तारा वर्सेज बिलाल** सुबह: 10.22
- **हिंदी मीडियम** रात: 09.40

**ZEE CINEMA**
- **इंटरनेशनल खिलाड़ी** सुबह: 10.30
- **इंडिया लॉकडाउन** रात: 07.30

**colors CINEPLEX**
- **दुनिया** दोपहर: 12.02
- **गोलमाल 3** रात: 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

लड़की-पापा मुझे एक लड़का तंग करता है।
पिता-क्या सजा दूं उसे?
लड़की-मेरी शादी उससे करवा दो।
पिता-वाह बेटी वाह... सजा देने में बिल्कुल अपनी मां पर गई है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल प्रति कुन्तल**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800।

## सर्राफा

**कानपुर**
चॉदी 999 (प्रति किलो) 73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल 87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम) 64,625
गिन्नी (प्रति नग) 48,100-48,300

**लखनऊ**
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) 64,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) 63,950
गिन्नी (प्रति 10 नग) 42, 500
चांदी (999) 74,000
चांदी तैयार 74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) 80, 000

**बरेली**
सोना जेवरात पक्के 63,900
सोना जेवरात गिन्नी 62,900
चांदी पक्की 730 (अनुमानित)

**मुरादाबाद**
सोना 24 कैरेट 64,200
चांदी आभूषण 72,900।

# अंतरिम बजट में लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से बचा गया

**बजट पर विश्लेषण**



डॉ. विकास प्रधान
अर्थशास्त्री

**निष्कर्ष:** अंतरिम बजट 2024 सरकार का तीन-चार महीने का कार्य चल सके उसके लिए है, जबकि सभी की उम्मीदें पूरी करने के लिए नहीं। इस लिहाज से यह संतुलित लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा रहित विशुद्ध लोकतांत्रिक बजट है।

**भा**रतीय अर्थव्यवस्था को 'रिफार्म, परफार्म प ट्रान्सफार्म, की आत्मा के सर्वांगीण व समावेशी विकास के लक्ष्य को इंगित करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट 2024 प्रस्तुत किया। अर्थात यह सत्र का अंतिम बजट नहीं है इसलिए लगी हुई उम्मीदों का भी अंत नहीं है जबकि जुलाई तक आशा है। सरकार की तारीफ करनी चाहिए कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भी लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से इस बजट में बचा गया है और पिछले 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था में क्या परिवर्तन हुए उन पर बात की गई है यद्यपि गत 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था का आकार बहुत बढ़ गया है लेकिन इस बड़ी अर्थव्यवस्था में डिस्ट्रीब्यूटिव जस्टिस की बात बजट में नहीं है। सुखद एहसास है कि अब संरचना विकास पर गत वर्ष के 10 लाख करोड रुपये पर 10 से बढ़कर 11.11 लाख करोड़ किया गया है जो प्रभावी मांग को बढ़ाकर उत्पादन व नवीन रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। इसी क्रम में तीन बड़े आर्थिक रेलवे कॉरिडोर को बनाना, 40000 बोगियों को वंदे भारत से जोड़ना, राज्यों में पर्यटन हेतु पर्यटन केंद्र विकसित करना आज निश्चित ही पूंजी सृजन को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाएंगे लेकिन कैसे और कब तक-प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 2 करोड़ नए घर बनाना लखपति दीदी योजना 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन योजना आत्मनिर्भर भारत और लैंगिक समानता के दावे को मजबूत करता है किंतु यह 4.5 के राजकोषीय घाटे और बजट घाटे के लक्ष्य में बाधा उत्पन्न ना करें इसका जिक्र नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों को प्रोत्साहन व नए सीमेंट उद्योगों की स्थापना ऊर्जा संरक्षण व देश में ऊंची विकास दर को प्रोत्साहन देने वाला कदम है किंतु इनके लिए फंडिंग का जिक्र ना होना निराशाजनक है और तब जब उनकी समय सीमा निर्धारित ना हो और चुनाव सिर पर हो तब यह महज घोषणाएं लगते हैं या सरकार पुनः सरकार गठन हेतु पूर्ण आशवसत है और पूर्ण बजट में इन्हें जारी रखेगी। इस अंतरिम बजट का एक निराशाजनक पहलू यह भी है जिसमें नौकरी पेसा, बेरोजगार विद्यार्थी, किसान, मध्यम वर्ग और ग्रहणिया शामिल है जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ है नौकरी पेसा के लिए कर स्लैब में कोई परिवर्तन न होना बेरोजगारों के लिए रोजगार हेतु नवीन औद्योगिकरण ना होना विद्यार्थियों हेतु नई शिक्षा नीति के उत्पादन के रूप में निकलने पर बाजार व सरकार की आवश्यकताओं में स्वीकार्यता पर प्रश्न होना सम्मान निधि व फसल बीमा योजना व अनुसंधान की बात ना होना बताता है कि यह काम चलाऊ अंतरिम बजट है पूर्ण बजट नहीं मध्यम वर्ग बा ग्रहणियों को मुद्रास्फीति से राहत न मिलाना भी इसी बात की ओर संकेत करता है।

किंतु निराश लोगों को यह याद रखना चाहिए कि यह पूर्ण बजट नहीं है इसलिए उनकी उम्मीद और आशा जीवित रहनी चाहिए जो नई सरकार गठन के बाद पूर्ण बजट जुलाई 2024 में पूर्ण हो सकती है। अर्थशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते मेरी चिंता राजकोषीय घाटे व वित्तीय घाटे को लेकर है जो क्रमशः 4.5 व 5.5 का लक्ष्य अभी तक प्राप्त नहीं कर पाया जबकि इसके तहत इसे 3 के नीचे होना चाहिए। साथ ही रुपया कहां से आता है और कहाँ जाता है का समीकरण व चित्र बहुत उत्साहित करने वाला नहीं है। आज भी एक रूपये में ब्याज अदायिगियों पर 20 प्रतिशत का व्यय गैर उत्पादकीय है। इसे कम करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। वहीं प्राप्तयों में एक रुपये में सर्वाधिक 28 प्रतिशत प्राप्तियां उधार और अन्य देयताओं से होना अर्थ व्यवस्था पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही हैं जिनका ब्याज भुगतान करना अर्थव्यवस्था के आकार व्यापकीकरण में निश्चित ही बाधा उत्पन्न करेगा। इसके हल के लिये नये 'स्रोत व नये साधनों को विकसित करने की नीति बनानी होगी। जनसंख्या लाभांश और भारतीय कृषि में इस समस्या का हल छिपा हुआ है जिसे प्रोत्साहित व प्रयुक्त करना होगा यदि अमृतकाल के उपरांत 2047 तक हम विकसित भारत चाहते हैं तो आंतरिक रूप से साधनो विशेषकर श्रम साधनों को गतिशीलता देना, नए, बाजारों, नयी मण्डियों की स्थापना व ग्रामीण विकास को बल देना होगा जो पूर्ण बजट में शामिल होने की संभावना है।

वहीं प्रत्यक्ष करों में सुलभता व सरलता, आयुष्मान भारत प्रत्यक्ष करो में योजना को महत्व देना, राज्यों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराना आदि के लिये सरकार की सराहना करनी चाहिए जो सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को सिद्ध करता है। जनसंख्या पर समिति का गठन अच्छे लक्षण हैं युवा शाक्त के आकडों गत संग्रहण की किन्तु इस शक्ति जनसांख्यिक लाभांश के रूप में लेकर उत्पादक बनाना होगा।

**(लेखक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत के अर्थशास्त्र विभाग में विभागाध्यक्ष हैं।)**

# बजट समावेशी विकास प्रदान करने में करेगा मदद

## उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने बजट को भविष्योन्मुखी, निरंतरता और विश्वास का बजट करार दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

### यह बजट आत्मविश्वास को दर्शाता है: आनंद महिंद्रा



महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि सीतारमण का यह बजट भाषण सबसे छोटे भाषणों में से एक था। इसका स्वागत है और यह आत्मविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, '' किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है।

उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बृहस्पतिवार को पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 का स्वागत करते हुए कहा कि बजट भारत को जन-केंद्रित और समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा। उन्होंने बजट को भविष्योन्मुखी और '' निरंतरता तथा विश्वास का बजट'' करार दिया जिसमें आम चुनाव से पहले पेश किए जाने के बावजूद कोई लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई।

हीरानंदानी समूह के संस्थापक डॉ. निरंजन हीरानंदानी ने कहा-वित्त मंत्री ने एक एकीकृत तथा न्यायसंगत विकास बजट परिव्यय को 'डिकोड' किया है जिसमें महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार, आर्थिक वृद्धि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाना, उभरते क्षेत्रों पर जोर देना और शहरी और ग्रामीण आवास को प्रोत्साहन देना शामिल है।

बायोकॉन लिमिटेड की चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने भी कहा कि वित्त मंत्री ने निरंतर आर्थिक वृद्धि के लिए एक व्यापक मार्ग प्रशस्त किया है जो भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने में सक्षम बनाएगा। जेडईआईएसएस समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (भारत) धवल राडिया ने कहा कि बजट दूरदर्शी है और यह निरंतरता और विश्वास का बजट है।

आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने अंतरिम बजट की सराहना करते हुए इसका स्वागत किया। स्नैपडील के सह-संस्थापक कुणाल बहल ने कहा-विकसित भारत 2047'' का दृष्टिकोण निर्णायक शासन, प्रेरणादायक नेतृत्व तथा डिजिटल, भौतिक, सामाजिक बुनियादी ढांचे को वितरित करने के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड की मजबूत नींव पर रखा गया है। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने पर्यटन तथा आतिथ्य क्षेत्र पर सरकार के जोर का स्वागत किया। क्रिशुमी कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा-वित्त मंत्री द्वारा खासतौर से मध्य वर्ग के लिए एक नई आवासीय योजना की घोषणा आवास क्षेत्र के लिए एक अच्छी खबर है। इससे मध्यम तथा किफायती मकानों की मांग में बढ़ोतरी की संभावना है।

# कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत: चौहान

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **एनएसई के सीईओ बोले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए हो रहा काम**



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि 50,000 करोड़ रुपये का कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत देता है, जिसमें वह किसी कंपनी को कम दाम के बजाय सही कीमत पर बेचना सुनिश्चित करना चाहते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने के लिए काम कर रही है जैसा कि हाल के दिनों में देखा गया है। चौहान ने कहा-वे (सरकार) यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उन्हें सार्वजनिक उपक्रमों की बिक्री से सर्वोत्तम कीमत मिले। इसलिए सामान्य तौर पर रणनीति बदली हुई प्रतीत होती है। राजनीतिक रूप से मजबूत शासन के लिए कम विनिवेश लक्ष्य पर किए सवाल पर उन्होंने यह बात कही। चौहान एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक भी हैं।

## आईएमडी ने 199 जिला कृषि मौसम इकाइयां बंद करने का निर्णय लिया

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ब्लॉक स्तर पर लाखों किसानों को मौसम से जुड़ी जानकारी प्रदान करने वाली सभी 199 जिला कृषि मौसम इकाइयों की सेवाओं को बंद करने का निर्णय किया है। इन इकाइयों से किसानों को फसलों का नुकसान कम करने तथा आय बढ़ाने में मदद मिलती थी। आईएमडी की ओर से 17 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार जिला कृषि मौसम इकाइयों (डीएएमयू) की सेवाओं को इस वित्त वर्ष (2023-2024) से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।

# वर्ष 2024-25 में विनिवेश से 50,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए अंतरिम बजट में 50,000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही संशोधित अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में विनिवेश से 30,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

पिछले साल का बजट पेश करते के समय 2023-24 में विनिवेश से 51,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया था। लोकसभा में पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 के अनुसार सरकार को चालू वित्त वर्ष (2023-24) में सार्वजनिक संपत्तियों के मौद्रीकरण से कोई राशि मिलने की उम्मीद नहीं है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के मुताबिक इस मद में 10,000 करोड़ रुपये हासिल करने की योजना थी। चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकार ने कोल इंडिया, एनएचपीसी, आरवीएनएल और आईआरईडीए सहित सात सरकारी उपक्रमों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचकर 12,504 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सरकार को मार्च, 2024 तक विनिवेश से कुल 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।

## सरकार 25,000 रुपये तक की विवादित कर मांग वापस लेगी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष कर मामले में पुराने विवादित कर मांग मामलों से लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया है। इसके तहत वित्त वर्ष 2009-10 तक 25,000 रुपये और 2010-11 तक 10,000 रुपये तक के विवादित कर मांग से लोगों को राहत दी जाएगी। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि विवादित कर मांग को वापस लेने से एक करोड़ करदाताओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान करदाताओं के लिए सेवाओं में सुधार पर है।

# भारत विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर कर रहा बातचीत: सीतारमण

नई दिल्ली,एजेंसी

▸▸ **वित्त मंत्री बोलीं-एफडीआई प्रवाह हो गया है दोगुना**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के मकसद से विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 2005-14 के दौरान प्राप्त प्रवाह की तुलना में 2014-23 के दौरान दोगुना होकर 596 अरब डॉलर हो गया है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा-भारत को पहले विकसित करने की भावना के साथ हम निरंतर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अपने विदेशी भागीदारों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ब्रिटेन जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ये निवेश समझौते एक-दूसरे के देशों में निवेश को बढ़ावा देने और उसकी सुरक्षा करने में मदद करते हैं। ये समझौते महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत पहले ही ब्रिटेन की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन और ब्रिटेन की केयर्न एनर्जी पीएलसी के खिलाफ पूर्व तिथि से कर लगाने के मामले में दो अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता मामले हार चुका है।



## एक नजर

### लापता युवक का क्षत विक्षत शव बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के चंदेल जिले के सोकोम गांव में एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है। आशंका है कि शव पिछले साल मई में लापता हुए 19 वर्षीय युवक का है। पुलिस ने यह जानकारी दी। काकचिंग जिले के सुगनू के नगनगोम नेवी पिछले साल 28 मई से लापता थे और उन्हें मृत मान लिया गया था। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आने के बाद बुधवार को नगनगोम की तलाश फिर से शुरू की गई। वीडियो में संदिग्ध उग्रवादी उसका सिर धड़ से अलग करते हुए दिख रहे हैं।


### धोखाधड़ी करने में दो के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** पुलिस ने ऑप्टिकल फाइबर केबल से संबंधित सौदे में महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर के 61 वर्षीय एक कारोबारी से 4.41 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ऑप्टिकल फाइबर केबल का कारोबार करने वाले खारघर इलाके के निवासी ने आरोपियों से सामान लेने के लिए उनके साथ एक सौदा किया था। सीबीडी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि कारोबारी ने बीते वर्ष जनवरी में आरोपी के खाते में कुल 4,41,64,000 रुपये का भुगतान किया लेकिन केबल की आपूर्ति नहीं की गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर नागपुर के दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित कार्यक्रम को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने किया संबोधित

# परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही भारतीय सेना

पुणे, एजेंसी



### अग्निपथ योजना प्रबंधन के क्षेत्र में अहम कदम

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि अग्निपथ योजना मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में अहम कदम है। जनरल पांड़े ने कहा-हमारी रेजीमेंट और अन्य यूनिट में अग्निवीरों का एकीकरण एक अहम मुद्दा है और इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उनका चयन निष्पक्ष, पारदर्शी तथा भरोसेमंद स्वाचालितम प्रणाली के जरिए किए जाता है।

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय सेना एक परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही है और इसने अभियानगत तैयारियों को और मजबूत करने के लिए व्यापक रूपरेखा तैयार की है। जनरल पांडे ने महाराष्ट्र के पुणे में 'बॉम्बे सैपर्स वॉर मेमोरियल सैंटिनरी' के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सेना की रेजीमेंट और अन्य यूनिट में अग्निवीरों का एकीकरण एक अहम मुद्दा है और इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनरल पांडे ने कहा कि बॉम्बे सैपर्स का इतिहास शौर्य, बलिदान और साहस से भरा है। इसने युद्ध के मैदान में, शांतिकाल में, खेल में और कई अन्य क्षेत्रों में अपनी कार्य कुशलता, दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण के माध्यम से नाम कमाया है।

उन्होंने कहा-राष्ट्र निर्माण कार्यों में बॉम्बे सैपर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है और मुझे विश्वास है कि यह सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा और भारतीय सेना का नाम ऊंचा रखेगा।

जनरल पांडे ने कहा-भारतीय सेना परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही है और इसके लिए इसने पिछले वर्ष व्यापक रूपरेखा तैयार की है। इस बदलाव का मकसद अभियानगत तैयारियों को और मजबूत करना साथ ही हमारी कार्य संबंधी और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाना है। हमने बदलाव की राह में अच्छी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के तहत भारतीय सेना का जोर 'कोर ऑफ इंजीनियर्स' में आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी का समावेश करना है। जनरल पांडे ने कहा-मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले वर्षों में ये प्रयास पेशेवर तथा अभियानगत तैयारियां बढ़ाएंगे और हम युद्ध की चुनौतियों का सामने करने के लिए भली भांति तैयार होंगे।

## दिल्ली में दुश्मनी के चलते एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में एक पार्क के पास चार लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला, जबकि एक अन्य को बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार देर रात हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-देर रात एक बजकर 37 मिनट पर हमारे पास अस्पताल से फोन आया कि जग प्रवेश चंद्र अस्पताल के सामने डीडीए पार्क के पास दो लोग घायल हो गए हैं। इसके बाद घटनास्थल पर तुरंत पुलिसकर्मियों का एक दल भेजा गया। बताया कि दोनों घायलों मयंक चौधरी (19) और लव कुश (24) को अस्पताल ले जाया गया है। जहां मयंक की मौत हो गई।

# न्यायालय ने ओडिशा के भाजपा विधायक को गिरफ्तारी से दी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

**महिला पुलिसकर्मी से मारपीट का मामला**

उच्चतम न्यायालय ने एक महिला पुलिस अधिकारी पर रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए उससे मारपीट करने के मामले में ओडिशा के नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता जयनारायण मिश्रा को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने ओडिशा सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाता है और चार सप्ताह में जवाब की अपेक्षा की जाती है। इस दौरान याचिकाकर्ता को उपरोक्त मामले के संबंध में गिरफ्तारी से राहत दी जाती है। मिश्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक विधायक हैं और ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। उन्होंने पिछले लगभग एक साल के दौरान अपने सामान्य कर्तव्यों का पालन किया है और पिछले साल 15 फरवरी की घटना के सिलसिले में पुलिस को कभी भी उन्हें समन करने का कोई मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि उड़ीसा उच्च न्यायालय को याचिकाकर्ता के खिलाफ लगाए गए आरोपों की प्रकृति और उपलब्ध वीडियोग्राफी साक्ष्य पर गौर करते हुए उनकी अग्रिम जमानत पर विचार करना चाहिए था क्योंकि हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं थी।

# विपक्षी नेताओं को जिम्मेदार ठहराने की रची गई साजिश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **संसद की सुरक्षा चूक मामले में जयराम रमेश ने लगाया आरोप**



कांग्रेस ने संसद की सुरक्षा चूक मामले के आरोपियों द्वारा अदालत के समक्ष किए गए दावे का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि विपक्ष के नेताओं को इस मामले में जिम्मेदार ठहराने की साजिश की जा रही है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रताप सिम्हा की मदद से आरोपियों को संसद का पास मिला, लेकिन सिम्हा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। संसद की सुरक्षा में चूक मामले में गिरफ्तार किये गये छह में से पांच आरोपियों ने बुधवार को एक अदालत को बताया कि दिल्ली पुलिस उन्हें विपक्षी दलों के साथ अपने संबंध स्वीकार करने के लिए कथित तौर पर प्रताड़ित कर रही है। पांच आरोपियों ने यह दलील अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष दी। न्यायाधीश ने सभी छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक मार्च तक बढ़ा दी है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, अपने अपराध को छुपाने के लिए विपक्ष पर झूठे आरोप लगवाना ही अहंकाराचार्य' का तरीका है! ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग करके विपक्षी नेताओं को जेल में डालने वाली मोदी सरकार अब एक और साज़िश रच रही है।

## मेयर चुनाव में धांधली के खिलाफ आप करेगी विरोध प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली के खिलाफ दो फरवरी को आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करेगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। आप के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक ने गुरुवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक वीडियो संदेश साझा किया।

# 3 वकीलों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू

मुंबई, एजेंसी

**न्यायाधीश के खिलाफ मनगढ़ंत खबर प्रस्तुत करने का मामला**



बंबई उच्च न्यायालय ने एक न्यायाधीश पर आक्षेप लगाने संबंधी एक मनगढ़ंत खबर प्रस्तुत करने के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए 3 वकीलों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की है। अदालत के मुताबिक ऐसे कृत्य अदालत की गरिमा को कम करते हैं।

न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई और न्यायमूर्ति एन. आर. बोरकर की पीठ ने 29 जनवरी के अपने आदेश में कहा कि इस तरह के जानबूझकर, प्रेरित और अवमाननापूर्ण कृत्य न्याय प्रशासन को कमजोर करते हैं और इससे अदालत की गरिमा कम होती है। पीठ ने कहा कि धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार अमर मूलचंदानी की याचिका पर भीष्म पहुजा (एक वकील भी) ने अपने वकीलों जोहेब मर्चेंट और मीनल चंदनानी के माध्यम से एक अर्जी दी थी। मूलचंदानी ने अपनी याचिका में मामले को रद करने का अनुरोध किया था। आवेदन में वकीलों ने एक कथित समाचार क्लिपिंग को आधार बनाया जिसमें दावा किया गया था कि मामले की सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के मूलचंदानी के साथ अच्छे संबंध थे और इसलिए मामला रद्द कर दिया जाएगा। आवेदन में याचिका को उच्च न्यायालय की दूसरी पीठ को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था।

# आखिरी सुपर सिक्स मैच में भारत का सामना नेपाल से

## अंडर 19 विश्व कप : नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा भारत



ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करने के लक्ष्य से उतरेगी। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान और भारत दोनों के 6 अंक हैं लेकिन रन रेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली टीम अब तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं, जबकि नेपाल ने एक भी नहीं जीता है।

### भारत के आगे कहीं नहीं ठहरती नेपाल की टीम

मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाए हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाए, जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। स्वामी कुमार पांडे ने अब तक 12 विकेट ले लिए हैं। इन दोनों के अलावा कप्तान उदय सहारन, विकेटकीपर अरावल्ली अवनीश, आक्रामक हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह लगातार अच्छा नहीं खेल सके हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। नेपाल ने प्रारंभिक चरण में अफगानिस्तान को हराया था, जिसमें कप्तान देव खानाल ने 58 रन बनाए, जबकि मध्यम तेज गेंदबाज आकाश चंद ने 5 विकेट लिए थे।

**टीमें**

**भारत :** अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिंबानी और नमन तिवारी।

**नेपाल :** देव खानाल (कप्तान), अर्जुन कुमल, आकाश त्रिपाठी, दीपक प्रसाद डुमरे, दुर्गेश गुप्ता, गुलशन कुमार झा, दीपेश प्रसाद कांडेल, बिशाल बिक्रम केसी, सुभाष भंडारी, दीपक बोहारा, उत्तम रंगु थापा, बिपिन रावल, तिलक राज भंडारी, आकाश चंद।

# आईसीसी एजीएम की मेजबानी श्रीलंका को

**कोलंबो, एजेंसी।** निलंबन हटने के बाद श्रीलंका क्रिकेट जुलाई में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की मेजबानी करेगा। श्रीलंका के खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संचालन में सरकारी हस्तक्षेप के बाद निलंबित किए जाने पर श्रीलंका ने अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी भी गंवा दी थी।

फर्नांडो ने कहा कि श्रीलंका कोलंबो में 19 से 22 जुलाई तक एजीएम की मेजबानी करेगा। इससे क्रिकेट और पर्यटन के मामले में श्रीलंका को काफी बढ़ावा मिलेगा। दरअसल फर्नांडो ने दिसंबर में रणसिंघे की ओर से जारी राजपत्र को हटा दिया था जिसके बाद रविवार को निलंबन हटा दिया गया।

# इंग्लैंड ने भारत ए को 192 रन पर समेटा

**मैथ्यू पोट्स ने 6 और ब्राइडन कार्स ने 4 बल्लेबाजों को किया आउट, सिर्फ देवदत्त पडिक्कल ही टिककर खेल पाए**

अहमदाबाद, एजेंसी

मैथ्यू पोट्स और ब्राइडन कार्स की तेज गेंदबाजी जोड़ी के तूफानी प्रदर्शन से इंग्लैंड लॉयन्स ने तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारत ए को 192 रन पर ऑल आउट कर दिया। कई खिलाड़ियों के मुख्य टीम से जुड़ने के बाद भारत ए टीम कुछ कमजोर हुई है। इस चार दिवसीय मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड लॉयन्स ने एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। एलेक्स लीस (48) और ओलिवर प्राइस (20) स्टंप के समय क्रीज पर थे। इंग्लैंड लॉयन्स की टीम पहली पारी के आधार पर अब सिर्फ 94 रन पीछे है।

पोट्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 57 रन देकर 6 विकेट चटकाए। उन्होंने लगातार दूसरी बार 6 विकेट हासिल किए। वह तीन मैच में 18 विकेट चटका चुके हैं। कार्स ने पोट्स का अच्छा साथ देते हुए 52 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए दो सत्र के भीतर आउट हो गई। जवाब में सलामी बल्लेबाज लीस और कीटोन जेनिंग्स (17) ने टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। आकाशदीप ने जेनिंग्स को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। लीस और प्राइस ने दूसरे विकेट के लिए 71 रन की अटूट साझेदारी करके दिन के बाकी खेल के दौरान मेजबान टीम के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। तीन मैच की शृंखला में 1-0 से आगे है।

# बैजबॉल के खिलाफ भारत को बदलनी होगी रणनीति

## रविंद्र जडेजा और केएल राहुल चोट के कारण बाहर होने से पहले ही मुश्किल में है भारतीय टीम

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत को शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की बेखौफ बैजबॉल शैली का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा, जबकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भी चोट के कारण बाहर हैं। अपनी धरती पर काफी मजबूत भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी। रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट के कारण बाहर होने से उसका काम और मुश्किल हो गया है।



नेट पर अभ्यास करते शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल। ● एजेंसी

### 3 साल पहले भी ऐसे ही थे हालात

तीन साल पहले भी भारतीय टीम को इन्हीं हालात से दो-चार होना पड़ा था, तब चेन्नई में पहले टेस्ट में उसे इंग्लैंड ने हराया था लेकिन वापसी करके भारत ने श्रृंखला जीती थी। हालांकि जो रूट की कप्तानी वाली वह टीम अलग थी और इस बार भारत को वापसी करने के लिए इंग्लैंड की ऐसी टीम को हराना होगा, जिसने टेस्ट क्रिकेट खेलने के मानदंड ही बदल दिए हैं। हैदराबाद में पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद उसने आक्रामक खेल की अपनी बैजबॉल शैली से वापसी करके 28 रन से मैच जीता। ओली पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप की ढाल बनाकर भारतीय फिरकी को बखूबी झेला, जिससे रोहित शर्मा और उनकी टीम हैरान रह गई। पोप के आगे भारत का विख्यात स्पिन आक्रमण बौना साबित हो गया।

### अश्विन और अक्षर पटेल पर निगाहें



चोट से उबरने वक्त लगने के कारण जडेजा और शमी टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं। ऐसे में 500 टेस्ट विकेट से 4 विकेट दूर रविचंद्रन अश्विन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अक्षर पटेल को भी विकेट लेने के रनों पर अंकुश लगाना होगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि अगले मैच में उनका ध्यान होगा कि वे सही रणनीति के साथ उतरे और प्रदर्शन अधिक अनुशासित हो। पिछले मैच में हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके।

### कुलदीप, वॉशिंगटन या सौरभ का खेलना संभव



जडेजा की गैर मौजूदगी में कुलदीप यादव खेल सकते हैं या भारत जसप्रीत बुमराह के रूप में एक तेज गेंदबाज के साथ उतरता है या फिर वॉशिंगटन सुंदर के रूप में एक और स्पिनर को उतारता है। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को भी टीम में जगह दी गई है। भारतीय बल्लेबाजों को भी पहले टेस्ट में नए स्पिनर टॉम हार्टली ने परेशान किया। दूसरी पारी में सिर्फ रोहित आत्मविश्वास से भरे दिखे, जबकि शुभमन गिल समेत युवा ब्रिगेड ने निराश किया। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली की वापसी होगा जिससे गिल और श्रेयस अय्यर पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार खेल सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद आखिरकार सरफराज खान को चयनकर्ताओं ने मौका दिया है और वह पदार्पण को बेताब होंगे।

### इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका



इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका है। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन कप्तानी का नमूना पेश किया है। युवा स्पिनर हार्टली को पहली पारी में अतिरिक्त स्पैल देना उनका मास्टर स्ट्रोक रहा। इंग्लैंड के लिए चिंता का विषय अनुभवी स्पिनर जैक लीच का चोटिल होना है। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को उनकी जगह उतारा जा सकता था लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं हैं। मैकुलम ने कहा था कि पहले टेस्ट की तरह पिच टर्न लेगी तो हम चौतरफा स्पिन आक्रमण उतार सकते हैं। पहले मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड प्रभावित नहीं कर सके। लिहाजा गुस एटकिंसन, जेम्स एंडरसन या ओली रॉबिनसन को उतारा जा सकता है।

# पृथ्वी शॉ की रणजी टीम में वापसी



**कोलकाता एजेंसी।** चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ को बंगाल के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले रणजी ट्रॉफी के पांचवें दौर के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। पृथ्वी शॉ अगस्त में नॉर्थैम्प्टनशर के साथ काउंटी कार्यकाल के दौरान घुटने में चोट लगाने के पर लंदन में हुई सर्जरी के बाद से तीन महीने स्वास्थ्य लाभ पर थे। पिछले सप्ताह के आखिर में उन्हें फिटनेस परीक्षण के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने मंजूरी दे दी गई थी। 41 बार की रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई अभी ग्रुप बी के शीर्ष पर है, जहां उसने चार में से तीन मैच जीते हैं और वह नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अग्रसर है।

## खेल डायरी

### युवा ओलंपिक मेजबान की घोषणा अगले साल

**गैंगनेउंग।** आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने गुरुवार को कहा कि शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों के अगले मेजबान की घोषणा 2025 की शुरुआत में की जाएगी। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में हो रहे 2024 के शीतकालीन युवा ओलंपिक के समापन समारोह से कुछ घंटे पहले बाख ने कहा कि कोई ध्वज सौंपने का समारोह नहीं होगा क्योंकि अगले मेजबान का फैसला बाद में करेंगे। आईओसी प्रमुख ने कहा कि इस साल के अंत में या अगले साल की शुरुआत में उनकी घोषणा कर सकते हैं। इसके लिए आयोग को विभिन्न परियोजनाओं का मूल्यांकन करने और फिर निष्कर्ष निकालने के लिए थोड़ा और समय चाहिए कि 2028 के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य कौन सा होगा। गैंगवॉन में 19 जनवरी को शीतकालीन युवा ओलंपिक की शुरुआत हुई थी और गुरुवार शाम इसका समापन समारोह होगा। यह इतिहास में पहली बार है कि जब समापन समारोह में अगले मेजबान को झंडा नहीं सौंपा जाएगा।

### अवनि एशिया पेसिफिक टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर

**पटाया।** भारत की अवनि प्रशांत गुरुवार को पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन के साथ महिलाओं के एमेच्योर एशिया पेसिफिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर चल रही हैं। अवनि ने पहले दौर में छह बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। थाईलैंड की इला गेलिटस्काई और नोवापोर्न सूनत्रीयापास व चीनी ताइपे की चेन वेइ वू पांच अंडर 67 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं। अन्य भारतीयों में विधात्री उर्स (73) और सानवी सोमु (73) संयुक्त 39वें पर चल रहे हैं। पदार्पण कर रहीं कीर्तना राजीव नायर (81) और हीना कांग (81) संयुक्त 84वें, जबकि मन्नत बरार (82) 86वें स्थान पर हैं।



### मेस्सी का सामना नहीं कर सकेंगे चोटिल रोनाल्डो

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो चोट के कारण लियोनेल मेस्सी के खिलाफ बहुचर्चित नुमाइशी फुटबॉल मैच नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो के क्लब अल नासर और मेस्सी के इंटर मियामी के बीच बृहस्पतिवार को मुकाबला होना था। अल नासर के कोच लुईस कास्त्रो ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिन में फिट हो जाएगा। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेगा। मेस्सी और रोनाल्डो की प्रतिद्वंद्विता स्पेन में बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड के लिए खेलने के दिनों से चली आ रही है। दोनों मिलकर पिछले 15 में से 13 बलोन डिओर पुरस्कार जीत चुके हैं।



### घरेलू मैचों में भारतीय हॉकी टीम की कमान हरमनप्रीत को



**नई दिल्ली।** ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान होंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिए गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम का एलान किया। भुवनेश्वर में खेला जाने वाला चरण 10 से 16 फरवरी तक चलेगा, जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो-दो बार खेलेगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे। गोलकीपर का जिम्मा पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक संभालेंगे। डिफेंस में हरमनप्रीत, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, सुमित, संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह होंगे। मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम होंगे। फॉरवर्ड में ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर होंगे।

# त्रीशा-गायत्री, मंजूनाथ और अस्मिता क्वार्टर फाइनल में

**थाईलैंड मास्टर्स**

**बैंकॉक, एजेंसी।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत अपने से कम रैंकिंग वाले भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से हारकर बाहर हो गए। महिला एकल में अस्मिता चालिहा भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहीं। त्रीशा और गायत्री ने प्री क्वार्टर फाइनल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी को सीधे गेम में 21-15, 24-22 से हराया। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया कहाया प्रातिवी की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। मंजूनाथ अंतिम आठ के मुकाबले में नीदरलैंड के मार्क कालजोव से भिड़ेंगे।

पुरुष एकल में एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को चीनी ताइपे के चुन यी लिन के खिलाफ 9-21, 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अस्मिता भी चीनी ताइपे की यू पो पाइ को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।

# चेन्नई ओपन में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे सुमित नागल



**चेन्नई, एजेंसी।** सुमित नागल रविवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार पुरुष एकल में अन्य खिलाड़ी होंगे, जिन्हें मुख्य ड्रा में वाइल्डकार्ड दिया गया है। इटली के लुका नार्डी शीर्ष वरीय खिलाड़ी होंगे।

टूर्नामेंट में 14 देशों के खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं लेकिन पिछले साल के विजेता आस्ट्रेलिया के मैक्स पुर्सेल हिस्सा नहीं ले रहे हैं क्योंकि वह अन्य एटीपी प्रतियोगिता में खेल रहे हैं। युगल वर्ग में भारत के अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान शीर्ष वरीय हैं। देश में खेले जाने वाली चार चैलेंजर सीरीज में यह पहला टूर्नामेंट हैं जबकि अन्य बेंगलुरु, पुणे और दिल्ली में खेले जाएंगे। एकल मुख्य ड्रा में 32 खिलाड़ी और युगल में 16 जोड़ियां हार्ड कोर्ट पर उतरेंगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 1,33,250 डॉलर होगी।

# हादसे के बाद पैर खोने का था डर : ऋषभ पंत

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ने बयां की कार हादसे की दास्तां**

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि 13 महीने पहले हुए भयावह कार हादसे के बाद उन्हें अपना दाहिना पैर गंवाने का डर था। वह उस समय काफी डर गए थे। उनकी एसयूवी हादसे के बाद सेडान लग रही थी। उनके दाहिने घुटने की हड्डी खिसक गई थी और काफी दर्द हो रहा था। वहां आसपास कोई था जिसने घुटने को सही जगह पर पहुंचाने में मदद की।

रजत कुमार और निशु कुमार ने पंत को उनकी एसयूवी से निकाला था, जो बाद में आग की लपटों में घिर गई थी। ऋषभ पंत का शुरुआती इलाज देहरादून में हुआ, इसके बाद उन्हें मुंबई ले जाया गया। दाहिने घुटने के आपरेशन के बाद पंत ने बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन शुरू किया। वह मार्च में आईपीएल के जरिये वापसी कर सकते हैं।

### अब सभी लोग गाड़ी चलाने से कर रहे हैं मना



ऋषभ पंत ने कहा कि हर कोई उन्हें अब गाड़ी चलाने के लिए मना कर रहा है लेकिन कोई भी उनसे ज्यादा डरा नहीं है। वह अब भी गाड़ी चलाएंगे क्योंकि उन्हें चलाना पसंद है। एक हादसा हो गया तो इसका मतलब यह नहीं कि उन चीजों को दोबारा न करें। पंत ने कहा कि वह करीब एक महीने तक बिस्तर पर रहे और सामान्य चीजें करने के लिए परेशान थे। उन्होंने धीरे धीरे घूमना शुरू किया। उन्होंने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि दांत साफ करना इतना अच्छा लगेगा। जब नहाने गया तो बाथ टब से निकलना ही नहीं चाह रहा था। इन छोटी चीजों में खुशी मिली क्योंकि भाग्यशाली था कि दूसरी जिंदगी मिली। डॉक्टरों ने भी कहा कि दुर्घटना के बाद कोई फ्रेक्चर नहीं था।



# बॉलीवुड हलचल

## फाइटर में ऋतिक के साथ काम करके खुश हैं महेश शेट्टी



अभिनेता महेश शेट्टी फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम कर बेहद खुश हैं। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित एक्शन थ्रिलर फाइटर महेश ने स्क्वाड्रन लीडर राजन उन्नीनाथन की भूमिका निभाई है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर महेश ने कहा कि वायु सेना के शब्दकोष में एक विंगमैन एक पायलट होता है जो पारस्परिक सहायता प्रदान करते हुए एक उड़ान संरचना के नेता के साथ उड़ान भरता है, इसलिए उनकी बॉन्डिंग हमेशा दूसरे स्तर पर होती है। शूटिंग शुरू होने से पहले ही ऋतिक और उनके बीच अच्छी बॉन्डिंग शुरू हो गई थी। जिस तरह से उन्होंने सेट पर यारा के रूप में मेरा स्वागत किया वह बहुत स्थायी था और पूरी टीम एक बड़े परिवार की तरह थी। वह बेहद सच्चे, मधुर और मजाकिया स्वभाव के हैं। जिस तरह से उन्होंने कहानियां सुनाईं, उसने हमेशा चकित कर दिया। किसी को एक बार भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि हम काम कर रहे थे। वह एक कारण से रितिक रोशन हैं और इसका कारण केवल समर्पण और कड़ी मेहनत है।

### अर्जुन रामपाल चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड से सम्मानित



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल को चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड से सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल को सिनेमा और संस्कृति में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल ने सोशल मीडिया पर पुरस्कार समारोह की तस्वीर साझा करते हुए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के माननीय 37वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केजी बालाकृष्णन के हाथों चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड प्राप्त कर बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं। न्यायमूर्ति ज्ञानसुधा मिश्रा (पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट) का आभारी हूं कि उन्होंने इस सम्मान को और भी प्रभावी बनाया, वह समाज और फिल्म इंडस्ट्री में लगातार अपना योगदान देते रहेंगे।

## कॉकटेल 2 में साथ नजर आ सकती हैं सारा अली और अनन्या पांडे



अभिनेत्री अनन्या पांडे और सारा अली खान सोशल मीडिया पर अपनी दोस्ती के लिए अक्सर चर्चा में रहती हैं। अब रूपहले पर्दे पर भी दोनों एक साथ नजर आने वाली हैं। बॉलीवुड गलियारों में चर्चा हैं कि हाल में दोनों को एक साथ मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस के बाहर देखा गया, जिसने कॉकटेल फिल्म बनाई थी और कॉकटेल 2 बनाने जा रहा है। माना जा रहा है कि कॉकटेल 2 में ये दोनों अभिनेत्री एक साथ दिख सकती हैं। दोनों की मेकर्स से इसे लेकर बात चल रही है। हाल ही में करन जौहर के शो में भी दोनों साथ नजर आई थीं और कई बड़े खुलासे किए थे। हालांकि इस फिल्म में उनके एक साथ काम करने को लेकर कोई अधिकारिक खबर सामने नहीं आई है लेकिन इंडस्ट्री में दोनों के अगली फिल्म में साथ काम करने को लेकर चर्चा जोरों पर हैं।

### 2012 में रिलीज हुई थी सैफ अली खान की कॉकटेल

फिल्म कॉकटेल को साल 2012 में रिलीज किया गया था। इस फिल्म में सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण, डायना पेंटी समेत कई बड़े कलाकारों ने भूमिका निभाई थी। दीपिका पादुकोण और सैफ अली खान की इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

## द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज




सनोज मिश्रा निर्देशित फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की स्थिति और वहां पर हो रहे अत्याचारों को इंगित करते हुए बनाई गई है। इसके ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस कदर वहां के मुसलमानों ने धर्म परिवर्तन के नाम पर हिंदू महिलाओं के साथ जोर जबरदस्ती की और उनकी बात नहीं मानने वाली महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। वसीम रिजवी फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्माता वसीम रिजवी उर्फ जितेंद्र नारायण सिंह हैं। फिल्म के लेखक और निर्देशक सनोज मिश्र हैं। फिल्म के कलाकारों में अर्शिन मेहता, यजुर मारवाह, दीपक कंबोज, अल्फिया शेख, गरिमा कपूर, रीना भट्टाचार्य, गौरी शंकर, देव फौजदार, अनिल अंजुनिल, संजू सोलंकी, डॉ. रामेंद्र चक्रवर्ती, दीपक सूठा, जितेंद्र नारायण सिंह, जनार्दन सिंह मयूर, अनुज दीक्षित, नीत महल शामिल हैं। फिल्म के सह निर्माता क्षत्रपाल सूर्यवंशी, संजय कुमार और अर्जुन सिंह हैं। फिल्म के छायाकार सत्यपाल सिंह, संपादक रंजीत प्रसाद और संगीतकार ए आर दत्ता हैं।

### सेहत के लिए फिल्मों से ब्रेक लेंगे प्रभास



टॉलीवुड सुपरस्टार प्रभास को लेकर एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सालार की बंपर सक्सेस के बाद एक्टर इन दिनों अपनी फिल्म राजा साब को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। इस बीच खबर आ रही है कि सुपरस्टार प्रभास अपनी फिल्म की रिलीज के बाद ब्रेक लेने की तैयारी में हैं। इसकी वजह उनकी सेहत बताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि प्रभास लंबे समय से घुटने में दर्द की शिकायत से जूझ रहे हैं। वह घुटने की सर्जरी के लिए विदेश यात्रा भी कर चुके हैं। ऐसे में अब प्रभास अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान देना चाहते हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# शरद के पोते से ईडी की दूसरी बार पूछताछ

**मनी लॉन्ड्रिंग मामला**

**मुंबई, एजेंसी**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक रोहित पवार आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। उनपर सहकारी बैंक घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है। बता दें कि रोहित पवार राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते हैं।



पिछले 10 दिनों में दूसरी बार रोहित पवार ईडी के समक्ष पेश हुए हैं। 38 वर्षीय राकांपा नेता कर्जन जामखेड से विधायक है। ईडी ने उनसे आखिरी बार 24 जनवरी को पूछताछ की थी। गुरुवार को वह दक्षिणी मुंबई के बैलार्ड स्टेट स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी उनके साथ मौजूद थे। इस दौरान रमेश पवार की पत्नी प्रतिभा पवार राकांपा दफ्तर पहुंची।

रमेश पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले फिलहाल नई दिल्ली में हैं। ईडी दफ्तर के पास राकांपा कार्यालय में सैकड़ों राकांपा नेता एकत्रित हुए। ईडी के दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। बता दें कि महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक मनी लॉन्ड्रिंग मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की अगस्त 2019 की एफआईआर से प्रकाश में आया है।

इस साल पांच जनवरी को ईडी ने रोहित पवार की स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो की बारामती, पुणे और औरंगाबाद परिसर पर तलाशी ली। इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामलाः जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े घोटाला मामले में गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घंटों पूछताछ की जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इससे पहले ईडी मुख्यालय में ही अधिकारियों ने दोनों से घंटों पूछताछ की थी। माना जा रहा है कि पूछताछ में कई ऐसे खुलासे हुए हैं जिनके आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को कोर्ट में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए इनका रिमांड मांगेगी।

## 47 लाख करोड़ के मालिक इब्राहिम बने मलयेशिया के सुल्तान

**कुआलालंपुर।** मलयेशिया में जोहोर राज्य के इब्राहिम इस्कंदर देश के नए सुल्तान बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को देश के 17वें सुल्तान के रूप में शपथ ली। वह अगले पांच वर्षों तक देश के सुल्तान बने रहेंगे। बता दें कि ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद साल 1957 से ही मलयेशिया में हर पांच वर्षों में सुल्तान का चयन होता है।

बता दें कि सुल्तान इस्कंदर शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके बड़े बेटे मलयेशिया के क्राउन प्रिंस टुंकू इस्माइल भारतीय सेना में कैप्टन भी रह चुके हैं।

सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर के पास कुल 47.33 लाख करोड़ की संपत्ति है। इसके अलावा उनके पास 300 लग्जरी कारें भी हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, सुल्तान के पास उनकी एक प्राइवेट आर्मी भी है और बोइंग 737 समेत कई प्राइवेट जेट भी हैं।

# मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत

▸▸ नासा के दृढ़ता रोवर ने की खोज विज्ञानियों ने कहा- मंगल पर जीवन बसाने की उम्मीद जागी

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर के समीप प्राचीन झील की तलछट में सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य मिले हैं। नासा के दृढ़ता रोवर ने यह महत्वपूर्ण खोज की है। नासा के विज्ञानियों के अनुसार इस खोज से मंगल की धरती पर जीवन बसाने की उम्मीद को बल मिलता है। जीवन के यह निशान लाल ग्रह मंगल के 45 किलोमीटर चौड़े जेजेरो क्रेटर के अंदर पाए गए हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस गड्ढे में कभी बड़ी झील थी। रोबर ने इस झील से कई सबूत एकत्र किए हैं। जिनसे पता चलता है कि यहाँ कभी जीवन रहा होगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए) और ओस्लो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिको ने शोध कर इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि ताजा सबूतों से उम्मीद जगती है कि इस गड्ढे में सूक्ष्मजीवी जीवन रहा होगा। यदि मंगल ग्रह पर जीवन मौजूद रहा होगा तो मंगल की धरती पर भविष्य में जीवन बसाना होगा।



मंगल ग्रह की तस्वीर।

विज्ञानियों ने बताया है कि, प्राचीन मंगल ग्रह के रोगाणुओं ने हाइड्रोजन हजम कर ली और मीथेन का उत्पादन किया। उन्होंने धीरे-धीरे अपने ग्रह के गर्मी को जकड़ने वाले आवरण को खा लिया।

उन्होंने मंगल को अंततः इतना ठंडा बना दिया कि वह जीवन के रूपों को विकसित करने लायक नहीं रहा। मंगल ग्रह की सतह का तापमान 10 से 20 डिग्री सेल्सियस की एक सहनीय सीमा से गिरकर माइनस 57 सेल्सियस हो गया और जीवाणु ग्रह की भीतरी परत की तरफ भाग गए।

## दो दशक से मंगल पर जीवन बसाने की हो रही कवायद

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन व तेजी से बढ़ती मानव जनसंख्या ने वैज्ञानिकों को मानव का दूसरा घर बसाने को लेकर बाहरी ग्रह की तलाश है और मंगल एकमात्र ग्रह है, जो हमारी उम्मीद की पूर्ति कर सकता है। जिसके चलते इस ग्रह पर जीवन बसाने की कवायद की जा रही है। अमेरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा इस दिशा में सर्वाधिक सक्रिय है और अभी तक कई मिशन भेज चुका है। इस दिशा में भारत भी पीछे नही है। 2013 में इसरो ने मार्स ऑर्बिटर भेजा था। इसरो का उद्देश्य मंगल के वारावरण में जीवन की संभावना तलाश करना था। जिसमें वह सफल रहा।

## एक नजर

### मैक्सिकोः बुल फाइटिंग पर सुप्रीम कोर्ट की रोक हटते ही उमड़ा हुजूम

**मैक्सिको सिटी।** करीब डेढ़ साल के इंतजार के बाद मैक्सिको में एक बार फिर से बुल फाइटिंग की भव्य वापसी हुई है। प्लाजा मैक्सिको एरीना में हुई बुल फाइटिंग को देखने के लिए सैंकड़ों लोग पहुंचे। दरअसल, मैक्सिको सिटी के पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने इस खेल में पशुओं से बर्बरता का हवाला देते हुए स्थानीय कोर्ट में अपील की थी। जिस पर मई 2022 में लोकल कोर्ट ने बुल फाइटिंग पर रोक लगा दी। बुल फाइटिंग के समर्थकों की डेढ़ साल की कानूनी लड़ाई के बाद मैक्सिको के हाईएस्ट कोर्ट (सुप्रीम कोर्ट) ने लोकल कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। हालांकि, 300 से ज्यादा पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल के बाहर प्रदर्शन किया।



### अमेरिकी वैज्ञानिकों ने पक्षी जैसे उड़ने वाले रोबोट बनाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका की यूनिवर्सिटी 'न्यू मेक्सिको टेक' के वैज्ञानिकों ने पक्षियों से प्रेरित होकर उड़ने वाले रोबोट बनाए हैं, जिन्हें 'टेक्नो-टैक्सीडमर्मी मॉडल' कहा जाता है। हालांकि, अभी तक ये रोबोट असली पक्षियों की तरह उतने अच्छे से उड़ नहीं पाते हैं। वे हवा में तैर सकते हैं। थोड़ा ऊंचा उड़ सकते हैं और गर्म हवा के प्रभाव में आने पर थोड़ा ऊपर जा सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इनका इस्तेमाल जासूसी ड्रोन की तरह किया जा सकता है। लेकिन असल में इनका उद्देश्य 'वन्यजीवों की निगरानी के लिए प्रकृति-प्रेमी ड्रोन' बनाना है। पुराने ड्रोन शोर और अनजान होने के कारण वन्यजीवों को परेशान करते हैं। इसलिए वैज्ञानिक ऐसे ही चुपचाप उड़ने वाले और प्राकृतिक दिखने वाले ड्रोन बना रहे हैं, ताकि जंगली जानवरों की निगरानी और उनके बारे में जानकारी आसानी से मिल सके।

### कनाडाः गिरफ्तार तीन भारतवंशी अमेरिका प्रत्यर्पित होंगे

**टोरंटो।** कनाडा में गिरफ्तार तीन भारतवंशियों को मेक्सिको और उत्तरी अमेरिकी देशों के बीच ड्रग्स की तस्करी करने वाले नेटवर्क से कथित संबंधों के लिए अमेरिका में प्रत्यर्पित किया जाएगा। एफबीआइ और रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के बीच संयुक्त अभियान ने संगठित अपराध गिरोह में कथित भूमिका के लिए 19 लोगों को आरोपित किया है। आरसीएमपी ने मंगलवार को कहा कि ब्रैम्पटन से 25 वर्षीय आयुष शर्मा और 60 वर्षीय गुरअमृत सिद्धू और कैलगरी से 29 वर्षीय सुभम कुमार को अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक अन्य मामले में पुलिस ने कहा कि एक 29 वर्षीय भारतवंशी ड्राइवर को ट्रक से 406 किलो मेथामफेटामाइन मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया है। विनिपेग के कोमलप्रीत सिद्धू को मैनिटोबा रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने 14 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

इजराइल का दावाः गाजा में यूएन की राहत टीम से जुड़ी बोरियों से हथियारों का जखीरा बरामद

# जब्त हथियारों को आईडीएफ ने किया नष्ट

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइली सेना लगातार गाजा पर बमबारी कर रही है। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के हथियारों के भूमिगत ठिकाने को इजराइली सेना ने तबाह कर दिया है। गौरतलब है कि यह हथियार संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी से जुड़ी बोरियों में छिपाए गए थे। आईडीएफ ने मामले में जुड़े बयान में कहा कि बोरियों के अंदर रॉकेट, टैंकरोधी मिसाइलें, खदानें और विस्फोटक सामग्रियों को छिपाया गया था। इजराइली सेना ने द्वारा किया कि रॉक्टे निर्माण के लिए इस्तेमाल सामग्रियों को नष्ट कर दिया है। साथ ही इजराइली सेना ने आरपीजी मिसाइलों के लिए डिजाइन किए हथियार, कारतूस, स्प्रे चार्ज, ग्रेनेड समेत कई विस्फोटक सामग्रियों को जब्त किया गया है।

इजराइल ने कहा कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले में यूएनआरडब्ल्यूए के कर्मचारी भी शामिल थे। इस खुलासे के बाद इजराइल ने मांग की है कि यूएनआरडब्ल्यूए गाजा में उसके अधिकार से हटा दिया जाए। इसके बाद अमेरिका, यूरोपीय संघ और 16 अन्य देशों ने एजेंसी के लिए फंडिंग निलंबित कर दी है। इस्राइल ने 12 कर्मचारियों को उनकी भागीदारी के लिए दोषी ठहराते हुए खुफिया जानकारी दी है। जिसमें दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के वाहनों और कई सामग्रियों का आंतकी गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में भी दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के 10 आतंकी फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद से संबंध रखते हैं। यूएन वॉच और इम्पैक्ट-एसई द्वारा जारी रिपोर्ट में यूएनआरडब्ल्यूए कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया पर हमलों के लिए समर्थन व्यक्त करने का दस्तावेजीकरण किया गया है। गौरतलब है कि इस्राइली सैनिकों को यूएनआरडब्ल्यूए राहत आपूर्ति के बीच छिपी हुई मिसाइलें मिली थी, जबकि एजेंसी की बोरियों का इस्तेमाल विस्फोटक सामग्री के लिए किया जा रहा था।

## 24 घंटे में 150 फिलिस्तीनी समेत 15 आंतकियों को मार गिराया

इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। युद्ध के कारण अब तक दोनों पक्षों के करीब 26 हजार लोगों की मौत हो गई। इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में इजराइल ने गाजा में भयंकर गोलीबारी की। इजराइली हमले में पिछले 24 घंट में 150 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 313 लोग अतिरिक्त घायल हैं। इजरायली सेना क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में भी आतंकियों से लड़ाई जारी रखे हुए है।



गाजा पट्टी के लिए मानवीय सहायता ले जाने वाले वाहनों का रास्ता रोकने के लिए खड़े इजराइली नागरिक।

इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि उन्होंने एक दिन पहले उत्तरी गाजा में 15 से अधिक हमास आतंकवादियों को मार गिराया। इसी के साथ हमने स्कूल में एक आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। नेतन्याहू शुक्रवार को कहा था कि हम अपने लोगों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे लोगों और देश की सुरक्षा के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे हम उठाएंगे। हर देश की तरह इजराइल को भी अपनी अखंडता की रक्षा करने का बुनियादी अधिकार है। इजराइल फिलिस्तीनियों के खिलाप नरसंहार कर रहा है, यह दावा सरासर गलत है। यह अपमानजनक है। हमास ने कहा कि ये यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। हमास ने कहा कि इजराइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंक इसे अपवित्र किया था।

## 3 को नौसेना में शामिल होगा संधायक पोत मजबूत होगी निगरानी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नए पोत 'आईएनएस संधायक' का तीन फरवरी को जलावतरण समारोह होगा। इसके लिए विशाखापत्तनम में पूरी तैयारी की गई है। नौसेना ने सर्वेक्षण पोत को तिरंगे धव्ज, फूल-मालाओं से सजाया हुआ है।

यह पोत रणनीतिक जलमार्ग में नौसेना के निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा। समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और नौसेना के पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमाडिंग-इन-चीफ राजेश पेंढारकर शामिल होंगे। इसके अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह समारोह देश के सबसे बड़े सर्वेक्षण पोत को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल करने का प्रतीक होगा। उन्होंने बताया कि कोलकाता के मैसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में चार बड़े सर्वेक्षण पोत निर्माणाधीन हैं। यह उनमें पहला है। आईएनएस संधायक का बंदरगाह और समुद्र दोनों में परीक्षण किया गया था। इसके बाद चार दिसंबर को इसे नौसेना को सौंप दिया गया था।

# संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे म्यांमार: रणधीर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर व्यक्त की चिंता



म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर विदेश मंत्रालय भारत-म्यांमार में बिगड़ती स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, म्यांमार की स्थिति का पड़ोसी देश और म्यांमार के मित्र के रूप में हम पर सीधा प्रभाव पड़ता है। भारत तत्काल हिंसा बंद होने की वकालत करता रहा है। उन्होंने कहा कि म्यांमार एक समावेशी और संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे, भारत यही चाहता है।

प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस वार्ता में म्यांमार तख्ता पलट के अलावा भारत-अमेरिका ड्रोन सौदा, चीनी सैनिक- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और भारतीय मवेशी पालक का आमना-सामना होने जैसे मुद्दों पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने मालदीव के साथ भारत के रिश्तों की तल्खी पर भी टिप्पणी की।

भारत और चीन के रिश्तों से जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय ने कहा, भारतीय चरवाहों और चीन के सैनिकों- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की भिड़ंत वाली वीडियो से जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने ऐसा एक वीडियो देखा है। संबंधित एजेंसियां ही इसका जवाब दे सकेंगी... दोनों देशों के लोग अपने चारागाह क्षेत्रों के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। हमारे पास ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र भी है।

बता दें कि, भारत और अमेरिका ने 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन का सौदा किया है। इसे आमतौर पर एमक्यू-9बी प्रीडेटर यूएवी-ड्रोन के रूप में भी जाना जाता है। यह सौदा 3.072 बिलियन अमेरिकी डॉलर (मौजूदा करेंसी एक्सचेंज के हिसाब से 25,200 करोड़ रुपये) का है। गौरतलब है कि फ्रांस के साथ हुई राफेल लड़ाकू विमान की डील की ही तरह अब भारत और अमेरिका के बीच प्रीडेटर ड्रोन का सौदा, सवालों के घेरे में आ गया है।

## मालदीव: महाभियोजक पर हमले के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**माले, एजेंसी।** मालदीव के महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार को किए गए हमले के आरोप में गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ था। बता दें, महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार सुबह मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने हथौड़े से हमला किया। मीडिया के मुताबिक, पुलिस आयुक्त अली शुजाउ ने कहा कि हमले के दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन पुलिस ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। शुजाउ ने कहा, पूछताछ में पता चला कि हमला पूर्व-नियोजित था। उन्होंने कहा आरोपियों की पहचान कर ली गई। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) ने शमीम की सुरक्षा कड़ी कर दी है।



**यातायात बाधित...**



**बनिहाल/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रामबन इलाके में बारिश होने के कारण भूस्खलन हुआ, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। रामबन के किश्तवारी पत्थर इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया, जिससे मार्ग पर 200 से अधिक गाड़ियां फंसी रहीं। वहीं, कई जिलों में बर्फबारी भी हुई। भूस्खलन जिले के शेरबीबी इलाके में हुआ, जहां भारी बारिश भी हुई है। ● एजेंसी

# इमरान के पार्टी दफ्तर पर छापेमारी पुलिस ने आरोपों से किया इनकार

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

▸▸ पीटीआई ने कहा साधारण कपड़े में पहुंची पुलिस, पार्टी सदस्यों को कार्यालय में घुसने से रोका



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनकी पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उनके दफ्तरों में छापेमारी की। गुरुवार को साधारण कपड़े पहनकर पहुंची पुलिस ने सदस्य को परिसर में घुसने से रोक दिया।

पार्टी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के एक मामले में 14-14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई जाने के एक दिन बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। बुधवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की एक आम सभा से पहले अचानक साधारण कपड़ों में पुलिस बल पहुंचा। हालांकि पीटीआई ने ऑनलाइन सभाओं को आयोजित किया है। साथ ही कहा कि पार्टी के भीतर संगठनात्मक चुनाव कराने का भी फैसला लिया है। बता दें इमरान की पार्टी को आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि, पुलिस ने आरोपों से पलड़ा झाड़ते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना छापेमारी नहीं की जा सकती है। बुधवार को कोई भी ऐसा आदेश जारी नहीं किया गया था। पुलिस ने कहा- आरोप निराधार है।

## 87 साल पहले लापता विमान प्रशांत महासागर में मिला

**न्यूयॉर्क।** 1932 में गायब हुआ विमान प्रशांत महासागर में खोजा गया है। इसके मिलने का दावा अमेरिकी वायु सेना के पुर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर ने किया है। दरअसल 1932 में अमेरिकी पायलट अमेलिया इयरहार्ट विमान से पूरी दुनिया का चक्कर लगाने निकली थीं।

अगर वह सफल होती तो ये काम करने वाली दुनिया की वे पहली महिला पायलट होतीं। हालांकि ऐसा होने से पहले ही उनका प्लेन गायब हो गया। गायब होने के 6 साल बाद तक इसकी खोजबीन भी हुई, लेकिन कुछ सुराग न मिल पाने के कारण जांच आगे न बढ़ पाई और अंत में बंद कर दी गई। डीप सी ड्रोन की मदद से पूर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर टोनी रोमियो ने इसे खोजा है। ड्रोन ने जो तस्वीर ली है वो अमेलिया के विमान से मिलता है। आगे की जांच के बाद आकिरिक पुष्टि की जाएगी।

**अरब देश में मंदिर** मंदिर में राम-सीता, शिव-पार्वती समेत विराजेंगे सात देवी-देवता, 6 साल में पूरा हो रहा मंदिर, 700 करोड़ आई लागत

# सद्भाव-अस्तित्व की नीति की मिसाल बीएपीएस मंदिर

**अबू धाबी, एजेंसी**

अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह- अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा।



हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। इसके आधे हिस्से में पार्किंग है। इसकी आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। मंदिर के प्रांगण में एक वॉल ऑफ हार्मनी का भी निर्माण किया गया है। मंदिर की दीवारों पर अरबी क्षेत्र, चीनी, एज्टेक और मेसोपोटामिया से 14 कहानियां होंगी, जो सभी संस्कृतियों में जुड़ाव दिखाते हैं। बीएपीएस स्वामीरायण संस्था के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख बहाविहारी स्वामी ने बताया कि यह अरब देश में पहला विचार आधारित बीएपीएस होगा। 1997 में गुरु प्रमुख स्वामी महाराज जब यहां आए थे, तो उन्होंने एक सपना देखा था कि यहां हिंदू मंदिर बने। आज 27 साल बाद यह सपना साकार हो रहा है। मंदिर के गेट पर रेत के टोले की रचना की गई है, जिसे सातों अमीरात से रेत लाकर बनाया गया है। आगे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है जिसमें मुख्य प्रवेश द्वार से पहले सीढ़ियों के दोनों तरफ गंगा और यमुना का प्रवाह रहेगा और सरस्वती नदी की कल्पना एक लाइट से की गई है। गंगा के साथ 96 घंटों को स्थापित किया गया है, जो 96 साल की तपस्या दशांति हैं। मंदिर को मार्ग पर ठंडी रहने वाली नैनो टाइल्स लगाई गई हैं।

वहीं, मंदिर के दाई ओर गंगा घाट है, जिसमें गंगा जल की व्यवस्था होगी। 7 एमिरेट्स को दर्शाने वाले 7 शिखरः मंदिर में सात शिखर हैं, जो यूएई के सात एमिरेट्स को दशति है। मंदिर में सात देवी-देवता विराजेंगे, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

## सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक : परियोजना प्रमुख बहाविहारी

अबू धाबी में सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बीएपीएस हिंदू मंदिर परियोजना के प्रमुख स्वामी बहाविहारी ने कहा है कि, मंदिर को अंतरधार्मिक और अंतरसांस्कृतिक सद्भाव के उत्प्रेरक के रूप में मान्यता देते हुए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह हिंदुओं के लिए पूजा स्थल है। बीएपीएस हिंदू मंदिर का मूल विचार इस धरती पर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक सद्भाव के लिए एक आध्यात्मिक नखलिस्तान है।

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 21 बलूच विद्रोहियों को उतारा मौत के घाट

**कराची।** पाकिस्तान सुरक्षा बल की ओर से की गई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह कार्रवाई को बलूच विद्रोहियों की ओर से माच टाउन और कोलपुर इलाके में किए गए हमले के जवाब में की गई।

एक अधिकारी ने बताया कि इन दोनों स्थानों पर हुई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के इस आपरेशन के दौरान चार सुरक्षा बल के जवान और दो आम नागरिक भी मारे गए। सेना की मीडिया वर्ग की ओर से अब तक आधिकारिक रूप से 12 विद्रोहियों के मारे जाने की सूचना दी गई है, लेकिन एक अधिकारी ने कहा है कि मारे जाने वाले 21 विद्रोही बलूच लिबरेशन आर्मी मुजाहिद ब्रिगेड के सदस्य थे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा बलों के मारे जाने की संख्या भी बढ़ सकती है।

# पाकिस्तानः टीटीपी में शामिल हो रहे अलकायदा के आतंकी

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

▸▸ निगरानी टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी रिपोर्ट से किया खुलासा



प्रतिबंधित टीटीपी समूह को पाकिस्तान में हमलों को अंजाम देने के लिए अलकायदा और अन्य आंतकी गुटों से समर्थन मिल रहा है। पाकिस्ताान के एक प्रमुख अखबार ने संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के हवाले से यह बात कही। अखबार ने बताया कि आईएसआईएल और अलकायदा/ तालिबान की निगरानी करने वाली एक टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की समिति को 33वीं रिपोर्ट सौंपी।

इस रिपोर्ट में यह जानकारी निकलकर सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान तालिबान के अलावा, अलकायदा व अन्य आंतकवादी गुटों से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को हथियारों और उपकरणों का समर्थन मिल रहा है। यही नहीं, इन संगठनों के आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी अभियानों में टीटीपी को ऑन-ग्राउंड समर्थन दे रहे हैं। पाकिस्तान मानता है कि देश के भीतर बड़े आतंकवादी हमलों के लिए टीटीपी जिम्मेदार है। इसको लेकर वह कई बार अफगान तालिबान से अनुरोध कर चुका है कि वह टीटीपी पर लगाम लगाए। लेकिन, टीटीपी ने हमलों को और तेज कर दिया। इस पर पाकिस्तान कई बार अपनी नाराजगी जता चुका है। इसके कारण दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं।